धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, मंगलवार

11.03.2025

* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, द्वादशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 238



12 मंदी की संभावना से इनकार नहीं

**रोजा का समय**

**सेहरी** (12.03.2025): 04.39 बजे

**इफ्तार** (12.03.2025): 05.58 बजे

Sreeleathers

66 K-ROAD, BISTUPUR

# भाजपा ने शिक्षकों से बेचवाया दारू : रामदास सोरेन

## शिक्षा मंत्री के बयान पर भड़का विपक्ष, सदन से किया वॉक आउट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र के दसवें दिन स्कूली और उच्च शिक्षा विभाग के बजट पर अपनी बात रखते हुए शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने विपक्ष को निशाने पर रखा। उन्होंने कहा कि शिक्षक की बहाली नहीं होना, स्कूल बंद करना, शिक्षकों और छात्रों का नहीं होना ये पूर्ण रूप से भाजपा के कार्यकलाप की देन है। उन्होंने कहा कि भाजपा की मानसिकता आदिवासी-मूलवासी, अल्पसंख्यक और पिछड़ी विरोधी है। राज्य को लूट का केंद्र बनाकर रखा गया था। मास्टर से दारू बिचवाने का काम किया गया। शिक्षा मंत्री के इस बयान पर भाजपा विधायक नवीन जायसवाल ने आपत्ति जतायी। इसके बाद भाजपा विधायकों ने सदन से वॉक आउट किया। शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने पूर्व शिक्षा मंत्री नीरा यादव के आंकडों पर जवाब देते हुए कहा कि उन्होंने जो आंकड़ा बताया, वह भाजपा शासन काल के हैं। भाजपा ने 7500 स्कूलों को बंद करवाने का काम किया।

**पढ़ाई पर सरकार का विशेष ध्यान :** शिक्षा मंत्री ने कहा कि आज राज्य में सीबीएसइ पैटर्न पर स्कूल चल रहे हैं। जनजातीय क्षेत्रीय भाषा के अनुरूप शिक्षकों की बहाली होगी। जमशेदपुर में ट्राइबल यूनिवर्सिटी बन रहा है। इसमें शोध का विभाग भी खुलेगा। उन्होंने कहा कि अगले पांच साल में राज्य की शिक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त हो जायेगी। रोजगार भी मिलेगा और पलायन भी रूकेगा। अभी राज्य सरकार ने स्कूलों में शिक्षकों के बीच टैब वितरण किया है। सारी व्यवस्था ऑनलाइन होगी। शिक्षकों को एक साल में 50 घंटे की ट्रेनिंग भी दी जायेगी। इसके बाद स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग का अनुदान मांग पारित किया गया।

## बजट सत्र : हंगामे की भेंट चढ़ा प्रश्नकाल

- विपक्ष ने विधि-व्यवस्था पर उठाया सवाल, किया जोरदार हंगामा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





**रांची।** विधानसभा बजट सत्र के 10वें दिन सदन की कार्यवाही शुरू होते ही नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने लॉ एंड ऑर्डर मुद्दे पर चर्चा करने की मांग की। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता जैसे इस सरकार के कारण झारखंड में अपराधियों की हिम्मत बढ़ गयी है। राज्य में लगातार हत्याएं हो रही हैं, पर सरकार इसपर अंकुश नहीं लगा पा रही है। उन्होंने कहा, इस मसले पर कार्य स्थगन लाकर विशेष चर्चा करने की जरूरत है। इसके बाद भाजपा विधायक वेल में चले गये और सरकार विरोधी नारे लगाने लगे। स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने विधायकों को शांति बनाये रखने की अपील की। इसके बावजूद विधायक वेल में हंगामा करते रहे। इसके बाद स्पीकर ने सदन की कार्यवाही 12 बजे तक के लिये स्थगित कर दी।

### बेशर्म हैं डीजीपी : सीपी सिंह

दोबारा सदन की कार्यवाही जैसे ही शुरू हुई भाजपा के वरिष्ठ विधायक सीपी सिंह ने डीजीपी पर निशाना साधा। शून्यकाल की कार्यवाही शुरू होते ही उन्होंने सूचना के तहत विधि व्यवस्था का मामला उठाया। सीपी सिंह ने कहा कि आज राज्य में आमलोगों का जीना दूभर हो गया है। सरकार के कानों पर जू तक नहीं रेंग रही है। यहां का डीजीपी इतना बेशर्म है कि कहता है कि जो भी घटनाएं हो रही है उसकी प्लानिंग जेल से हो रही है। उन्होंने कहा कि क्या जेल झारखंड से बाहर है? अगर प्लानिंग जेल से हो रही है तो फिर खुलासा क्यों नहीं किया जा रहा है? रिमांड पर लेकर पूछताछ करनी चाहिए। किसी का जीवन सुरक्षित नहीं, चाहे विधायक हों, मंत्री हों या फिर जनता।

## न्यूज डायरी

### सदन में नये सदस्यों को स्पीकर ने चेताया

**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र की दूसरी पाली में सोमवार को स्पीकर रवींद्र नाथ महतो एक्शन में दिखे। जब कल्पना सोरेन शिक्षा पर अपनी बात रख रहीं थी तो नीरा यादव ने स्पीकर से अपनी बात रखने की इजाजत मांगी। इस पर स्पीकर ने कहा कि कहा दिस इज नॉट कन्वर्जन, जस्ट लिसन। इसके बाद स्पीकर ने खास कर नवनिर्वाचित विधायकों को हिदायत दी कि सदन में वाद-विवाद के समय लिखित भाषण या बयान पढ़ने की परंपरा नहीं है। आप सिर्फ इसका सपोर्ट ले सकते हैं।

### एयर इंडिया के बेड़े में 100वां विमान शामिल

**बेंगलुरु।** विमानन क्षेत्र की कंपनी एयर इंडिया की पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई एयर इंडिया एक्सप्रेस ने महत्वाकांक्षी विस्तार के तहत एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल करते हुए अपने बेड़े में 100वां विमान बोइंग 737-8, शामिल किया है। इसमे कर्नाटक की पारंपरिक भित्ति चित्रकला से प्रेरित 'चित्तारा' टेल आर्ट है।

### बम की धमकी से लौटा एयर इंडिया का विमान

**मुंबई।** मुंबई से न्यूयॉर्क जाने वाले एयर इंडिया के विमान (एआई119) को सोमवार को बम की धमकी के बाद बीच उड़ान से ही वापस लौटना पड़ा। एयर इंडिया के बयान के अनुसार, उड़ान भरने के आठ घंटे बाद विमान के शौचालय में विस्फोट की धमकी भरा नोट मिला। बोइंग 777 विमान, जिसमें 303 यात्री और 19 चालक दल के सदस्य सवार थे, अजरबैजान के ऊपर उड़ रहा था। उसी दौरान, विमान ने अपना रास्ता बदला और मुंबई लौट आया।

### हादसा : मुंडन कराने जा रहा सात की मौत

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के सीधी जिले में मुंडन करने जा रहे परिवार के वाहन और ट्रक की आमने-सामने से टक्कर हो गयी। इस हादसे में सात लोगों की मौत हो गयी। 14 लोग घायल हुए हैं। इनमें से सात की हालत गंभीर है। बोलेरो में 21 लोग सवार थे। यह वाहन उपनी गांव के करीब पेट्रोल पंप के पास से गुजर रहा था तभी सामने से आ रहे ट्रक से टक्कर हो गयी।

### होली पर चार दिन बंद रहेगा सचिवालय

**रांची।** झारखंड सरकार के सचिवालय में होली की छुट्टी चार दिनों की होगी। कार्मिक विभाग ने होली को लेकर 13-14 मार्च को सरकारी छुट्टी घोषित की है। 15 शनिवार और 16 रविवार होने की वजह से लगातार चार दिनों की छुट्टी का आनंद कर्मी उठा सकेंगे। इस तरह सरकारी बैंक में भी 13-14 मार्च को छुट्टी दी गयी है।

# जेल में बंद अपराधी गिरोह करवा रहा है हिंसा : डीजीपी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य में गिरती विधि व्यवस्था के बीच डीजीपी अनुराग गुप्ता का बड़ा बयान आया है। विधानसभा परिसर में मीडियाकर्मियों से बातचीत में डीजीपी ने कहा कि राज्य में जो भी बड़ी घटना होती है, वह जेल में बंद अमन साहू, अमन श्रीवास्तव और विकास तिवारी गिरोह के द्वारा करायी जाती है। इसके लिए विदेशी नंबरों का इस्तेमाल कर व्हाट्सएप से धमकी दी जाती है और उसके बाद घटना को अंजाम दिया जाता है।

**उम्मीद है जल्द पकड़े जायेंगे :** साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि उम्मीद है जल्द ही अपराधियों को पकड़ने में हम सफल होंगे और पूरे मामले का खुलासा करेंगे। उन्होंने कहा कि जेल में चल रही आपराधिक गतिविधि की रोकथाम के लिए कई कैदियों को एक जेल से दूसरे जेल में ट्रांसफर किया जा रहा है। जेल में होने वाली आपराधिक गतिविधियों पर रोकथाम करने में हम जल्द ही सफल होंगे।

## डीजीपी ने माना- तीन बड़े आपराधिक गिरोह इसमें शामिल

### जेलों में चल रही है व्यापक छापामारी

डीजीपी ने कहा कि जेल से संचालित होने वाली घटना को रोकथाम के लिए गठित एटीएस को भारतीय दंड संहिता की धारा 111 के तहत ऐसे संगठित गिरोह पर कार्रवाई करने का अधिकार है। इसी के तहत रविवार को अमन साहू गिरोह के 30 लोगों पर मामला दर्ज किया गया है और जेलों में छापेमारी की जा रही है। सिमडेगा के बाद सोमवार को हजारीबाग जेल में छापेमारी की गयी है।

### डीजीएम हत्या की गुत्थी शीघ्र सुलझाने का दावा



डीजीपी ने कहा कि हजारीबाग एनटीपीसी डीजीएम गौरव कुमार की हत्या की गुत्थी सुलझाने में पुलिस जुटी हुई है। जल्द ही इस मामले में पुलिस अपराधी तक पहुंच जायेगी। उन्होंने कहा कि इस हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस ने एसआईटी का गठन किया है और जगह-जगह छापेमारी की जा रही है। डीजीपी ने कहा कि यह हत्या क्यों हुई है, यह अभी तक साफ नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि रांची में हुई फायरिंग की घटना का उद्भेदन जल्द ही पुलिस के द्वारा कर लिया जायेगा। इस मामले में सभी अपराधियों को चिन्हित किया जा चुका है। जल्द ही दो से तीन दिनों के अंदर सभी अपराधियों को गिरफ्तार किया जायेगा।

# पटाखा दुकान में आग, दो भाइयों समेत पांच की मौत

- गढ़वा के रंका में पटाखा टेस्टिंग से भड़की चिंगारी से लगी आग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रंका/ रांची।** गढ़वा जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर दूर गढ़वा-छत्तीसगढ़ की सीमा पर स्थित रंका थाना क्षेत्र के गोदरमाना बाजार में पटाखे की एक दुकान में सोमवार को लगी भीषण आग से पांच की मौत हो गयी। इनमें दो सगे भाई भी हैं। आग इतनी तेज फैली कि किसी को संभलने का मौका नहीं मिल सका। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में अफरा तफरी का माहौल हो गया। बताया जाता है कि पटाखे की टेस्टिंग के दौरान यह हादसा हुआ। इस घटना से गोदरमाना में होली का रंग फीका पड़ गया। इस हृदयविदारक हादसे पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने गहरा दुख जताया है। इस हादसे की जांच के आदेश दिये गये हैं। दरअसल, गोदरमाना बाजार में होली पर्व को लेकर एक पटाखे की दुकान सजायी गयी थी। अचानक आग लगने से चारों तरफ बम पटाखे की आवाज गूंजने लगी।

(शेष पेज 11 पर)



अस्पताल में मामले की जानकारी लेने पहुंची पुलिस।

**मृतकों के नाम :** दुकानदार कुश गुप्ता, विनोद केशरी के पुत्र अमित केशरी (32), विकास केशरी के दो पुत्र श्रेयांश (9) और प्रियांशु (7) तथा सुशीला केरकेट्टा (14)।

**घटना हृदयविदारक : राज्यपाल**- राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने इस हादसे को हृदयविदारक बताया। इसमें कई लोगों की मौत का समाचार अत्यंत दुखद है। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

**सीएम ने जताया दुख, जांच का निर्देश**- सीएम हेमंत सोरेन ने पटाखा दुकान में आग लगने से 5 लोगों की मौत पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। सीएम ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है। उन्होंने जिला प्रशासन को मामले की जांच का निर्देश भी दिया है।

# पूर्व सीएम बघेल, पुत्र के यहां इडी रेड, कई दस्तावेज मिले

### छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में बड़ी कार्रवाई

**एजेंसी**

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में वहां के पूर्व सीएम भूपेश बघेल और उनके बेटे चैतन्य बघेल के ठिकानों सोमवार को इडी ने छापामारी की। इडी की टीम दुर्ग स्थिति उनके निवास पर करीब 7 घंटों से अधिक समय तक ईडी अधिकारी जांच-पड़ताल करते रहे। चैतन्य बघेल के करीबी लक्ष्मी नारायण बंसल उर्फ पप्पू बंसल और कुछ अन्य के ठिकानों में भी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत तलाशी ली जा रही है।

जानकारी के अनुसार भूपेश बघेल के घर से ईडी की टीम ने कार्रवाई के दौरान कई अहम दस्तावेज जब्त किये हैं। सिम कार्ड समेत 6 मोबाइल फोन बरामद किया गया है। बातचीत की डिटेल खंगाल रही एजेंसी। वहीं, दूसरी तरफ बड़ी मात्रा में कैश मिलने की संभावना जतायी गयी है। बैंक के अधिकारी को नोट गिनने की मशीन लेकर पूर्व सीएम के आवास पर बुलाया गया है।

### पूछताछ कर रही है ईडी की टीम

पिछले 7 घंटों से भूपेश बघेल और उनके बेटे चैतन्य बघेल से पूछताछ हो रही है। कार्रवाई के बाद बड़ी संख्या में कांग्रेस विधायक भूपेश बघेल के निवास पर पहुंच गए हैं। भूपेश बघेल के निवास के बाहर कांग्रेस विधायक और दिग्गज नेता ईडी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। कांग्रेस कार्यकताओं ने पीएम मोदी का पुतला जलाया है। ईडी की कार्रवाई को लेकर कांग्रेस विधायकों ने छत्तीसगढ़ विधानसभा में हंगामा किया है। सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सदन में आसन के समक्ष आने के बाद कांग्रेस विधायकों को निलंबित कर दिया गया। विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह ने प्रश्नकाल के महत्व का हवाला देते हुए विपक्षी सदस्यों से शून्यकाल में अपने मुद्दे उठाने को कहा, लेकिन कांग्रेस सदस्य नारेबाजी करते रहे।

## एनटीपीसी के अफसरों ने कुमार गौरव को दी श्रद्धांजलि

# एनटीपी से पावर प्लांटों को कोयले की आपूर्ति बंद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची, हजारीबाग।** एनटीपीसी के डीजीएम कुमार गौरव की हत्या से पदाधिकारियों में दहशत का माहौल है। वे अपने कार्यक्षेत्र में नहीं जा रहे हैं। इस कारण कोयला डिस्पैच भी 48 घंटे से बंद पड़ा है। डिस्पैच बंद होने से कोयला परिचालन में भारी समस्या भी झेलनी पड़ रही है। एनटीपीसी से देश के 32 पावर प्लांटों को कोयले की आपूर्ति कई दिनों से बंद है। एनटीपीसी अधिकारी की हत्या के बाद स्थिति का जायजा लेने कंपनी के निदेशक शिवम श्रीवास्तव हजारीबाग स्थित कंपनी के कार्यालय पहुंचकर समीक्ष में जुट गये हैं। आठ मार्च हजारीबाग जिले के फतहा चौक के पास अपराधियों ने कुमार गौरव की गोली मारकर हत्या कर दी थी। तभी से एनटीपीसी का उत्पादन और ट्रांसपोर्टेशन पूरी तरह से बंद हो चुका है।

**राजस्व की भारी क्षति :** उत्पादन बंद होने से राज्य सरकार को रॉयल्टी मद में प्रतिदिन सात करोड़ रुपये की दर से नुकसान हो रहा है। शनिवार से कोयले का उत्पादन बंद होने से सोमवार तक राज्य सरकार को रॉयल्टी मद में 21 करोड़ रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। पावर प्लांटों को कोयले की आपूर्ति नहीं हो पा रही है।

### सीबीआइ जांच की मांग

इस बीच सोमवार को जुलू पार्क स्थित एनटीपीसी के दफ्तर में पदाधिकारियों ने अपने सहकर्मी कुमार गौरव को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है। एनटीपीसी के पदाधिकारियों ने अपने सहकर्मी की हत्या की सीबीआई जांच की मांग की है। साथ ही उनकी पत्नी को नौकरी देने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि सीबीआई जांच से दूध का दूध और पानी का पानी हो सकेगा। हत्या के 48 घंटे बीतने के बाद भी पुलिस के पास कुछ ठोस सबूत नहीं है। एनटीपीसी के पदाधिकारी ने कहा कि अपराधियों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि दिनदहाड़े घटना को अंजाम दे रहे हैं और फरार हो जा रहे हैं।



# आइपीएल में नहीं दिखेंगे शराब-तंबाकू के विज्ञापन

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) 2025 के दौरान स्टेडियम में और टीवी प्रसारण के समय किसी भी प्रकार के शराब और तंबाकू के विज्ञापन नहीं दिखेंगे। स्वास्थ्य मंत्रालय ने आईपीएल प्रबंधन को पत्र लिखकर ऐसा करने पर रोक लगा दी है।

### विज्ञापन न करने की अपील

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने आईपीएल 2025 से पहले इंडियन प्रीमियर लीग को एक महत्वपूर्ण पत्र जारी कर सभी प्रकार के तंबाकू और शराब के विज्ञापन पर प्रतिबंध लगाने को कहा है, जिसमें सरोगेट विज्ञापन भी शामिल हैं। आईपीएल 2025 की शुरुआत 22 मार्च से होनी है और चेयरमैन अरुण धूमल को लिखे पत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक अतुल गोयल ने क्रिकेटरों से आग्रह किया है कि वे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी तरह के तंबाकू या शराब के विज्ञापन में शामिल न हों, क्योंकि बहुत से लोग उन्हें अपना रोल मॉडल मानते हैं।

## केंद्र सरकार ने उठाया बड़ा कदम, लगाया प्रतिबंध



### क्यों लगाया जा रहा है प्रतिबंध

महानिदेशक ने लिखा, आईपीएल को स्टेडियम परिसर में, जहां खेल और संबंधित आईपीएल खेल/कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं तथा राष्ट्रीय टेलीविजन पर प्रसारण सत्रों के दौरान, सरोगेट विज्ञापनों सहित सभी प्रकार के तंबाकू और शराब के विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाने वाले नियमों को सख्ती से लागू करना चाहिए। सभी संबद्ध आयोजनों और खेल सुविधाओं में तंबाकू/शराब उत्पादों की बिक्री पर भी रोक लगानी चाहिए। ऐसे खिलाड़ियों (कमेंटेटरों सहित) के प्रचार को हतोत्साहित करें जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शराब या तंबाकू से जुड़े उत्पादों का समर्थन करते हैं।

### सार्वजनिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने पर जोर

उन्होंने यह भी कहा, भारत में गैर-संचारी रोग हृदय रोग, कैंसर, क्रोनिक फेफड़ों की बीमारी, मधुमेह, उच्च रक्तचाप आदि का एक बड़ा बोझ है, जो सालाना 70 फीसदी से अधिक मौतों का कारण बनता है। तंबाकू और शराब का सेवन एनसीडी के लिए प्रमुख जोखिम कारक हैं। हम दुनिया भर में तंबाकू से मौतों में दूसरे स्थान पर हैं। लगभग 14 लाख मौतें हर साल इससे होती हैं। शराब भारतीयों का सबसे आम पेय है। क्रिकेट खिलाड़ी स्वस्थ, सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए युवाओं के लिए रोल मॉडल हैं। आईपीएल देश का सबसे बड़ा खेल मंच है, जिसका सार्वजनिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और सरकार की स्वास्थ्य पहलों का समर्थन करने का सामाजिक और नैतिक दायित्व है।

# दो लड़कियों ने प्रेम प्रसंग में आपस में रचायी शादी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** दो लड़कियों की आपस की प्रेम कहानी शादी रिश्तों में बंध गयी है। दो लड़कियों ने प्रेम संबंध के बाद आपस में शादी कर ली है। एक लड़की खुद को पति बता रही है जबकि दूसरी लड़की खुद को पत्नी। ये मामला पलामू के मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र का है। दरअसल, 25 वर्षीय लड़की के मोहल्ले की रहने वाली एक 21 वर्षीय लड़की के साथ दोस्ती हुई। दोनों की दोस्ती धीरे-धीरे प्यार में बदल गयी। दोनों ने आपस में शादी रचाने का फैसला किया और पिछले दिनों रामगढ़ के एक धार्मिक स्थल पर शादी रचा ली। सोमवार को एक लड़की के परिजनों को शादी की कहानी पता चली। लड़की के परिजन बेटी को वापस लेने के लिए मौके पर पहुंचे। परिजनों को देख खुद को पति बताने वाली लड़की गुहार लगाते हुए टाउन महिला थाना पहुंच गयी। शादी के बाद एक लड़की ने अपने बाल कटवा कर लड़के का रूप धारण कर लिया। दोनों लड़कियों से महिला थाना की पुलिस पूछताछ कर रही है। खुद को पति बताने वाली लड़की ने कहा कि परिवार के लोग ताना मारते थे कि वह उसका पति है। दोनों के बीच प्यार था और वे तानों से परेशान थे, जिसके बाद दोनों ने शादी का फैसला किया। टाउन महिला थाना प्रभारी रूपा बाखला ने बताया कि दोनों लड़कियों के बीच शादी का मामला सामने आया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है।

## गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 80,600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 1,02,000 रु./प्रति किलो |



## खबर एक नजर में

### राहुल गांधी ने हाईकोर्ट से याचिका वापस ली

**रांची।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने झारखंड हाईकोर्ट से अपनी याचिका वापस ले ली है। राहुल गांधी के खिलाफ चाईबासा सिविल कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। जिसके खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में राहुल गांधी की याचिका पर सुनवाई हुई। याचिका वापस लेने के साथ ही राहुल गांधी को मिली राहत भी अब खत्म हो गयी है। राहुल गांधी की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता दीपांकर राय और श्रेय मिश्रा ने बहस की। दरअसल 27 फरवरी को चाईबासा सिविल कोर्ट ने अवमानना मामले में सुनवाई करते हुए राहुल गांधी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। जिसके खिलाफ राहुल गांधी ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दखिल की थी।

### माओवादी से एनआइए नहीं कर सकेगी पूछताछ

**रांची।** प्रतिबंधित संगठन सीपीआई माओवादी के सक्रिय कैडर जेल में बंद पश्चिमी सिंहभूम निवासी राजेश देवगम से एनआईए टीम संबंधित मामलों में पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ नहीं कर सकेगी। एनआईए कोर्ट ने सात दिनों की पुलिस रिमांड की याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने आदेश में कहा है कि मामले में उसके न्यायिक हिरासत के लगभग 60 दिनों की अवधि बीत जाने के बाद 5 मार्च को अदालत के समक्ष पुलिस रिमांड का आवेदन दिया गया, जो सीआरपीसी की धारा 167 और यूएपी अधिनियम 1967 की धारा 43डी-2 के अंतर्गत नहीं आता है। इसलिये, याचिका स्वीकार करने योग्य नहीं है। आरोपी 6 जनवरी से एनआईए मामले में न्यायिक हिरासत में है। राजेश देवगम के खुलासे और निशानदेही पर हथियार, गोला-बारूद और आईईडी बरामद किये, इसके अलावा 10.50 लाख रुपये नकदी, वॉकी-टॉकी, टैबलेट, पावर बैंक, रेडियो बैटरी, लेवी संग्रह रसीद, पुल थ्रू, जिलेटिन की छड़ें, नेक बैंड, टाइटन ग्लास और अन्य चीजें मिट्टी में दबी हुई थी।

## एटीएस ने अपराधों पर नकेल कसने के लिए कार्रवाई तेज की

# कुख्यात अमन साहू के भाई समेत 22 अपराधियों पर मामला दर्ज

- अमन साहू गिरोह का झारखंड में अन्य गिरोह की तुलना में ज्यादा उत्पात बढ़ा
- इस आपराधिक गिरोह से जुड़े करीब 30 से अधिक अपराधियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य में बढ़ रही अपराधिक घटनाओं पर रोक लगाने के लिए डीजीपी के निर्देश पर एटीएस की टीम एसपी ऋषभ झा के नेतृत्व में लगातार संगठित अपराधिक गिरोह के खिलाफ कार्रवाई कर रही हैं। इसी कड़ी में एटीएस ने अमन साहू के भाई समेत गिरोह के 22 अपराधियों पर मामला दर्ज किया है। एटीएस ने अमन साहू गिरोह के जिन 22 अपराधियों पर मामला दर्ज किया हैं, उसमें अमन साहू का भाई आकाश साहू, आकाश रॉय मोनू, हरि तिवारी, आशीष साहू, राहुल सिंह, राजा अंसारी, राहुल दुबे, योगेश्वर महतो का नाम प्रमुख रूप से शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि अमन साहू गिरोह का झारखंड में अन्य गिरोह की तुलना में ज्यादा उत्पात बढ़ा है। अमन साहू गिरोह के खिलाफ झारखंड पुलिस ने सबसे अधिक कार्रवाई की है। इसके बाद भी अमन साहू गिरोह का उत्पात कम नहीं हुआ है। पिछले साल भर की बात की जाए तो राज्य के अलग-अलग जिलों में इस आपराधिक गिरोह से जुड़े करीब 30 से अधिक अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। इसके बावजूद भी इस गिरोह के अपराधियों के द्वारा कोल परियोजना में लगे वाहनों में आगजनी, हत्या और गोलीबारी कारोबारियों से रंगदारी मांग पुलिस को चुनौती देने का काम किया जा रहा है।

### अमन साहू गिरोह का मयंक कॉल कर देता है धमकी

अमन साहू गिरोह का मयंक सिंह झारखंड में कोयला कारोबारियों का रंगदारी के लिए लगातार धमकी देने का काम रहा हैं। साथ ही वह सोशल मीडिया पर घटना की जिम्मेवारी भी लेता हैं। वह झारखंड, बंगाल, छत्तीसगढ के कोल और ट्रांसपोर्ट कंपनियों से रंगदारी वसूली कर रहा है। अमन साहू वर्तमान में रायपुर जेल में बंद हैं।

### झारखंड पुलिस के लिए चुनौती है 5 मोस्ट एक्टिव आपराधिक गिरोह

- अमन साहू गिरोह : रांची, लातेहार, रामगढ़ और हजारीबाग।
- विकास तिवारी गिरोह : रामगढ़ और हजारीबाग।
- सुजीत सिन्हा गिरोह : लातेहार और पलामू।
- प्रिंस खान गिरोह : धनबाद और बोकारो।
- अमन श्रीवास्तव गिरोहः रांची, चतरा, रामगढ़ और हजारीबाग।

### सचिवालय में 4 दिनों की छुट्टी, बैंकों में भी छुट्टी की घोषणा

**रांची।** झारखंड सचिवालय में 13-14 मार्च को सरकारी छुट्टी घोषित की गयी है। इसके साथ ही 15 शनिवार और 16 रविवार होने की वजह से कर्मी लगातार चार दिनों की छुट्टी का आनंद उठायेंगे।

**बैंकों में भी छुट्टी की घोषणा :** इसी तरह सरकारी बैंक में भी 13-14 मार्च को छुट्टी घोषित की गई है। हालांकि होली 15 मार्च को है, लेकिन शनिवार होने की वजह से बैंक में भी कम ही उपस्थिति देखने को मिलेगी।

**विधानसभा सत्र पर भी होली का असर :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र पर भी होली का असर देखने को मिल रहा है। होली के कारण विधानसभा में छुट्टी होने की वजह से सदन की कार्यवाही 12 मार्च से 17 मार्च तक स्थगित रहेगी।

**बैंक कर्मचारियों की मांग :** बैंक कर्मचारियों ने यूनियन के माध्यम से सरकार को होली की छुट्टी बिहार की तरह 14-15 मार्च को करने की मांग की है।

## झामुमो सरकार में शिक्षा विभाग की स्थिति बदतर : नीरा यादव

**सदन में कटौती प्रस्ताव**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र के 10वें दिन नीरा यादव ने शिक्षा विभाग के कटौती प्रस्ताव के पक्ष में बोलते हुए कहा कि स्थिति बद से बदतर हो गई है। नौनिहालों से लेकर युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेला जा रहा है। स्कूलों में शिक्षक नहीं हैं। एक ही शिक्षक सभी सब्जेक्ट को पढ़ाते हैं। इन स्कूलों में 3.78 लाख बच्चे नामांकित हैं। 372 स्कूल ऐसे हैं जहां एक एक भी बच्चे नामांकित नहीं है। उन्होंने कहा कि इन स्कूलों में 1153 शिक्षक कार्यरत हैं। 2015-19 के बीच ही शिक्षकों की नियुक्ति हुई। इसके बाद शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हुई है। जैसे-जैसे बच्चे ऊंची कक्षा में जाते हैं ड्राप आउट रेट बढ़ता ही जाता है। इस पर लुईस मरांडी ने कहा कि ये भाजपा सरकार के समय की स्थिति है। हेमंत सरकार में सुधार लाया जा रहा है। नीरा यादव ने कहा कि झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद का नाम बदलकर कर झारखंड शिक्षा पब्लिकेशन सेंटर रख देना चाहिये। इस ग्रुप में इतना व्हाट्सअप मैसेज आता है कि मैसेज नहीं देखने पर वेतन काट लिया जाता है।

उन्होंने कहा कि 1000 स्कूलों में किचन की व्यवस्था करनी थी लेकिन किचन की स्थिति बदहाल हो गई। मानकी मुंडा छात्रवृति योजना का लाभ कितने को मिला इसकी भी जानकारी नहीं है। 26001 शिक्षकों की नियुक्ति लटकी हुई है। 17 साल से शिक्षकों को प्रमोशन भी नहीं मिला है। कई विश्वविद्यालयों में कुलपति नहीं हैं। विश्विद्यालयों का ग्रेड गिर गया है। विश्विद्यालयों में प्रोफेसर के सैड़ों पर रिक्त हैं। संविदा पर नियुक्त शिक्षकों की स्थिति दयनीय है। कॉलेजों को अनुदान नहीं मिल रहा है।

## जमशेदपुर औद्योगिक नगरी समिति की अधिसूचना संविधान विरोधी : सरयू राय

**ध्यानाकर्षण प्रस्ताव**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** विधानसभा में सोमवार को विधायक सरयू राय ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जरिये झारखंड सरकार की 28 दिसंबर 2023 की अधिसूचना संख्या 5842 को संविधान विरोधी करार दिया। उन्होंने कहा कि सरकार ने जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के 15,725 एकड़ क्षेत्र को औद्योगिक नगर घोषित कर दिया है। लेकिन इसका गठन झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 के नियमों के विरुद्ध है। उन्होंने सरकार की अधिसूचना को जनविरोधी बताते हुये कहा कि औद्योगिक नगरी समिति में 6 सरकारी प्रतिनिधिए टाटा स्टील के 11 प्रतिनिधि और अन्य 10 सदस्य शामिल किये गये हैं लेकिन 100 से अधिक बस्तियों के किसी भी निर्वाचित प्रतिनिधि को इसमें स्थान नहीं दिया गया। इसे अविलंब रद्द किया जाना चाहिये। उन्होंने मांग की कि समिति में बस्तीवासियों को उचित प्रतिनिधित्व दिया जाये और स्पष्ट नियमावली बनाई जाये। इस पर विभागीय मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि समिति का गठन सर्वोच्च न्यायालय के निदेर्शों और झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 के प्रावधानों के अनुसार किया गया है। उन्होंने बताया कि टाउनशिप कमेटी में टाटा स्टील, निर्वाचित प्रतिनिधियों और अन्य प्रतिष्ठित नागरिकों को भी शामिल किया गया है। बावजूद इसके सरयू राय ने सरकार से इस अधिसूचना में संशोधन की मांग की है।

## डीजीपी को बेशर्म कहना निंदनीय : ओबीसी मोर्चा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विधानसभा सत्र में विधायक सीपी सिंह का यह कहना कि राज्य के डीजीपी बेशर्म है, निंदनीय वक्तव्य है। इसका राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा घोर निंदा करता है। यह बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कही। उन्होंने कहा कि विधानसभा में चर्चा का उद्देश्य समस्याओं का समाधान निकालना और जनहित में निर्णय लेना होता है, न कि व्यक्तिगत हमले करना। यदि विधायक को डीजीपी की कार्यशैली या नीतियों से समस्या है, तो उन्हें इसके बारे में विस्तार से चर्चा करनी चाहिए और समाधान के लिए सुझाव देने चाहिये। उनके इस वक्तव्य का राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप वर्मा, प्रेमनंदन मंडल, उमेश जायसवाल संजय मेहता जगत सोनी, वीरेंद्र गुप्ता, रामावतार कश्यप, अजय मेहता, सुरेश ठाकुर, राम लखन यादव,राम लखन साहू, महानगर प्रभारी संतोष सोनी, विनय चंद्रवंशी पंजाबी में घोर निंदा की है।

### महिला कांग्रेस संसद घेराव कार्यक्रम संपन्न

**रांची।** महिला आरक्षण के क्रियान्वयन को लेकर अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमिटी की अध्यक्ष अलका लांबा के नेतृत्व में सोमवार को संसद घेराव किया गया। घेराव के पूर्व दिल्ली के जंतर-मंतर में देशभर की महिला कांग्रेस नेत्री एकत्र हुईं। झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह की अगुवाई में भारी संख्या में प्रदेश भर से महिलाएं संसद घेराव कार्यक्रम में शामिल हुईं और महिला आरक्षण विधेयक को तुरंत लागू करने और इसमें ओबीसी कोटे की महिलाओं को शामिल करने की मांग की। प्रदेश अध्यक्ष गुंजन के नेतृत्व में खूंटी सांसद कालीचरण मुण्डा को दिल्ली में इस ज्वलंत मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा तथा संसद के अंदर आवाज उठाने की मांगी।

## रेलवे संशोधन विधेयक 2024 सरकारी जटिलताओं को करेगा दूरः आदित्य साहू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा सांसद आदित्य साहू ने सोमवार को राज्य सभा में रेलवे संशोधन विधेयक 2024 पर चर्चा में भाग लिया। उन्होंने कहा कि यह संशोधन विधेयक भारत में बदलते रेलवे संरचना और सुविधाओं को आम जनता तक तीव्र गति से पहुंचाने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि रेलवे बोर्ड की स्थापना 1905 में हुई थी। आजाद भारत में 1989 में रेलवे अधिनियम बनाया गया।लेकिन रेलवे बोर्ड और अधिनियम को एकीकृत करने की आवश्यकता थी, जिस पर कांग्रेस सरकार ने ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि यह संशोधित अधिनियम 2024दोनों का एकीकृत रूप है । उन्होंने कहा कि रेलवे बोर्ड 16 जोन में बंटा है जिसपर निर्णय का अधिकार केवल रेलवे बोर्ड को है। इस कारण से रेलवे की योजनाओं के क्रियान्वयन में देरी होती है। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम बोर्ड की प्रक्रियाओं और सरकारी काम काज की जटिलताओं को आसान बनायेगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार से पिछले 10वर्षों में रेलवे का तीव्र विकास हुआ है। मोदी सरकार रेलवे सुरक्षा को लेकर भी गंभीर है। कांग्रेस शासन की तुलना में रेलवे की दुर्घटनाओं में 75 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।

## असहाय मरीजों के लिए वरदान साबित हो रही है सीएम की एयर एम्बुलेंस सेवा

### अब तक 94 लोगों को मिल चुका है एयर एम्बुलेंस सेवा का लाभ




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का लोगों के जीवन सुरक्षा का सकारात्मक प्रयास रंग ला रहा है। आपात स्थिति में गंभीर बीमारियों से जूझ रहे असहाय मरीजों को बेहतरीन चिकित्सीय सेवा उपलब्ध कराने में एयर एंबुलेंस सेवा वरदान साबित हो रही है। मुख्यमंत्री के इस प्रयास से अबतक 94 मरीजों को झारखण्ड से ससमय एयरलिफ्ट कराकर दूसरे राज्यों के प्रमुख अस्पतालों में शिफ्ट कराया गया। सिर्फ रांची से 78, जबकि अन्य जिलों से 11 मरीज ऐसे हैं, जिन्होंने एयर एंबुलेंस सेवा का लाभ लिया है।

**आम और खास लोगों ने लिया सेवा का लाभ :** एयर एंबुलेंस के जरिए त्वरित और सहज भाव से मरीजों को दूसरे राज्यों में इलाज का लाभ मिल रहा है, तभी तो बीते समय में आम लोगों के साथ-साथ गणमान्य लोगों को भी एयर एंबुलेंस की सेवा प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त विधानसभा चुनाव कार्य के दौरान गंभीर रूप से घायल झारखण्ड पुलिस बल के कई जवानों को भी ससमय उच्चतर चिकित्सीय सेवा के लिए एयर एंबुलेंस से एयरलिफ्ट कराकर उच्चस्तरीय मेडिकल सेंटर में शिफ्ट कराया जा चुका है।

**हर वर्ग को एयरलिफ्ट का लाभ, मोबाइल से करें बुक :** राज्य के आम और खास हर वर्ग के मरीजों के परिजन नगर विमान विभाग द्वारा संचालित +918210594073 मोबाइल नंबर पर फोन कर एयर एंबुलेंस की सेवा संबंधी जानकारियां 24 घंटे किसी भी समय ले सकते हैं। जानकारी के अनुसार, झारखण्ड के बाहर अन्य गंतव्य स्थानों पर मरीजों को ले जाने पर संबंधित व्यक्ति को आवश्यकता पड़ने पर 55,000 प्रति उड़ान घंटे की दर पर एयर एंबुलेंस की सुविधा दी जाती है।

**यह है निर्धारित रूट और दर**

| | |
|---|---|
| रांची-दिल्ली | 3.3 लाख |
| रांची-मुंबई | 4.4 लाख |
| रांची-चेन्नई | 3.85 लाख |
| रांची-कोलकाता | 1.10 लाख |
| रांची-हैदराबाद | 3.02 लाख |
| रांची-वाराणसी | 1.37 लाख |
| रांची-लखनऊ | 2.20 लाख |
| रांची-तिरुपति | 3.85 लाख |

**फिक्स्ड विंग एयरक्राफ्ट सी-90 की सुविधा उपलब्ध :** नागर विमान प्रभाग द्वारा एयर एंबुलेंस सेवा के लिए फिक्स्ड विंग एयरक्राफ्ट सी-90 की सुविधा उपलब्ध है। इसके माध्यम से एक मरीज तथा दो परिजनों को एयर एम्बुलेंस से चिकित्सा के लिए ले जाया जा सकता है।


### कमर्शियल वाहन की खुली नीलामी

टाटा मोटर्स फाइनेंस द्वारा जब्त किए गए कमर्शियल वाहनों की खुली नीलामी दिनांक 11 मार्च 2025 दिन मंगलवार को सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक नीचे दिए गये पते पर आयोजित की गई है। पता : होटल जेनिस्टा इन डायमंड प्लाजा पुरुलिया रोड, नियर फ्रेंड्स ऑटोमोबाइल काटा टोली चौक, रांची झारखंड। नीलामी में भाग लेने के लिए आप सादर आमंत्रित है। अधिक जानकारी के लिए 7209071956, 9525182395 पर कॉल करें।


### High Court Notice

**IN THE HIGH COURT OF JHARKHAND AT RANCHI**
(CIVIL MISCELLANEOUS APPELLATE JURISDICTION)
**Miscellaneous Appeal No.359 of 2017**
(Arising out of Order/Judgment dated 16.06.2017 passed by Sri Rajesh Sharan Singh, the learned District and Additional Session Judge-XII, Hazaribagh in Misc. Case No.01of 2016)
Most. Basanati & Ors. ......... Applicants/ Appellants
Versus
Chotu Barhi & Ors. ........Respondents/ Opposite Parties

**Notice for appearance of Respondent No.1**
Chotu Barhi son of Late Musur Barhi, Resident of: Barhi, PO & PS Barhi, Dist-Hazaribagh.

**Notice for appearance of Respondent No.3**
Ram Chandra Barhi son of Late Musur Barhi, Resident of: Barhi, PO & PS Barhi, Dist-Hazaribagh.

Whereas it has not been possible to secure service of notice issued upon you in the abovementioned Miscellaneous Appeal at the address mentioned above.You are hereby directed to ensure your appearance in person or through your Advocate on the next date fixed tentaviley ie 03.04.2025 to show cause as to why the prayer in the instant miscellaneous appeal be not allowed or any order be passed by the Hon'ble Court, which it deems fit and proper.Given under my hand and seal of this Court this Day of 5th Mauch 2025

## ऊर्जा विकास निगम के अधिकारी स्वयं हित में भ्रष्टाचार को दे रहे हैं अंजाम : अजय राय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि निगम के अधिकारी स्वयं हित में निर्णय लेकर राजस्व के साथ-साथ एक बड़े भ्रष्टाचार को अंजाम दे रहे हैं।

अजय राय ने बताया कि झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड द्वारा उच्च पदों की स्वीकृति की गई है, लेकिन यह पद सृजन मनमाने तरीके से किया गया है। उन्होंने कहा कि यह पद सृजन निगम के कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए नहीं, बल्कि अधिकारियों के स्वार्थ के लिए किया गया है। उन्होंने कहा है कि झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा भविष्य में संशोधित गाइडलाइन निर्गत किए जाएंगे, लेकिन निगम ने पहले से ही पद सृजन कर लिया है।

अजय राय ने झारखंड सरकार और झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के अधिकारियों से अपील की कि वे कर्मचारियों की मांगों पर ध्यान दें और उन्हें नियमित नियुक्ति प्रदान करें। उन्होंने कहा कि इससे न केवल कर्मचारियों के हितों की रक्षा होगी, बल्कि यह झारखंड के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान करेगा। उन्होंने कार्यरत कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ उनके साथ खड़ा है और उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ेगा। उन्होंने कर्मचारियों से एकजुट रहने और अपने अधिकारों के लिए लड़ने का आह्वान किया।


### RANCHI REGIONAL DEVELOPMENT AUTHORITY, RANCHI

(Urban Development & Housing Department, Govt. of Jharkhand)
"PragatiSadan", KutcheryChowk, Ranchi – 834001
Email :secrrda1967@gmail.comWebsite : www.rrdaranchi.in
*Ref : RRDA/EE/2025/350 Dated :08-03-2025*
**e-Procurement Notice (2nd Call)**

1.Name of Tender Inviting Officer : Executive Engineer, RRDA, Ranchi
2.Date of Publication of Tender on Website : 12/03/2025
3.Bid Submission Start Date : 12/03/2025 at 11:30 AM
4.Bid Submission End Date : 21/03/2025 upto 5:00 PM
5.Date/Time of Opening Bid : 24/03/2025 at 11:30 AM

| Sl. No. | Name of Work | Approximate Value of Work (Rs.) | Earnest Money (Rs.) | Cost of Tender Document (Rs.) | Period of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of PCC Road And Cross Drain From Main Road Sahdev Nagar Rani Enclave To Gas Godown Via Vinod Singh House And Around Amethya Nagar Khijri under RRDA area Ranchi. | ₹1,07,53,200 /- | ₹ 2,16,000 /- | ₹10,000 /- | 120 Days |

- Tender Fee & Earnest Money Deposit (EMD) is to be paid through Online mode as per instructions of IT Dept., Govt. of Jharkhand Letter No. 120 Dated 03.10.2023 and UDHD, Govt. of Jharkhand Letter No. 4847 Dated 11.10.2023
- Further Details can be seen on Website http://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Executive Engineer RRDA, Ranchi

PR 348206 Ranchi Regional Development Authority(24-25)D


## आरोप : झारखंड सरकार के पास पर्याप्त राशि होने के बावजूद खर्च नहीं कर पा रही

# विकास विरोधी है झामुमो सरकार : राफिया नाज

- 11 महीनों में सरकार ने बजट की केवल 63 प्रतिशत राशि खर्च की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने राज्य सरकार के वित्तीय प्रबंधन पर सवाल उठाते हुये कहा कि पर्याप्त राशि होते हुये भी वह योजना के अनुसार खर्च नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 महीनों में राज्य सरकार ने अपनी योजना बजट की केवल 63 प्रतिशत राशि खर्च की है। जबकि, 37 प्रतिशत राशि अभी भी पड़ी हुई है। इससे यह स्पष्ट होता है कि हेमंत सरकार विकास विरोधी सरकार है। राशि होने के बावजूद जन कल्याणकारी कार्यों में खर्च करने में विफल है। उन्होंने कहा कि यह वित्तीय अराजकता और नाकाम प्रबंधन का स्पष्ट संकेत है। उन्होंने बताया कि सरकार शहरी विकास पर 23 प्रतिशत, खाद्य आपूर्ति पर 29 प्रतिशत, परिवहन पर 6 प्रतिशत, पेयजल एवं स्वच्छता पर 10 प्रतिशत और आईटी विभाग पर मात्र 5 प्रतिशत राशि खर्च कर पाई है। आईटी विभाग पर सिर्फ 5 प्रतिशत खर्च राज्य की सरकार की नाकामी को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि जनता अब हेमंत सरकार के झूठे वादों से थक चुकी है। पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई योजनाओं का ऐलान तो किया, लेकिन कोई ठोस कार्य नहीं हुआ। हेमंत सोरेन की सरकार की नीतियां केवल कागजी दस्तावेज तक सीमित हैं। इन योजनाओं का वास्तविक लाभ जनता को नहीं मिल पा रहा है। सरकार केवल बयानबाजी करके अपनी नाकामियों को छिपाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने इस दिशा में त्वरित और ठोस कदम नहीं उठाये, तो झारखंड की विकास दर और जनकल्याण कार्यों में और भी रुकावट आयेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अपील की कि वे जनता के मुद्दों पर ध्यान दें और यह सुनिश्चित करें कि सरकारी धन का सही तरीके से उपयोग किया जाये।

## ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...



महाराष्ट्र हितकारी मंडल जमशेदपुर में एक प्रमुख सामाजिक और सांस्कृतिक संगठन है, जो महाराष्ट्रियन संस्कृति, भाषा और परंपराओं को संजोने और बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। महाराष्ट्र हितकारी मंडल की स्थापना 1916 में हुई थी। यह संस्थान जमशेदपुर में रहने वाले महाराष्ट्रियन समुदाय के लिए एक सांस्कृतिक केंद्र के रूप में कार्य करता है। मंडल का सबसे महत्वपूर्ण आयोजन गणेश चतुर्थी उत्सव है, जिसे यह पिछले 100 वर्षों से अधिक समय से बड़े धूमधाम से मना रहा है। इस दौरान मराठी नाटक, संगीत, नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिससे महाराष्ट्रियन परंपरा को जीवंत रखा जाता है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़कर रखना है। महाराष्ट्र हितकारी मंडल समर्थ विद्या मंदिर नामक एक इंग्लिश मीडियम स्कूल भी चलाता है, जो शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। मंडल द्वारा संचालित एक कैंटीन भी है, जहां किफायती दरों पर भोजन उपलब्ध कराया जाता है। यह कैंटीन बिष्टुपुर में स्थित है और वहां का असीमित भोजन बहुत लोकप्रिय है।

# सरकार द्वारा घोषित जमशेदपुर औद्योगिक नगर समिति संविधान के अधिनियम एवं नियम के विरूद्ध : सरयू राय

## जमशेदपुर को औद्योगिक नगर समिति घोषित करने का मामला विस में उठा, विधायक सरयू राय ने सदन में खूब की किच-किच

**विस अध्यक्ष के कहने पर सुदिव्य कुमार और सरयू राय ने आपस में की चर्चा**

**मंत्री से सरयू ने कहा: अधिसूचना फिर से मंत्रिपरिषद में लाएं और संशोधित करवाएं**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/जमशेदपुर।** विधानसभा में सोमवार को जमशेदपुर को औद्योगिक नगरी घोषित करने के मामले में जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय का ध्यानाकर्षण प्रस्ताव था। श्री राय ने स्पष्ट कहा कि सरकार ने जो इसके लिए अधिसूचना जारी की है, वह संविधान के प्रावधान के प्रतिकूल है। इतना ही नहीं, यह झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम के भी विरूद्ध है और टाटा लीज समझौता के भी विरूद्ध है। श्री राय के सवाल का जवाब देने सरकार की ओर से नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार उठे वह श्री राय के सवालों का सही उत्तर नहीं दे सके। सदन में करीब 18 मिनट तक बहस हुई। श्री राय ने सभाध्यक्ष से स्पष्ट कहा कि जमशेदपुर औद्योगिक नगर समिति की घोषणा सरकार ने जमशेदपुर में निगम बनाने के बदले में किया है। यानी संविधान के 73वें संशोधन के माध्यम से स्थानीय स्वशासन स्थापित करने के लिए हुआ है, परन्तु सरकार ने इसके बदले में एक ऐसी समिति बना दी है, जिसमें टाटा स्टील के 14 पदाधिकारी हैं, सरकार के 6 पदाधिकारी हैं, विधायक और सांसद हैं तथा 5 सदस्य मनोनीत है। ऐसा करना संविधान और नियम के विरूद्ध है, क्योंकि संविधान के अनुसार इसमें जनता का प्रतिनिधि भी होना चाहिए।

सरयू राय ने विधानसभा में कहा कि इसका अध्यक्ष स्थानीय मंत्री अथवा प्रभारी मंत्री को बना दिया गया है, जो नगरपालिका अधिनियम के विरूद्ध है। नगरपालिका अधिनियम की धारा 481(3) के हिसाब से इसका अध्यक्ष



विधायक सरयू राय।

उपायुक्त को होना है। साथ ही, जितनी नागरिक सुविधाएं इस समिति के अनुसार जनता को मिलेंगी, उससे कई गुणा अधिक सुविधाएं देने का प्रावधान टाटा स्टील औंर सरकार के बीच हुए टाटा लीज समझौता की अधिसूचना के द्वारा दिया गया है। यानी सरकार द्वारा घोषित जमशेदपुर औद्योगिक नगर समिति संविधान के अधिनियम एवं नियम के विरूद्ध है। जब श्री राय के सवालों का जवाब देते हुए नगर विकास मंत्री ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश और संविधान के प्रावधानों का उल्लेख किया तो श्री राय ने उन्हें अप्रासंगिक और भ्रामक बताया। फिर भी मंत्री विधान सभा में अपनी बात पर अड़े रहे।

इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने नियमन दिया कि श्री राय नगर विकास विभाग के मंत्री से अलग से इस पर वार्ता करें। तदुपरांत श्री राय उनसे मिले और सारी बातों और तथ्यों को उनके समक्ष रखा। सरयू राय ने दावा किया कि उनके द्वारा ध्यानाकर्षण में उठाए गए तथ्यों का कोई जवाब सरकार के पास नहीं है। अलबत्ता मंत्री ने यह आश्वासन जरूर दिया कि चूंकि अधिसूचना मंत्रिपरिषद से निर्गत हुई है, इसलिए इसको मंत्रिपरिषद में ले जाना पड़ेगा। श्री राय ने उनसे कहा कि आप इसके बारे में मुख्यमंत्री से बात करें और इसे मंत्रिपरिषद में ले जाकर संशोधित कराएं। अन्यथा इस तरह की व्यवस्था जमशेदपुर की जनता के हितों के प्रतिकूल होगी। इस पर मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि इसके लिए एक एसओपी बनेगी। इस पर श्री राय ने उनसे कहा कि एसओपी से काम थोड़े ही चलेगा। इस समिति के प्रावधान में आमूलचूल परिवर्तन होना चाहिए नहीं तो यह लगेगा कि झारखण्ड सरकार जनता के हितों के प्रति संवेदनशील नहीं है। सरयू राय ने औद्योगिक नगर समिति की वैधानिकता पर भी सवाल उठाया और कहा कि इसके क्रियान्वयन में बहुत सारी कठिनाईयां सामने आयेंगी। यदि सरकार उनके सुझावों को मानकर औद्योगिक नगर समिति की अधिसूचना में संशोधन नहीं करती है तो वह इसके लिए जनजागरण अभियान चलाएंगे और लोगों को बताएंगे कि इससे कौन-कौन सी कठिनाईयों सामने आने वाली हैं और आम जनता का हित किस प्रकार प्रभावित होने वाला है।

## टाटा स्टील के पंकज सतीजा को ग्लोबल सस्टेनेबल माइनिंग अवार्ड से सम्मानित



अवार्ड ग्रहण करते पंकज सतीजा।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**भुवनेश्वर/जमशेदपुर।** टाटा स्टील के फेरो अलॉयज एंड मिनरल्स डिवीजन (एफएएमडी) के एग्जीक्यूटिव-इन-चार्ज, पंकज सतीजा को भुवनेश्वर में आयोजित ओडिशा माइनिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कॉन्क्लेव के तीसरे संस्करण में प्रतिष्ठित ग्लोबल सस्टेनेबल माइनिंग अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार ओडिशा के राज्यपाल, डॉ. हरि बाबू कंभमपति द्वारा प्रदान किया गया, जो खनन उद्योग में नवाचार, जिम्मेदारी और सतत प्रगति को मान्यता देते हुए, सस्टेनेबल माइनिंग प्रैक्टिसेज में उत्कृष्टता के लिए दिया जाता है। पुरस्कार मिलने पर आभार व्यक्त करते हुए पंकज सतीजा ने कहा, यह सम्मान मेरे लिए गर्व की बात है और हमारी सतत खनन प्रतिबद्धता का प्रमाण है। टाटा स्टील में, हम लगातार नवाचार और जिम्मेदार खनन अभ्यासों को अपनाने का प्रयास करते हैं, जो खनिज संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा और सामुदायिक विकास में योगदान देते हैं। हमारा उद्देश्य आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरित और समावेशी भविष्य सुनिश्चित करना है। यह उल्लेखनीय है कि पंकज सतीजा के नेतृत्व में एफएएमडी सस्टेनेबल माइनिंग के क्षेत्र में अग्रणी रहा है, जहां उन्नत तकनीकों के उपयोग, जैव विविधता संरक्षण पहलों और सामुदायिक कल्याण परियोजनाओं को प्रभावी रूप से अपनाया गया है। टाटा स्टील की पर्यावरण, सामाजिक और अभिशासन (ईएसजी) सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्धता ने खनन उद्योग में नए मानदंड स्थापित किए हैं।

# वर्किंग प्रोफेशनल्स के लिए लान्च किये गये दो नये ऑनलाइन कोर्स

## यूजीसी-डीईबी द्वारा मान्यता प्राप्त बीबीए और एमबीए कोर्स अब पूरी तरह से ऑनलाइन उपलब्ध

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** उच्च शिक्षा अब नौकरी और व्यवसाय की बाधा नहीं बनेगी। अरका जैन यूनिवर्सिटी ने उन छात्रों के लिए दो नए ऑनलाइन और डिस्टेंस लर्निंग कोर्स की शुरूआत की है, जो नियमित कॉलेज नहीं जा सकते। यूजीसी-डीईबी (यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन-डिस्टेंस एजुकेशन ब्यूरो) द्वारा मान्यता प्राप्त ये कोर्स खासकर वर्किंग प्रोफेशनल्स, हाउसवाइफ्स, बिजनेसमैन और ऐसे छात्रों के लिए तैयार किए गए हैं, जो बिना नौकरी छोड़े अपनी पढ़ाई जारी रखना चाहते हैं। अब एडमिशन से लेकर परीक्षा, कक्षाएं, डिग्री और प्लेसमेंट तक सभी प्रक्रियाएं ऑनलाइन होंगी, जिससे देश-विदेश के छात्र कहीं से भी इस कोर्स में दाखिला ले सकते हैं।

**एमबीए का वर्किंग प्रोफेशनल्स के बीच जबरदस्त क्रेज :** आज के दौर में एमबीए कोर्स उन वर्किंग प्रोफेशनल्स के लिए एक करियर बूस्टर बन चुका है, जो अपनी स्किल्स को अपग्रेड करना चाहते हैं। अरका जैन यूनिवर्सिटी का ऑनलाइन एमबीए उन्हें यह सुविधा देता है कि वे अपनी नौकरी के साथ पढ़ाई कर सकें और मैनेजमेंट सेक्टर में नए अवसरों का लाभ उठा सकें।




अरका जैन यूनिवर्सिटी

### क्या हैं ये नए कोर्स?

अरका जैन यूनिवर्सिटी में निम्न दो प्रमुख ऑनलाइन डिग्री प्रोग्रामलांच किये गए हैं
- बीबीए (बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन) : स्नातक (यूजी) स्तर
- एमबीए (मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन) : स्नातकोत्तर (पीजी) स्तर

इन कोर्सेज को इस तरह डिजाइन किया गया है कि छात्र अपनी मौजूदा नौकरी या व्यवसाय के साथ आसानी से पढ़ाई जारी रख सकें और अपने करियर को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकें।

ऑनलाइन बीबीए और एमबीए क्यों हैं खास?
- अत्यंत किफायती शुल्क पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा।
- वर्किंग प्रोफेशनल्स के लिए स्पेशल फीस स्ट्रक्चर।
- प्रमोशन, सैलरी इंक्रीमेंट और करियर अपग्रेड के लिए मददगार।
- सरकारी, निजी और अंतरराष्ट्रीय नौकरियों के लिए पूरी तरह मान्यता प्राप्त।
- खासतौर पर खाड़ी (गल्फ) व सार्क देशों और दक्षिण अफ्रीका में वैधता।
- पूरी तरह से ऑनलाइन एडमिशन, क्लासेस, एग्जाम और डिग्री कंवोकेशन।

### एडमिशन प्रक्रिया और संपर्क

दोनों ही कोर्स में एडमिशन प्रक्रिया बेहद सरल और सुविधाजनक है। छात्र ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए यूनिवर्सिटी की आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं। इसके अलावा धतकीडीह ऑफिस या यूनिवर्सिटी कैंपस में संपर्क किया जा सकता है। बता दें कि यदि बिना नौकरी छोड़े अपनी डिग्री को अपग्रेड करने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए अरका जैन यूनिवर्सिटी का यह ऑनलाइन बीबीए और एमबीए कोर्स एक बेहतरीन अवसर है। अब कहीं से भी, कभी भी अपनी उच्च शिक्षा पूरी कर अपने करियर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकते हैं।

**एक नजर में**

## केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति की महत्वपूर्ण बैठक हुई सम्पन्न



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति के कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को होटल दयाल इंटरनेशनल में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष आशुतोष सिंह ने की, जिसमें आगामी रामनवमी महोत्सव की भव्यता और तैयारियों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान अध्यक्ष आशुतोष सिंह ने पिछले वर्ष के रामनवमी अखाड़ा जुलूस की सफलता को रेखांकित किया और शांतिपूर्ण आयोजन के लिए सभी समितियों की सराहना की। साथ ही, बीते वर्ष की कुछ कमियों और अखाड़ों को हुई असुविधाओं पर भी विचार रखे गए, ताकि इस वर्ष की तैयारियों को और बेहतर बनाया जा सके। बैठक में सभी पदाधिकारियों ने इस वर्ष के रामनवमी महोत्सव को और अधिक संगठित, भव्य और अनुशासित बनाने का संकल्प लिया। बैठक में कई लोगों ने अपने सुझाव भी दिए। बैठक में संरक्षक नीरज सिंह ने सभी जोनल पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि पिछले वर्ष सभी अखाड़ा समितियों ने समन्वय और अनुशासन का परिचय देते हुए एक ही दिन में विसर्जन कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। उन्होंने केंद्रीय समिति के प्रति विश्वास बनाए रखने के लिए सभी समितियों का धन्यवाद भी किया।

### बैठक में आगामी रामनवमी की तैयारियों को लेकर निम्न निर्णय लिए गए :

1. गैर-लाइसेंसी अखाड़ा समितियों को लाइसेंस दिलाने हेतु जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित कर सफल प्रयास करना।
2. जोनल बैठकों में संभावित समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना।
3. विसर्जन मार्ग का निरीक्षण कर संभावित अवरोधों की जानकारी पहले से उपलब्ध कराना, ताकि समय रहते समस्याओं का निराकरण किया जा सके।
4. संवेदनशील क्षेत्रों में अखाड़ा समितियों का सहयोग करते हुए भव्य आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न कराना।
5. आर्थिक रूप से कमजोर अखाड़ा समितियों को सहायता प्रदान करने के लिए आवश्यक कदम उठाना।
6. निमार्णाधीन फ्लाईओवर का कार्य कम से कम 10 दिनों के लिए स्थगित किया जाए, ताकि रामनवमी के अखाड़ा जुलूस और यातायात व्यवस्था में कोई बाधा न आए। साथ ही, डिमना रोड पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएं।
7. इसके अलावा, सोनारी क्षेत्र के विसर्जन स्थल को वर्तमान में स्थित नाले की निकासी से अलग किसी उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग भी की गई, ताकि विसर्जन प्रक्रिया सुगमता से संपन्न हो सके।

बैठक में प्रमोद तिवारी को संयोजक के रूप में समिति में सम्मिलित किया गया। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष आशुतोष सिंह ने की। मंच संचालन महासचिव भूपेंद्र सिंह द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन शैलेश गुप्ता ने किया।

बैठक में मुख्य रूप से संरक्षक नीरज सिंह, भीष्म सिंह, शंकर रेड्डी, महेश खारेलवाल, दिवाकर सिंह, अजय रजक, भास्कर मुखी, उपाध्यक्ष गौतम प्रसाद, परमात्मा मिश्रा, अशोक सिन्हा, नंदजी सिंह, कोषाध्यक्ष शंभू मुखी, प्रेम झा, नॉर्थ जोन प्रभारी अर्जुन शर्मा, सचिव अभिषेक सिंह, मनीष, ओमियो ओझा, राघवेंद्र मिश्रा, सत्येंद्र कुमार, मां मनसा मंदिर अखाड़ा समिति से शिव शंकर सिंह, नार्थ जोन से सुनील सिंह, रजीव सिंह, नीलकमल शेखर, संतोष सिंह, ईस्ट जोन संयोजक बलराम रजक (रजक समाज अखाड़ा), सह-संयोजक कृष्ण वारीक (वनराज अखाड़ा), न्यू मार्केट अखाड़ा से के. नरसिम्हा राव, सेंट्रल जोन 'बी' संयोजक शैलेश गुप्ता (अमर ज्योति अखाड़ा), समीर राज (अंजनी पुत्र अखाड़ा), राकेश प्रसाद (त्रिमूर्ति अखाड़ा), दीपक यादव, (वीरमंच अखाड़ा), राजू यादव (शिवलाल अखाड़ा), जय राज कुमार (रोहन अखाड़ा), कामेश्वर लाल (जोहन अखाड़ा), सपन दास (समाई झोपड़ी अखाड़ा), सचिव संतोष (संतोष अखाड़ा), वनराज अखाड़ा से कृष्णा रवि भूंइया, तथा धर्मजीत कुमार व अन्य उपस्थित थे।

## मिला न दिल का कद्रदान कोई जमाने में......

### दी बंगाल क्लब एवं जमशेदपुर म्यूजिक सर्किल के तत्वाधान में शाम - ए - गजल संपन्न



गायक सुजन चटर्जी व गायक डा सनातन दीप अपनी प्रस्तुति देते हुए।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** दी बंगाल क्लब और जमशेदपुर म्यूजिक सर्किल के संयुक्त तत्वावधान में गत 9 मार्च की शाम बंगाल क्लब सभागार में शाम-ए-गजल कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टाटा स्टील फाउंडेशन के श्री केशव रंजन एवं गेस्ट ऑफ ऑनर श्री किशन सोंथालिया जमशेदपुर म्यूजिक सर्कल के उपाध्यक्ष विभा मिश्रा, श्रीमती पूर्वी घोष, सुभाष बोस एवं बंगाल क्लब के सौम्या सेन द्वारा दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की आधिकारिक शुभारंभ के पश्चात गजल की महफिल सजी। पहली प्रस्तुति में शहर के जाने माने गायक श्री मनमोहन सिंह ने प्रख्यात गायकों की गजल पेश कर समां बांधा, उनकी प्रस्तुति में मिला न दिल का कद्रदान कोई जमाने में.... खूब तालियां बटोरी।

# अटल जी के अटल इरादों के कारण झारखंड को मिला अलग राज्य का दर्जा : डा यदुनाथ

## भाजपा जमशेदपुर महानगर ने अटल विरासत सम्मेलन का किया आयोजन, अटल विहारी वाजपेयी के साथ काम कर चुके वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान





सम्मेलन को संबोधित करते डा यदुनाथ पांडेय व अन्य अतिथियों संग सम्मानित किए गए वरिष्ठ भाजपाई।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशताब्दी के अवसर पर सोमवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर के तत्वावधान में अटल विरासत सम्मेलन का आयोजन किया गया। बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन के सभागार में जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में आयोजित सम्मेलन में हजारीबाग के पूर्व सांसद एवं झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. यदुनाथ पांडेय मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। सम्मेलन के दौरान प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद, प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य रमेश हांसदा, जिला महामंत्री अनिल मोदी, संजीव सिंह समेत कार्यक्रम के सह संयोजक संजीव सिन्हा व कई गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

इस अवसर पर स्वागत संबोधन में सुधांशु ओझा ने कहा कि अटल जी का व्यक्तित्व विशाल था और उनके साथ कार्य करना जीवन के महत्वपूर्ण क्षणों में से एक है। उन्होंने बताया कि जमशेदपुर महानगर के विभिन्न मंडलों से अटल जी के साथ कार्य कर चुके वरिष्ठजनों को आमंत्रित कर उन्हें सम्मानित किया गया है। सम्मेलन में उनके जीवन, व्यक्तित्व और कृतित्व पर आधारित विशेष वीडियो प्रदर्शित किया गया। प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रदर्शित डॉक्यूमेंट्री में अटल जी के संघर्ष, नेतृत्व, सुशासन, राष्ट्रभक्ति और ऐतिहासिक फैसलों को विस्तार से दिखाया गया।

सम्मलेन को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता डॉ. यदुनाथ पांडेय ने अटल जी की राजनीतिक प्रतिबद्धता और उनकी विचारधारा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि झारखंड अलग राज्य के निर्माण का श्रेय अटल जी को जाता है। उन्होंने झारखंड आंदोलन के संघर्ष और उन दिनों हुए विश्वासघातों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 1914 से अलग झारखंड राज्य की मांग को लेकर आंदोलन जारी था, लेकिन जब भी यह आंदोलन अपने चरम पर पहुंचता, तब कुछ नेताओं द्वारा इसे बेच दिया जाता था। इतिहास में कई ऐसे नाम दर्ज हैं, जिन्होंने आंदोलन को सौदेबाजी का जरिया बना लिया था। उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य निर्माण का श्रेय अटल बिहारी वाजपेयी को जाता है, जिन्होंने न केवल इस आंदोलन की पवित्रता को बनाए रखा, बल्कि अपने वादे के अनुरूप वर्ष 2000 में झारखंड को अलग राज्य का दर्जा भी दिया।

डॉ. यदुनाथ पांडेय ने 1990 के एक संस्मरण को याद करते हुए कहा कि जब विधायक-सांसदों की एक कार्यशाला में अटल जी ने कहा था कि आज जो गैस सिलिंडर और टेलीफोन बेच रहे हैं, कल उनकी भी बोली लगेगी। उनके ये शब्द आज भी प्रासंगिक हैं।

डॉ. पांडेय ने कहा कि अटल जी का नेतृत्व प्रेरणादायी था। वे कहते थे कि बिका हुआ नेता कभी आंदोलन सफल नहीं कर सकता और उकसाया हुआ जानवर कभी शिकार नहीं कर सकता। उनके साथ बैठना मंदिर की मूर्ति के पास बैठने जैसा अनुभव देता था। उन्होंने याद दिलाया कि जब आतंकवादियों ने कहा था कि लाल चौक पर तिरंगा नहीं फहराने देंगे, तब 1992 में अटल जी के संकल्प के चलते वहां तिरंगा फहराया गया। प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने जनजातीय मंत्रालय का गठन कर आदिवासियों के सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त किया।

डॉ. पांडेय ने 1998 में अटल जी के नेतृत्व में हुए पोखरण परमाणु परीक्षण का विशेष रूप से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जब भारत को अंतरराष्ट्रीय दबावों से जूझना पड़ा, तब अटल जी ने अपने दृढ़ संकल्प और अद्वितीय रणनीतिक कौशल से भारत को परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र बनाया। यह भारत की संप्रभुता और सुरक्षा को लेकर उनकी दूरदृष्टि का परिणाम था। अंत में, उन्होंने कहा कि अटल जी की विरासत को संजोना और उनके विचारों को आगे बढ़ाना हम सबका कर्तव्य है। हम अतीत को संजोएंगे, वर्तमान को संवारेंगे और भविष्य को बेहतर बनाएंगे। वहीं, प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद ने कहा कि अटल जी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि राष्ट्रनिमार्ता थे। वे हर भारतीय के दिल में बसे हुए हैं। उनके नेतृत्व में भारत ने आर्थिक सुधार, राष्ट्रीय सुरक्षा और वैज्ञानिक अनुसंधान के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल कीं।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि श्रद्धेय अटल जी उनके प्रेरणापुंज हैं। उनकी वाणी किसी संत की तरह होती थी। जब वे बोलते थे, तो ऐसा प्रतीत होता था जैसे घर का कोई अभिभावक स्नेह और मार्गदर्शन से भरपूर सीख दे रहा हो। उनकी भाषा में ओज था, लेकिन कटुता नहीं। वे अपने विरोधियों के प्रति भी सम्मान का भाव रखते थे, इसलिए भारतीय राजनीति में उन्हें अजातशत्रु कहा जाता है। उनके लंबे राजनीतिक जीवन में अनेक उतार-चढ़ाव आए, लेकिन उन्होंने कभी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। वहीं, पूर्व जिलाध्यक्ष एवं हजारीबाग के प्रभारी अभय सिंह ने स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए कहा कि उनका विराट व्यक्तित्व सभी के लिए प्रेरणा है। वे केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि भारतीय राजनीति के आदर्श पुरुष थे, जिनकी नीति, नेतृत्व और सुशासन की मिसाल आज भी दी जाती है। प्रधानमंत्री के रूप में अटल जी ने सुशासन की एक नई परिभाषा गढ़ी।

भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य रमेश हांसदा ने कहा कि खरसवां गोलीकांड कांग्रेस की देन थी, जबकि झारखंड राज्य पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कारण अस्तित्व में आया। अटल जी ने झारखंड की जनता की पीड़ा को समझा और राज्य के गठन की ऐतिहासिक मांग को पूरा किया।

**सम्मेलन में अटल जी के साथ कार्य कर चुके वरिष्ठ कार्यकताओं का हुआ सम्मानः** सम्मेलन के दौरान भाजपा और अन्य सहयोगी संगठनों के उन वरिष्ठ कार्यकताओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अटल जी के साथ कार्य किया था। सभी वरिष्ठ कार्यकताओं को स्मृति चिन्ह भेंटकर एवं तिलक लगाकर सम्मानित किया गया एवं कृतज्ञता व्यक्त की गई। इस दौरान मंच संचालन जिला महामंत्री सह कार्यक्रम संयोजक संजीव सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम के सह संयोजक संजीव सिन्हा ने किया।

इन्हें किया गया सम्मानितः अप्पा राव, राम सिंह मुंडा, हरेंद्र पांडेय, जितेंद्र मिश्रा, किशन महाराज, सुखदेव गिरी, बिमला देसाई, दशरथ चौबे, शिव प्रकाश शर्मा, पुरुषोत्तम मिश्रा, नीलकमल शेखर, पंचम जंघेल, ओम प्रकाश सिंह, ललन चौहान, अमरेंद्र मल्लीक, अंजन सरकार, हरिकिशोर तिवारी, महेश्वर प्रसाद सिंह, हलदर नारायण साह, मोहन कुमार, श्रीराम प्रसाद, जितेंद्र मिश्रा, मनभोद दास, गौतम दास, डीडी त्रिपाठी, तारानंद कामत, सुरेश केडिया, अश्विनी अवस्थी, हरेंद्र सिंह, शैलेश पाठक, रेणु झा एवं अन्य।

## झारखंड स्टेट राइफल एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखंड स्टेट राइफल एसोसिएशन (खफ्रअ) राज्य में शूटिंग खेलों को बढ़ावा देने और राष्ट्र के गौरव में योगदान देने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। 9 मार्च 2025 को जमशेदपुर के होटल एन.एच. हिल में वार्षिक आम सभा आयोजित की गई, जिसमें एसोसिएशन की यात्रा में एक नया अध्याय जोड़ा गया एवं शूटिंग खेलों में उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त किया। इस महत्वपूर्ण बैठक के दौरान, जेआरएसए के अध्यक्ष श्री दिवाकर सिंह, महासचिव श्री उत्तमचंद, कोषाध्यक्ष श्री मधुर अग्रवाल, मुख्य संरक्षक श्री ए.के. सेन, संरक्षक श्री विकास सिंह, उपाध्यक्ष श्री बिनय कुमार, और सचिव श्री जयेश अमीन एवं नित्यानंद सिंह ने आधिकारिक तौर पर झारखंड स्टेट राइफल एसोसिएशन की आधिकारिक वेबसाइट लॉन्च की। यह प्लेटफॉर्म खिलाड़ियों को शूटिंग कैलेंडर, इवेंट और महत्वपूर्ण घोषणाओं सहित वास्तविक समय के अपडेट से अवगत रखने के लिए बनाया गया है। बैठक में झारखंड के निशानेबाजों को उत्कृष्टता के अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने के लिए रणनीतिक चर्चा पर ध्यान केंद्रित किया गया। राज्य के हर जिले में निशानेबाजी खेलों को शुरू करने और लोकप्रिय बनाने के लिए एक व्यापक और ठोस योजना बनाई गई। एक प्रमुख पहल सभी डिस्ट्रिक्ट में शूटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता की शुरूआत करना है, जिसका उद्देश्य झारखंड के सबसे दूरदराज और आदिवासी इलाकों में भी खेल को लाना है। इस पहल से जमीनी स्तर पर प्रतिभा को बढ़ावा मिलने और खेल में समावेशिता को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

स्पीड न्यूज

## प्राइवेट हॉस्पीटल एसोसिएशन अध्यक्ष ने नगर आयुक्त को गिनायीं समस्याएं



**मेदिनीनगर।** जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने में आ रही समस्याओं को लेकर प्राइवेट हॉस्पिटल एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष तिवारी ने नगर आयुक्त जावेद हुसैन से मुलाकात की। इस दौरान श्री तिवारी ने उन्हें जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने में आ रही दिक्कतें बतायी। इन्हें दूर करने का आग्रह किया।

## पांकी थाना में शांति समिति की बैठक



**पांकी।** होली को लेकर पांकी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सीओ राजकुंवर सिंह ने की। जिसमें इंस्पेक्टर पूनम टोप्पो, प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, थाना प्रभारी राजेश रंजन भी थे। बैठक में आपसी सद्भाव के साथ होली मनाने का निर्णय लिया गया। थाना प्रभारी राजेश रंजन ने बताया कि होली बुराई पर अच्छाई की जीत का त्योहार है। मौके पर पूर्व थाना प्रभारी ललित कुमार, सांसद प्रतिनिधि सत्य प्रकाश उर्फ चुनमुन पांडे, विधायक प्रतिनिधि मिंटी वर्मा, उप प्रमुख अमित चौहान, राजद प्रखंड अध्यक्ष तौकीर आलम, मुखिया राजेंद्र पांडे, सागलिम मुखिया सुनील प्रजापति थे।

## होली में असामाजिक तत्वों पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर : डीएसपी



**विश्रामपुर (पलामू)।** होली व रमजान को लेकर सोमवार को रेहला थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार व संचालन फिरोज खान ने किया। बैठक में होली सौहार्द पूर्वक मनाने रमजान के पाक महीने में शांति व्यवस्था बनाये रखने का निर्णय लिया गया। एसडीपीओ आलोक टुटी ने कहा कि त्योहार आपसी प्रेम व भाईचारे का प्रतीक है। मौके पर सीओ राकेश तिवारी, जिप सदस्य विजय रविदास, अनुज पांडेय, रामचंद्र दीक्षित, डॉ बीपी शुक्ला, डॉ डीपी शुक्ला, नंदलाल शुक्ला, नरेंद्र राम गुड्डू, मजमुद्दीन अंसारी, ज्वाला गुप्ता भी थे।

## होली-रमजान में दिखायें प्रेम: एसडीपीओ



**हरिहरगंज पलामू।** होली व रमजान को लेकर थाना परिसर में सोमवार को शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता एसडीपीओ अवध यादव तथा संचालन थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक चंदन कुमार ने किया। सीओ मनीष सिन्हा की उपस्थिति में लोगों ने शांति और भाईचारे के साथ होली व ईद मनाने का निर्णय लिया। एसडीपीओ ने कहा कि होली तथा रमजान दोनों प्रेम और भाईचारे का त्योहार है। मौके पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार, एसआई सतीश कुमार, रंजीत सिंह, अविनाश कुमार, एएसआई मनोज कुमार, अभय त्रिपाठी, सुनील कुमार, भोला गुप्ता, गंगा जायसवाल, मुन्ना विश्वकर्मा, अरविंद पासवान आदि भी थे।

## बोरा दुकान में लगी आग, भारी क्षति



**छतरपुर।** छतरपुर नगर पंचायत क्षेत्र के रामगढ़ में स्थित चांदेव यादव के मकान में श्रीराम चौधरी के उन्हीं के नाम से संचालित बोरा दुकान में सोमवार को आग लग गयी, जिससे बंडल के बंडल बोरा जलकर खाक हो गया। लोगों ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से यह आग लगी। जानकारी मिलते ही छतरपुर सीओ उपेंद्र कुमार घटनास्थल पहुंच इसका जायजा लिया। तब तक वहां छतरपुर पुलिस बीच बचाव कार्य में जुट गयी थी। आग को देख अग्निशामक बुलाया गया जो करीअ 1 घंटे के बाद इस पर काबू पा सका।

## ईलाज के दौरान महिला की हुई मौत



**हुसैनाबाद, पलामू।** अनुमंडलीय अस्पताल में सोमवार को ईलाज के दौरान नवविवाहिता (21) की मौत हो गयी। ग्रामीणों ने इसे डॉक्टरों की लापरवाही बताया है। जानकारी के अनुसार बुधुआ के स्व शेख अलीमुद्दीन की नवविवाहिता पुत्री सगुफ्ता खातून, पति तुफैल अहमद को दोपहर करीब 2 बजे अस्पताल लाया गया, जहां डॉ आकाश खलको व अन्य नर्स इलाज कर रहे थे। कुछ देर बाद उसकी मौत हो गयी। इसके बाद परिजन डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे। मौके पर एसडीओ गौरांग महतो, एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब, थाना प्रभारी सोनू चौधरी ने परिजनों से बातचीत की।

## पंडवा सीओ ने 65 लोगों पर जारी किया अतिक्रमणवाद का नोटिस

**पंडवा।** सोमवार को सीओ अमित झा ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार के अनुरोध के आलोक में पंडवा अंचल में फोरलेन सड़क निर्माण के लिए चिन्हित अतिक्रमण हटाने के लिए एनएचएआई के अमीन और अंचल अमीन से संयुक्त मापी कारवायी। जिसमें कुल 65 लोगों पर अवैध अतिक्रमण की प्रारंभिक पुष्टि की गयी है। सीओ ने बताया कि झारखंड सार्वजनिक भूमि अतिक्रमण अधिनियम 2000 की धारा 3 के तहत कुल 65 लोगों को प्रपत्र 1 में नोटिस जारी कर अतिक्रमणवाद प्रारंभ कर दिया गया है। सुनवाई की तिथि 18 मार्च को पंडवा सीओ के कार्यालय में तय की गयी है।

## लोइंगा के ग्रामीणों ने सीओ से की अतिक्रमण भूमि मुक्त कराने की मांग

**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के ग्राम लोइंगा के ग्रामीणों ने पाटन सीओ को आवेदन देकर गांव में ही अतिक्रमण किये गये भूमि को मुक्त कराने की मांग की है। मकबुल अंसारी, मो सफीक अंसारी समेत कई ग्रामीणों ने कहा है कि सतार अंसारी के घर से देवी मंडप होते हुा सीताराम साव के घर समेत रोजन मियां के घर तक रास्ते पर भूमि अतिक्रमित किया गया है। इसके अलावे कई जगहों पर भूमि का अतिक्रमण किया गया है। इस कार्य के लिए मुखिया रंजीत कुमार यादव द्वारा कठोर कदम उठाया गया है। ग्रामीणों ने सीओ से आग्रह किया है कि भूमि अतिक्रमण मुक्त कराने से लोगों को आवागमन समेत कई कार्यों में सहूलियत होगी।

# पलामू जिला के बर्खास्त चतुर्थवर्गीय कर्मियों को पुन: नियुक्त करने की मांग

- पांकी विधायक ने विधानसभा में झारखंड पुलिसकर्मियों की समस्या संबंधित सवाल उठाया

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने विधानसभा में अल्पसूचित प्रश्न के दौरान झारखंड पुलिसकर्मियों की समस्या संबंधित सवाल उठाया। डा मेहता ने कहा कि पुलिसकर्मियों को मिलने वाले विभिन्न भत्तों को पुनरीक्षित करने का प्रस्ताव, पुलिस मुख्यालय से विभाग को उपलब्ध कराया गया है। इनके सवाल स्वीकार किये गये। डा मेहता ने कहा कि राज्य के पुलिसकर्मियों के द्वारा बिहार राज्य के समतुल्य भोजन व वर्दी भत्ता तीन हजार पांच सौ रूपये तथा दस हजार रूपये प्रतिवर्ष करने की मांग की जाती रही है। इसे भी स्वीकार किया गया।



डॉ मेहता ने कहा कि क्या सरकार पुलिसकर्मियों को मिलने वाले विभिन्न भत्तों को पुनरीक्षित करके भुगतान करने का विचार रखती है हां तो कब तक और नहीं तो क्यों। सवाल के जवाब में कहा गया कि झारखंड पुलिस के पुलिसकर्मियों को मिलने वाले विभिन्न भत्तों को पुनरीक्षित करने का प्रस्ताव विभाग को प्राप्त हैद्ध प्रस्ताव संप्रति विचाराधीन है। डा मेहता ने शून्य काल में बर्खास्त पलामू जिला के 255 चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों को पुनः नियुक्त करने की मांग की है। डा मेहता ने कहा कि वर्ष 2018 में पलामू जिला सहित झारखंड के अन्य जिलों में चतुर्थवर्गीय कर्मियों /अनुसेवकों की नियुक्ति जिला चयन समिति के द्वारा की गई थी। उक्त नियुक्ति को उच्चतम न्यायालय द्वारा पारदर्शिता की कमी बताकर खारिज कर दिया गया है। इसके बाद पलामू जिले में कार्यरत 255 चतुर्थवर्गीय कर्मियों/अनुसेवकों को बर्खास्त कर दिया गया है। आगे चलकर अन्य जिलों में भी इस प्रकार की समस्या उत्पन्न होगी। लगभग आठ साल से कार्यरत कई कर्मियों की नियुक्ति हेतु वांछित आयु समाप्त हो गई है तथा अन्य किसी विभाग में नियुक्ति के पात्र नहीं रह गये हैं। उन्होने सरकार से उक्त कर्मियों की नियुक्ति पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए पुनः नियुक्त करने की मांग की है।

# नशेड़ियों और हुड़दंगियों रहेगी पलामू पुलिस की विशेष नजर

खबर मन्त्र संवाददाता



पंडवा में सोमवार को शांति समिति की बैठक के दौरान एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देते लोग।

**पंडवा पलामू।** थाना परिसर में सोमवार को हुई शांति समिति की बैठक में होली शांति एवं सौहार्द पूर्ण मनाने को लेकर चर्चा हुई। जिसकी अध्यक्षता करते हुए पंडवा बीडीओ अमित झा ने होली एक दूसरे के साथ आपसी एकता भाईचारा और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। कहा कि होली ही ऐसा त्योहार है जो विभिन्न रंगों में लोग सराबोर हो एकता का परिचय देते हैं।वही पंडवा थाना प्रभारी चंद्रशेखर यादव ने कहा कि पलामू एसपी के निर्देशानुसार शांति समिति और होली मिलन समारोह का आयोजन कर पंडवा पुलिस क्षेत्रवासियों से रंगों का त्योहार मनाने की अपील की। कहा कि पर्व में किसी भी सूरत में व्यवधान उत्पन्न करने वाले लोगों को बर्दाश्त नही किया जायेगा। कहा कि असमाजिक तत्वों और हुड़दंगियों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। इसके पूर्व पंडवा बीडीओ अमित झा, थाना प्रभारी चंद्रशेखर यादव, एसआई विक्की कुमार, विजय मेहता, जितेंद्र यादव, नवल किशोर सिंह, जितेंद्र कुमार, मंजीत कुमार, अनुज सिंह, महाराणा प्रताप सिंह, दीपक कुमार, संतोष यादव, पूर्व मुखिया उपेन्द्र नाथ सिंह, श्रीराम मेहता भी थे।

# होली मिलन के बहाने एक दूसरे से मिले राजनीतिक दलों के लोग

- पीरी मोड़ में होली मिलन समारोह का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**पांकी पलामू।** अखिल भारतीय क्षत्रिय चंद्रवंशी महासभा ने रविवार को पीरी मोड़ पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस मौके पर कई राजनीतिक दलों के नेता एक-साथ नजर आये। चतरा सांसद कालीचरण सिंह के निर्देश पर मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता, जिला कार्य समिति साधु मांझी, श्याम नंदन ओझा, चुनमुन पांडेय सहित कई लोगों ने एक दूसरे को



होली मिलन समारोह में शामिल कई दलों के लोग।

गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। पारंपरिक होली गीतों की धुन पर लोग झूमते नजर आये। भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुध्न सिंह ने कहा कि यह सिर्फ होली मिलन समारोह है। मिलने-जुलने का त्योहार है। खुशी का माहौल है। इस बहाने लोगों से मिलना-जुलना हो जाता है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि मिंटी वर्मा, नागेंद्र चंद्रवंशी, वीरेंद्र वर्मा, अजय चंद्रवंशी, राकेश चंद्रवंशी, कौशल किशोर चंद्रवंशी, संतूराम चंद्रवंशी, अरुण चंद्रवंशी राकेश कुमार आदि लोगों ने कहा कि होली में तो गैर भी गले मिलते हैं। हमारे दल अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन दिल एक है।

### मोहम्मदगंज थाना परिसर में शांति समिति की बैठक लिये गये कई निर्णय

**मोहम्मदगंज।** सोमवार को शांति समिति की बैठक थाना परिसर में आयोजित की गई। इसमें कई निर्णय लिये गये। इसकी अध्यक्षता बीडीओ सह सीओ रणवीर कुमार ने की। बैठक में अश्लील हरकत, तेज रफ्तार से वाहन, सोशल मीडिया में गलत मैसेज और राहगीरों के साथ अभद्र व्यवहार समेत अन्य मुद्दे पर चर्चा की गई। ऐसी हरकत को गंभीरता से लेते हुए दोषी के विरुद्ध कठोर कदम उठाने की बात पुलिस और प्रशासन की ओर से कही गई। कहा गया कि पुलिस की पैनी नजर रहेगी। इसके साथ ही रमजान माह को लेकर हर नमाज स्थलों पर विशेष चौकसी बरतने की बात कही गयी।

### मनातू प्रखंड में पलाश हर्बल गुलाल का शुभारंभ

# प्राकृतिक और हर्बल रंगों से इस होली को बनायें सुरक्षित और रंगीन

सुधीर यादव

**मनातू पलामू।** पलाश, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी के तत्वावधान में पलाश हर्बल गुलाल का शुभारंभ एसबीआई बैंक मैनेजर पदमा क्रिकेट इंचार्ज संतोष कुमार साहित द्वारा क्लस्टर पदमा में किया गया । यह विशेष प्रदर्शनी सह बिक्री स्टॉल 13 मार्च तक सीएएफ परिसर में आयोजित की गयी है, जिससे होली पर लोग प्राकृतिक और हर्बल रंगों का आनंद उठा सकें। लेस्लीगंज के प्रोड्यूसर ग्रुप के द्वारा विशुद्ध एवं प्राकृतिक तरीके से पलाश हर्बल गुलाल बनाया गया है। कई रंग के गुलाल हैं जो आकर्षक भी है।



पलाश हर्बल गुलाल का शुभारंभ करते अतिथि व उपस्थित लोग।

**खास बातें :** पलाश हर्बल गुलाल का शुभारंभ करते हुए अतिथियों ने समूह ने इस ने कदम की सराहना करते हुए गुलाल की बिक्री हेतु फारवर्ड लिकेज की बात कही। उन्होंने सभी संलग्न दीदियों को शुभकामना देते हुए इसी प्रकार से आत्मनिर्भर एवं सशक्त होने हेतु प्रेरित किया। जेएसएलपीएस की प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक कुमारी नम्रता ने बताया कि लेस्लीगंज प्रोड्यूसर ग्रुप के द्वारा यह हर्बल गुलाल बनाया जा रहा है जो कि पूरे राज्य में डिमांड के अनुरूप उपलब्ध करवाया जा रहा है। साथ में जिले के अन्य संकुल संघठन और प्रोड्यूसर ग्रुप को भी मार्केटिंग हेतु उपलब्ध कराया जा रहा है। यह प्रोडक्ट चौक एवं चौराहों में भी उपलब्ध होगा। पलाश हर्बल गुलाल की विशेषताएं प्राकृतिक और हर्बल सामग्री यह गुलाल पूरी तरह से प्राकृतिक तत्वों जैसे पालक, बीट, फूल और गाजर से बनाया गया है, जो त्वचा और पर्यावरण दोनों के लिए सुरक्षित है। रंगीन और आकर्षक यह विभिन्न जीवंत रंगों में उपलब्ध है, जो होली के उत्सव को और भी खास बना देगा। कार्यक्रम में उपस्थित समूह की दीदियों ने पदाधिकारियों को गुलाल से तिलक लगाकर साथ ही स्वयं एक दूसरे को गुलाल लगाकर सुरक्षित होली हेतु समाज को भी प्रेरित किया।

# पलामू अखबार विक्रेता संघ ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

- प्रेम के रंग में घुलना ही समारोह का उद्देश्य : अविनाश देव

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अखबार विक्रेता संघ पलामू ने माटीकला कार्यालय के प्रांगण में होली मिलन समारोह किया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि अविनाश देव ने किया। संघ के अध्यक्ष गोपाल प्रजापति ने गुलाल लगाकर उनका स्वागत किया। समारोह में अखबार विक्रेताओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली मनायी। जिसमें सभी लोग अबीर गुलाल के रंग में सराबोर हो गये। लोगों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी लुत्फ उठाया। मौके पर व्यास हेमंत व उनकी टीम ने एक से बढ़कर एक होली गीत गाकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। श्री देव ने





कहा कि यह होली मिलन एक बहाना है असली बात समन्वय के साथ आगे बढ़ते जाना है। आपके ऊपर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। मौके पर संरक्षक राजा पांडेय, आशुतोष पांडेय, भुनेश्वर प्रजापति, नागेंद्र तिवारी, बिजय प्रजापति, नंदकिशोर प्रजापति, कृष्णा प्रजापति समेत कई अखबार बिक्रता हॉकर शामिल थे।

# असामाजिक तत्वों पर पुलिस रखेगी नजर

खबर मन्त्र संवाददाता

- होली को लेकर रामगढ़ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**रामगढ़ (पलामू)।** रंगों के महापर्व होली को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से रामगढ़ थाना परिसर में सोमवार को शांति समिति की बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी ओम प्रकाश साह ने की। उन्होंने कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का पर्व है, जिसे मिल-जुलकर शांतिपूर्वक मनाना चाहिए। सबसे अपील की कि त्योहार के दौरान अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। कहा कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जायेगी, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और स्थानीय



लोगों ने अपने सुझाव भी रखे। कहा कि संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की जाये और गश्त बढ़ायी जाए ताकि असामाजिक तत्व कोई गड़बड़ी न कर सकें। इसपर थाना प्रभारी ने भरोसा दिया कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक कदम उठाये जायेंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि होली के दौरान डीजे बजाने की अनुमति प्रशासन से लेनी होगी।

## मार्बल और टाईल्स दुकान का उद्घाटन



**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के नहर मोड़ दिनेश चौक स्थित गणपति मार्बल एंड हार्डवेयर दुकान खोला गया, जिसका शुभारंभ हुसैनाबाद नगर पंचायत के निवर्तमान अध्यक्ष शशी कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि जपला शहर जिस तरीके से बढ़ रहा है क्षेत्रफल की दृष्टि से यह स्थान काफी जरूरतमंद हैं। यहां टाइल्स, मार्बल व हार्डवेयर की दुकान से ग्रामीण व शहरी इलाकों को लाभ मिलेगा। प्रोपराइटर सुमित कुमार ने बताया कि मार्बल, टाइल्स और हार्डवेयर की सभी सामान अच्छे गुणवत्तायुक्त सामग्री उचित मूल्य पर मिलेगी। मौके पर मनोज प्रसाद, लवकुश कुमार, धीरज कुमार, अमूल प्रसाद सुधीर पाठक, मंटू चौधरी, ललिता देवी, डॉली साह, लवी गुप्ता, किट्टू गुप्ता, मधु गुप्ता और अशोक यादव समेत कई शामिल लोग थे।

## वात्सल्य किड्स प्ले स्कूल का शुभारंभ



**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के मुख्य बाजार स्थित एसबीआई मेन ब्रांच के समीप वात्सल्य किड्स प्ले स्कूल का रविवार को शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन विधायक संजय कुमार सिंह यादव, जेएनवी के प्रिंसिपल ए. रूमी, एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने किया। विधायक ने कहा कि हुसैनाबाद शहर हर क्षेत्र में काफी तेजी से विकसित हो रहा है। प्ले स्कूल में बच्चों में भावनात्मक, सामाजिक, शारीरिक, मानसिक विकास होगा। निदेशक अंकित कश्यप ने बताया कि सह स्कूल देश का सबसे बड़ा प्री चैन ग्रुप है जो कई शहरों में चल रहा है। मौके पर नीतिन पांडे, अभिषेक सिंह, मीणा सर, अशोक कश्यप, निवर्तमान नगर उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दिकी, प्रो, संजय सिंह, प्रो अरविंद सिंह, दिलीप सिंह, विनय सिंह यादव, बिट्टू कश्यप मौजूद थे।

# कुकही में आयोजित हुआ होली मिलन समारोह, खूब उड़े गुलाल

- कलाकारों ने एक से बढ़कर एक होली गीत गाकर लोगों को झुमाया
- प्रखंड प्रमुख व भाजपा नेताओं ने किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड के ग्राम पंचायत कुकही में रविवार को श्री कुकही महोत्सव समिति के संरक्षक वरिष्ठ अभियंता गुप्तेश्वर राम, संतोष सिंह, अधिवक्ता प्रेमतोष सिंह के नेतृत्व में होली मिलन समारोह आयोजित की गयी, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया गया। शुभारंभ प्रखंड



प्रमुख कलावती देवी अधिवक्ता प्रेमतोष सिंह, अभियंता गुप्तेश्वर राम, भाजपा कार्यसमिति सदस्य रविंद्र सिंह, मिथिलेश सिंह, विनय सिंह उर्फ बिनु सिंह, रणविजय सिंह, नरेंद्र सिंह आदि कई गणमान्यों ने कलाकारों को सम्मानित कर एवं एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की त्यौहार की बधाई दी।

## झारखंड क्रांतिकारी महिला मोर्चा ने मनाया महिला दिवस

**मेदिनीनगर।** झारखंड क्रांतिकारी महिला मोर्चा पलामू ने रेडमा सुरेश सिंह चौक के निकट अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला नेत्री कांति चंद्रवंशी के नेतृत्व में हर्षोल्लास के साथ अबीर गुलाल खेल महिला दिवस मनाया। मोर्चा के संरक्षक अधिवक्ता रंजन चंद्रवंशी ने कहा कि महिला दिवस पूरे विश्व में आज ही के दिन जर्मन क्रांतिकारी क्लारा जेटकिन ने 1910 में कोपेनहेगन में 8 मार्च को महिलाओं के लिए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव रखा था।

# चंद्रवंशी समाज के होली मिलन समारोह में जमकर उड़े गुलाल

खबर मन्त्र संवाददाता


- सबने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर मनायी खुशियां

**पांकी (पलामू)।** प्रखंड के पिरी मोड़ के निकट अखिल भारतीय क्षत्रिय चंद्रवंशी समाज का होली मिलन समारोह किया गया। इसके पूर्व महाराजा चक्रवर्ती मगध सम्राट महाराज जरासंध की तस्वीर पर पुष्पांजित कर दीप प्रज्ज्वलित कर शुरुआत की गयी। इसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किये गये। इसमें चंद्रवंशी समाज के हजारों लोग उमड़े। सबने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगा कर खुशियां मनायी। खास बात यह रही कि इसमें महिलाओं



की भी संख्या अधिक देखने को मिली। सबने उत्साह के साथ इसमें भाग लिया। बीरेंद्र वर्मा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से एकजुटता आती है। सर्वसम्मिति से प्रत्येक वर्ष होली मिलन समारोह मनाने का निर्णय भी लिया गया। चंद्रवंशी समाज एक दूसरे को गुलाल लगाकर एवं गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी।

## संवेदक और कनीय अभियंता की मिलीभगत से हुआ सड़क का घटिया निर्माण कार्य: संग्राम सिंह



**पाटन पलामू।** सेमरी पंचायत के जोड़ा खुर्द से माथा बांध तक सड़क निर्माण पीएमजीएसवाई से 1 वर्ष पूर्व निर्माण कराया गया है। सड़क टूट कर जर्जर हो गयी है। इसकी जानकारी पाटन के जिप सदस्य संग्राम सिंह ने दी। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण के संवेदक राजन तिवारी डालटनगंज ने वित्तीय वर्ष 2022 /23 में ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल मेदिनीनगर से सड़क बनी है जिसकी प्राक्कलित राशि (1,38,25,800) 1 करोड़ 38 लाख 25 हजार 800 था। यह सड़क वर्ष 2024 में बनकर तैयार हुई है, जो जर्जर हो गयी।

# महिला शक्ति की जागरूकता से ही कम होगा प्रदूषण का आतंक : डॉ कौशल

- पर्यावरणविद ने दो राज्यों के तीन विद्यालयों के बच्चों को पढ़ाया पर्यावरण धर्म का पाठ
- महिलाएं पौधा लगाकर अपने बच्चों की तरह करें देखभाल करें

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** गढ़वा जिले के रमकंडा प्रखंड में अनुसूचित जाति बालिका आवासीय उच्च विद्यालय और अनुसूचित जाति आवासीय मध्य विद्यालय के अलावे छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के राजपुर कस्तूरबा विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व बनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने कन्या पूजन के उपरांत पौधरोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं वृक्षों पर रक्षाबंधन कर पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाते हुए नारी शक्ति को नमन कर कार्यक्रम का समापन किया।





पौधरोपण, वृक्षों पर रक्षाबंधन व पर्यावरण धर्म की शपथ दिलाते पर्यावरण धर्म गुरु डॉ कौशल किशोर जायसवाल।

कार्यक्रम में शामिल स्कूली छात्र छात्राओं को पर्यावरण धर्म के संबंध में कई रोचक जानकारियां देकर उन्हें पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि किसानों को वृक्ष खेती करने से ही अकाल, सुखाड़ से राहत तो मिलेगी ही उनकी आमदनी भी बढ़ेगी। जिससे आत्मनिर्भरता के साथ उनकी आर्थिक स्थितियां में भी सुधार होगा। डॉ कौशल ने प्रदूषण की विभीषिका से बचने के लिए परमाणु ऊर्जा को बंद करने व दैनिक जीवन मे भौतिक संसाधनों का उपयोग कम करने की सलाह दी। कार्यक्रम में हेडमास्टर गुप्तेश्वर पासवान, योगेश्वर राम व वार्डेन उर्मिला मिंज ने कहा कि पर्यावरणविद डॉ कौशल के द्वारा इसके पहले इस विद्यालय में लगाये गये पौधे आज पेड़ बनकर फल -फूल दे रहा है। मौके पर शिक्षक आशा भारती, सुमित्रा मिंज, परवीना भगत, अमर शीला, पूर्णिमा यादव, विमला कुमारी, मनोज ठाकुर, शिमला कुमारी, प्रज्ञा वेद अलंकार, अपूर्व रंजन, गोपाल सिंह, वीरेंद्र पासवान आदि लोग शामिल थे।

# झामुमो नेता दीपक तिवारी-विनायक दुबे ने किया अम्बे इंटरप्राइजेज का उद्घाटन

### रांची रोड बन रहा व्यावसायिक हब : दीपक तिवारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रांची रोड रेडमा ठाकुरबाड़ी मंदिर के सामने अम्बे इंटरप्राइजेज का शुभारंभ हुआ। इस प्रतिष्ठान का विधिवत उद्घाटन झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता दीपक तिवारी एवं संस्थान के प्रोपराइटर विनायक दुबे ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर दीपक तिवारी ने कहा कि रांची रोड व्यवसायिक हब बन रहा है। रेडमा चौक से लेकर चियांकी तक यह रोड व्यवसायिक दृष्टिकोण से प्रतिदिन विकास कर रहा है। यहां बड़ी कंपनियों के स्टोर खुले हैं। साथ ही आमलोग अपने स्टॉट अप से नया एहसास करा रहे हैं। उद्यमी व्यावसायिक प्रतिष्ठान



फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि व उपस्थित अन्य।

खोलकर अपनी जीविकोपार्जन कर रहे हैं और अपने जीवन में आर्थिक समृद्धि ला रहे हैं। अम्बे इंटरप्राइजेज जैसे संस्थान खुलने से न केवल रांची रोड वासियों को फायदा होगा, बल्कि पलामूवासी जो मेदिनीनगर शहर में बाजार करने आते हैं उन्हें लाभ मिलेगा। लोग यहां किफायती कीमतों में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण की थोक एवं खुदरा खरीद कर सकेंगे। प्रोपराइटर विनायक दुबे ने कहा कि इसमें सेलीकोर कंपनी का टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन अन्य सामग्री का इलेक्ट्रॉनिक उपकरण उपलब्ध रहेगा। मौके पर संतोष तिवारी, राकेश दुबे, मणिधर दुबे, लव पांडेय, परमानंद उपाध्याय, मनीष, चंद्रशेखर तिवारी, सिद्धेश्वर गिरी, दिलीप पांडेय, सुजीत कुमार, लव पांडेय कुश पांडेय उपस्थित थे।

# मनरेगा योजना समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में सोमवार को मनरेगा लोकपाल सुशील तिवारी ने मनरेगा योजना समेत अन्य योजनाओं का समीक्षा किया। समीक्षा के दौरान अबुआ आवास लाभुकों को शत प्रतिशत भुगतान करने, कूप निर्माण के जिस योजना भुगतान शून्य है उसको प्राथमिकता के साथ पूरा करने, सामाजिक अंकेक्षण के दौरान प्राप्त शिकायतों का निष्पादन करते हुए एमआई करने आदि का निर्देश दिया। साथ ही खेल मैदान निर्माण में शिथिलता बरतने वाले रोजगार सेवकों को कड़ी फटकार लगाते हुए कार्य को यथाशीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। इससे पूर्व मनरेगा लोकपाल व बीपीओ ने हरिहरपुर पंचायत में संचालित आम बागवानी योजना का स्थल निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने कहा कि एक एकड़ से ऊपर की योजना में जलकुंड व सीपीटी का निर्माण कराने का निर्देश दिया गया। दो दिनों के अंतराल पर पौधों में पानी डलवाने। साथ ही योजना का जो बोर्ड लगा हुआ है उसमें संबंधित योजना का नाम, लोकपाल का नाम और लोकपाल का फोन नम्बर अंकित करने का निर्देश दिया। बैठक में बीपीओ सोनू कुमार, रोजगार सेवक मनोज कुमार, अनुज कुमार रवि, छोटन बैठा, सतेंद्र कुमार पासवान, रविन्द्र राम, मानस कुमार, असलम अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।



मनरेगा योजना का समीक्षा करते मनरेगा लोकपाल

# मुर्गी फार्म में लगी आग

## साढ़े पांच लाख रुपए का नुकसान

खबर मन्त्र संवाददाता

**रमना।** थाना क्षेत्र के मड़वनिया गांव निवासी मुकेश मेहता के मुर्गी फार्म में अचानक आग लग जाने से लगभग साढ़े पांच लाख रुपए की संपति जलकर खाक हो गई है। घटना सोमवार दोपहर की बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार मुकेश मेहता मुर्गियों को दाना दे रहे थे। उसी वक्त हुए शॉट सर्किट के कारण एलटी तार टूटकर मुर्गी फार्म पर जा गिरा। जब तक बिजली काटी जाती तब तक मुर्गी फार्म और उसमे मौजूद तेरह सौ मुर्गी का चुजा पूरी तरह जलकर खाक हो चुका था। इस दौरान मुर्गी फार्म में मौजूद मुकेश मेहता अपनी पत्नी चंदा देवी और दुधमुहा बच्चा युवान के साथ जन बचाकर भागने में सफल रहे। आगलगी की इस घटना में मुर्गी फार्म और उसमे मौजूद तेरह सौ चुजा के अलावे, मुर्गी का दाना, समरसेबल, सोलर प्लेट, बैट्री सहित अन्य रोजमर्रा की चीजे जलकर खाक हो गई है। पीड़ित मुर्गी पालक के अनुसार इस घटना में उन्हें पांच लाख रूपए का आर्थिक नुकसान हुआ है।

**शॉट सर्किट के कारण एलटी तार टूटकर मुर्गी फार्म पर जा गिरा**

## बीडीओ ने किया प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण

**कांडी।** बीडीओ राकेश सहाय ने सोमवार को प्रावि शिवरी का औचक निरीक्षण किया। जांच के क्रम में सहायक अध्यापक सुदीप पाल उपस्थित थे। नामांकित 90 बच्चों में 70 बच्चे उपस्थित थे। बीडीओ ने मध्याह्न भोजन की जांच के क्रम में मेनू के अनुसार चावल, दाल, सब्जी व अंडा पाया। बीडीओ ने कहा कि इस स्कूल में उत्कृष्ट नमूना देखने को मिला। उन्होंने प्रखण्ड के सभी स्कूलों में मध्याह्न भोजन योजना को इसी मानदंड के अनुसार संचालित किए जाने की जरूरत बताया। बीडीओ ने सभी स्कूल संचालकों से अपील करते हुए कहा है कि बच्चों की हक से कोई समझौता नहीं करे जांच में पकड़े जाने पर कठोर कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

# महिला ने की आत्महत्या



मृतका

**रमना।** प्रखंड के बुल्का पंचायत के अतेयारी गांव निवासी मुनेशर परहिया की 22 वर्षीया पत्नी निर्मला देवी ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार घटना से पूर्व दोनों पति-पत्नी रमना बाजार आये थे। घर में आये मेहमान एवं अपनी पांच वर्षीया पुत्री के लिए कपड़ा भी रमना से खरीद कर घर गये थी। शाम में पति बगल के ही आजाद नगर गया हुआ था। इसी क्रम में पत्नी ने वीडिओ कॉलिंग कर पति को जहर के शीशी दिखाते हुए बोली की मैंने जहर पी ली है। इस सुचना के बाद पति आनन-फानन में घर पहुंचा एवं इलाज के लिए घर से निकला इसी क्रम में निर्मला ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। इस घटना की सूचना पाकर थाना प्रभारी आकाश कुमार ने शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण हेतु सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। इस आत्महत्या का मुख्य कारण का पता भी नहीं चल पा रहा है। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि मृतका के परिजन द्वारा अभी तक कोई आवेदन नहीं दिया गया। सूचनानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# होली मिलन समारोह आयोजित



कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित बाजार प्रांगण में सोमवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखण्ड प्रमुख नारायण यादव, पंचायत मुखिया विजय राम मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुरूआत सभी गणमान्य लोगों का फूलमाला पहनाकर, अंगवस्त्र देकर व रंग अबीर लगाकर किया गया। छतरपुर पलामू के लोकगायक भोला व्यास ने अपनी पूरी टीम के साथ कई होली गायन व पारम्परिक गीत प्रस्तुत कर लोगों की तालियां बटोरी। यह कार्यक्रम दोपहर से शुरू होकर देर रात तक चलता रहा। होली मिलन समारोह में मुख्य रूप से जिप पार्षद प्रतिनिधि दिनेश कुमार, उप मुखिया दिलीप कुमार, बीडीसी प्रतिनिधि अनूप कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष शशि रंजन दुबे, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राम लाला दुबे, पूर्व मुखिया विनोद प्रसाद, विश्वनाथ प्रसाद, अशोक प्रसाद, सहेंद्र प्रसाद, राजद प्रखण्ड अध्यक्ष जगदीश यादव, कृष्णा बारी, विनोद मेहता, सतेंद्र कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## कोल्हान अधीक्षक के स्थायी पदस्थापना की मांग

**मनोहरपुर।** मनोहरपुर विस क्षेत्र के विधायक जगत माझी ने सोमवार को विधानसभा में कोल्हान अधीक्षक के स्थायी पदस्थापना का मामला सदन में उठाया। तारांकित प्रश्न में विधायक ने सरकार से मांग किया की कोल्हान अधीक्षक का पद प्रभार में चलने के कारण आम नागरिकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक के प्रश्नोत्तर में सरकार ने कहा है कि उपायुक्त, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा के पत्रांक-450 (बी)/रा०, दिनांक-05.03.2025 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि कोल्हान अधीक्षक के पद पर सरकार के द्वारा समय-समय पर पदस्थापन की जाती रही है। वर्तमान में यह पद रिक्त रहने की स्थिति में उनके कार्यालय आदेश ज्ञापांक-479 (बी) दिनांक 04.12.2024 के द्वारा अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर चाईबासा को इस पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

# डीएवी मॉडल में लगा डेंटल कैंप




जांच करते चिकित्सक

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** वनांचल डेंटल कॉलेज, फरठिया के हॉस्पिटल सुपरिटेंडेंट डॉ एके सिन्हा के नेतृत्व में डीएवी मॉडल स्कूल में डेंटल कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक सुशील केशरी एवं सभी चिकित्सक टीम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान डॉ कुमारी सुविद्या, डॉ प्रीति हेम्ब्रम, डॉ मनोज कुमार वत्स, डॉ आरती, डॉ एलिजा जॉन डुंगडुंग ने विद्यालय के बच्चों की दांतों का चेकअप किया। साथ ही जरूरतमंद बच्चों को दवा, टूथपेस्ट उपलब्ध कराई। उन्होंने समस्या ग्रस्त बच्चों को सही उपचार के लिए डेंटल कॉलेज गढ़वा में आमंत्रित किया।

ताकि उनका समय पर सही उपचार हो सके। मौके पर विद्यालय के शिक्षक अंजनी कुमार सिंह, वीरेंद्र कुमार, तान्या कुमारी, कोमल केषरी, ओम प्रकाश शर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

# प्रखंड स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन



उद्घाटन करते अतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

**धुरकी।** प्रखंड एवं सगमा प्रखंड के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को धुरकी प्रखंड परिसर में प्रखंड स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन धुरकी सगमा बीडीओ सह सीओ जुल्फिकार अंसारी और प्रमुख शांति देवी ने दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया। मौके पर बीडीओ सह सीओ ने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है। यहां के कृषि लगभग 70 प्रतिशत किसान कृषि पर निर्भर रहते हैं एवं अपने खेतों में उपज कर फसल उगाते हैं। उन्होंने कहा कि किसान अति प्रगतिशील होते हैं वह दिन-रात मेहनत कर अपने खेतों में फसल उगाते हैं। उन्होंने मेले में आए सभी किसानों से आग्रह किया कि वह कभी भी रासायनिक खाद्य पदार्थ का प्रयोग ना करें। हमेशा जैविक खाद्य पदार्थों का इस्तेमाल करें। किसान मेले सह प्रदर्शनी में किसान अपने फसल को भी साथ में लेकर आए थे। किसान प्रदर्शनी मेले में धुरकी एवं सगमा के किसानों को खेती करने का अलग-अलग विधि एवं तरीका भी बताया। मौके पर योगेंद्र नाथ सिंह, अरूण पाण्डेय, बीटीएम धनंजय सिंह, झामुमो के धीरेन्द्र कुमार यादव, पूर्व जिप सदस्य जानकी सिंह, इजराइल खान, प्रखण्ड कृषि विभाग के अंबुज जायसवाल बीपीआरओ चंद्र किशोर, मुखिया प्रतिनिधि साबिर अंसारी, अनामुल हक अंसारी, किसान मित्र योगेन्द्र यादव सहित काफी संख्या में महिला किसान एवं पुरुष मौजूद थे।

# पलाश हर्बल गुलाल बिक्री सह प्रदर्शनी का शुभारंभ



निरीक्षण करते डीसी व एसपी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** समाहरणालय परिसर में जेएसएलपीएस, गढ़वा द्वारा संचालित पलाश मार्ट में पलाश हर्बल गुलाल बिक्री-सह-प्रदर्शनी केंद्र का उद्घाटन जिला दण्डाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर एवं एसपी दीपक कुमार पाण्डेय ने किया। यह प्रदर्शनी-सह-बिक्री होली के अवसर पर 10 से 13 मार्च तक रहेगी। इस प्रदर्शनी में समूह के दीदी के द्वारा निर्मित पलाश हर्बल गुलाल एवं झारखंडी मिष्ठान को प्रस्तुत किया गया, जिसमे अरारोट, गेंदा फूल, हल्दी एवं पलाश फूल आदि का प्रयोग किया जा रहा है, जो इस होली के त्योहार को और भी रंगीन और सुरक्षित बनाता है, पलाश हर्बल गुलाल विभिन्न रंगों में उपलब्ध है। डीसी ने झारखंडी व्यंजन जैसे रागी का लड्डू, गुड का लड्डू, खजूर इत्यादि का स्वाद लेते हुए तथा पलाश हर्बल गुलाल की सराहना की।

जेएसएलपीएस, गढ़वा द्वारा आयोजित पलाश हर्बल गुलाल बिक्री सह प्रदर्शनी केंद्र के उद्घाटन कार्यक्रम के मौके पर उपरोक्त के अलावे जनसम्पर्क पदाधिकारी नीरज कुमार, डीपीएम जेएसएलपीएस विमलेश कुमार शुक्ला, सदर बीपीएम शिव उपाध्याय, नन फॉर्म से शेखर सत्य केतु, प्रखंड के स्टाफ एवं दीदी कैफे की दीदी सहित अन्य मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# नाबालिग का अपहरणकर्ता गुजरात से गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** बरडीहा थाना क्षेत्र से एक नाबालिग लड़की को अपहरण के जुर्म में पुलिस ने एक युवक को गुजरात से गिरफ्तार कर जेल भेजा है। जानकारी के अनुसार गढ़वा जिला अंतर्गत नगर ऊंटारी थाना क्षेत्र के पिपरडीह गांव निवासी अलखराम के 21 वर्षीय पुत्र प्रमोद राम को गुजरात राज्य के बलसाड़ जिला से गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र से एक नाबालिग लड़की को अपहरण कर लिया गया था। जिसको लेकर परिजनों के द्वारा आवेदन दिया गया था। आवेदन के आलोक में थाना कांड संख्या 7/25 के अंतर्गत सुसंगत धाराओं में प्राथमिक की दर्ज किया गया और अपहरण कर्ता का खोजबीन जारी कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार अपहरण कर्ता का मालूम चला कि गुजरात राज्य के जिला वलसाड़ में लड़की को रखा है। इसके बाद केस के अनुसंधान कर्ता एसआई अनील कुमार को पुलिस बल के साथ गुजरात भेजा गया, और प्राथमिकी अभियुक्त प्रमोद राम उम्र 21 वर्ष पिता अलख राम को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।




गिरफ्तार प्रमोद राम

## रिजवाना खातून बनी सेविका

**धुरकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत भंडार गांव में सोमवार को रिजवाना खातून को सेविका के रूप में चयन किया गया है। बताते चलें कि आठवीं बार सेविका चयन रद्द होने के बाद यह नवीं बार सेविका चयन हुआ।

## मातृ शक्ति संघ ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**जमशेदपुर।** सोमवार 10 मार्च 2025 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के पखवाड़े के रूप में मातृ शक्ति संघ के तत्वावधान में आदित्यपुर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मातृ शक्ति संघ की अध्यक्षा विजय वासिनि पाण्डेय ने किया। जबकि संचालन श्रीमती गायत्री शर्मा ने किया।


**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी**
**(जिला शस्त्र शाखा)**

**प्रेस विज्ञप्ति**

इस कार्यालय के प्रेस विज्ञप्ति सं0 90(ii)/श0 दिनांक-05.11.2024 के द्वारा निम्नांकित अनुज्ञप्तिधारी को दो दिनों के अन्दर अपना लिखित पक्ष समाहरणालय (सामान्य शाखा), खूँटी में प्रस्तुत करने का निदेश दिया गया था। परन्तु निर्धारित अवधि में किसी के द्वारा अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया है। थाना प्रभारी कर्रा, रनियाँ एवं पुलिस अधीक्षक, खूँटी के द्वारा इनके अनुज्ञप्ति को रदद करने का अनुशंसा किया गया है। जिसका विवरण निम्नवत् है :-

| क्र | अनुज्ञप्तिधारियों का नाम एवं पता | अनुज्ञप्ति सं0 | अनुज्ञप्ति के प्रकार |
|---|---|---|---|
| 1 | पाल बेंजामिन पंकज, पिता-मनसाव पंकज, सा0-चंदापारा, थाना-कर्रा जिला-खूँटी | XX/52 | DBBL Gun no 24870 |
| 2 | धिरेन्द्र प्रसाद, पे0-मोगेन्द्र प्रसाद वर्मा, सा0-कंकडबाग, थाना-कंकडबाग, पटना बिहार | CDML-19/90 | ONE NP BORE RIFLE |

अतः थाना प्रभारी कर्रा, रनियाँ एवं पुलिस अधीक्षक, खूँटी के जॉच प्रतिवेदन तथा अनुशंसा के आलोक में आयुद्ध अधिनियम 1959 तथा आयुद्ध नियम 2016 के कंडिका कमशः 17(क) एवं नियम 47 में उल्लेखित प्रावधानों के तहत उपरोक्त अनुज्ञप्तिधारियों के अनुज्ञप्ति को निरस्त किया जाता है।

ह0/-
जिला शस्त्र दण्डाधिकारी,
-सह-उपायुक्त,खूँटी

PR 348239 District(24-25)#D

**झारखण्ड सरकार**
**महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग**
**(झारखण्ड राज्य बाल संरक्षण संस्था)**

**समेकित बाल संरक्षण योजना (ICPS) पुनरीक्षित मिशन वात्सल्य योजना अन्तर्गत संविदा के आधार पर सिमडेगा जिला में नियुक्ति हेतु पदवार रिक्त पदों की सूची।**

समेकित बाल संरक्षण योजना अन्तर्गत महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की अधिसूचना सं0-05/म0बा0/ICPS-नियु0नियमा0-575/2015-1835/दिनांक-20.07.16,स0क0-के0यो0-165/2012-3365,दिनांक 09.08.2017, सं0प्र0सं0 860, दिनांक 31.03.2023 एवं एवं मिशन वात्सल्य मार्गदर्शिका के आलोक में संविदा के आधार पर कार्य करने हेतु इच्छुक एवं अर्हताधारी अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है।

(1) जिला बाल संरक्षण इकाई (DCPU)

| क्र0 सं0 | पोस्ट कोड | पदनाम | पद की संख्या | उम्र | मासिक परिलब्धि | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | DCPS-06 | सामाजिक कार्यकर्त्ता (Social Worker) | (UR-01, ST-01) Total - 02 (01 पद महिला आरक्षित) | 30-45 वर्ष | 18536/- | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सामाजिक कार्य/समाजशास्त्र/ सामाजिक विज्ञान में स्नातक। कार्य अनुभव उम्मीदवार के लिए वेटेज, कम्प्यूटर में दक्षता। |

नियम एवं शर्तेः-

1. आरक्षण का लाभ हेतु सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। (का0प्र0रा0 का पत्रांक 1754, दिनांक 25.02.2019 के पश्चात् निर्गत प्रमाण पत्र)।
2. उम्र सीमा की गणना-01.08.2024 के अनुसार की जाएगी।
3. प्रारम्भिक चरण में ऐसी नियुक्ति एक वर्ष के लिए की जाएगी तथा इस कालावधि के पूर्ण होने के पूर्व पद विशेष पर नियुक्ति के लिए गठित नियुक्ति समिति के द्वारा उनके कार्यों की समीक्षा की जाएगी। तत्पश्चात् कार्य संतोषप्रद पाए जाने पर अगले एक वर्ष के लिए संविदा के आधार पर नियुक्ति का नवीकरण किया जा सकेगा।
4. अभ्यर्थी किसी भी स्थिति में संविदा आधारित पदों के लिए नियमितीकरण का दावा पेश नहीं कर सकते हैं।
5. सामाजिक कार्यकर्त्ता Post Code - DCPU 06 के 02 (दो) पद में से 01 (एक) पद महिला उम्मीदवार के लिए आरक्षित होगा।
6. शैक्षणिक योग्यता एवं कार्यानुभव के आधार पर सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी का चयन प्रथमतः अनारक्षित पद पर होगा जिसमें किसी भी कोटि के पुरूष/महिला/थर्ड जेंडर हो सकते है।
7. मेधा सूची में किसी महिला उम्मीदवार को प्रथम स्थान प्राप्त नहीं होने पर द्वितीय पद अ0ज0जा0 महिला हेतु आरक्षित पद होगा। यदि अनारक्षित पद में किसी महिला का चयन होता है तो उक्त स्थिति में दूसरा पद मेधा सूची में अंकित अ0ज0जा0 (अन्य) के लिए आरक्षित होगा।
8. आवेदकों द्वारा आवेदित पदों से संबंधित शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव प्रमाण पत्रों के जाँचोपरांत उनके संबंध में चयन समिति द्वारा निर्णय लिया जाएगा।
9. अपूर्ण आवेदन तथा आवश्यक निर्धारित मापदण्डों को पूरा नहीं करने की स्थिति में आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
10. आवेदन विहित प्रपत्र में ही स्वीकार किया जायेगा।
11. संविदा के आधार पर नियुक्ति के नियम में वर्णित प्रावधान के अनुरूप नवीकरण नहीं होने पर ऐसी नियुक्ति स्वतः समाप्त समझी जाएगी।
12. किसी अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज अवैध/फर्जी पाये जाने तथा अन्य विभागीय कारणों से समिति को नियुक्ति रद्द करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
13. चयनित आवेदकों को पुलिस सत्यापन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

आवेदन की प्रक्रिया -

1. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक -22.03.2025. को अपराह्न 05:00 बजे तक है। (अंतिम तिथि/समय के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।)
2. जिला स्तरीय पदों के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट से जिला बाल संरक्षण कार्यालय, सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय सिमडेगा, प्रथम तल (1st floor) पिन कोड-835223 के पते पर भेजा जा सकता है।

नोटः- नियुक्ति से संबंधित सूचना एवं आवेदन पत्र सिमडेगा के वेबसाईट www.simdega.nic.in पर देखी जा सकती है।

उपायुक्त,
सिमडेगा।

PR 348260 (Simdega) 24-25 (D)

**झारखण्ड सरकार**
**जिला खेल पदाधिकारी का कार्यालय, गुमला**
**(जिला पर्यटन,कला-संस्कृति,खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)**
**रूम- C 301 नया समाहरणालय, भवन चंदाली, गुमला -835207**
**Email id- sportsgumla@gmail.com**

**विज्ञापन**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशाल, झारखण्ड रॉची का पत्रांक- 552/रॉची दिनांक- 15.10.2024 द्वारा विभागीय नवगठित मार्गदर्शिका सिंद्धात में अंकित प्रवाधानों के अनुरूप गुमला जिलान्तर्गत पूर्व से संचालित 02 डे०-बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र एवं नवसृजित 23 डे०-बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्रो में यथानिर्धारित प्रक्रिया एवं वांछित अहर्ता के आधार पर प्रशिक्षकों की अस्थायी नियुक्ति (दैनिक परिश्रमिक दर अथवा विभाग द्वारा अनुमोदित मानदेय पर) हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। जिसकी विवरणी निम्नवत् है :-

| क्र०सं० | प्रशिक्षण केन्द्र का नाम | खेल विद्या | प्रशिक्षक पदों की सं० |
|---|---|---|---|
| 1. | बॉलीबॉल बालक डे०-बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय, भरनो। | बॉलीबॉल | 01 |
| 2. | बालिका कबाड्डी डे०-बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र संत तुलसीदास हाई स्कूल, सिसई। | कबाड्डी | 01 |

नवस्वीकृत (कुल-23) डे०-बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र जो निम्नवत् है :-

| क्र०सं० | प्रशिक्षण केन्द्र का नाम | खेल विद्या | प्रशिक्षक पदों की सं० |
|---|---|---|---|
| 1. | फुटबॉल बालक प्रशिक्षण केन्द्र रा० म० विद्यालय मुरकुण्डा, गुमला। | फुटबॉल | 01 |
| 2. | फुटबॉल बालिका प्रशिक्षण केन्द्र रा० म० विद्यालय मुरकुण्डा, गुमला। | फुटबॉल | 01 |
| 3. | हॉकी बालक प्रशिक्षण केन्द्र रा० म० विद्यालय मुरकुण्डा, गुमला। | हॉकी | 01 |
| 4. | हॉकी बालिका प्रशिक्षण केन्द्र रा० म० विद्यालय मुरकुण्डा, गुमला। | हॉकी | 01 |
| 5. | कबाड्डी बालिका प्रशिक्षण केन्द्र रा० उ० विद्यालय, सिलम, रायडीह। | कबाड्डी | 01 |
| 6. | कबाड्डी बालक प्रशिक्षण केन्द्र रा० उ० विद्यालय, सिलम, रायडीह। | कबाड्डी | 01 |
| 7. | कुश्ती बालक प्रशिक्षण केन्द्र रा० उ० विद्यालय, सिलम, रायडीह। | कुश्ती | 01 |
| 8. | कुश्ती बालिका प्रशिक्षण केन्द्र रा० उ० विद्यालय, सिलम, रायडीह। | कुश्ती | 01 |
| 9. | फुटबॉल बालिका प्रशिक्षण केन्द्र प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय बदरी, घाघरा। | फुटबॉल | 01 |
| 10. | फुटबॉल बालक प्रशिक्षण केन्द्र प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय रन्हें, घाघरा। | फुटबॉल | 01 |
| 11. | फुटबॉल बालिका प्रशिक्षण केन्द्र प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय रन्हें, घाघरा। | फुटबॉल | 01 |
| 12. | फुटबॉल बालक प्रशिक्षण केन्द्र सम्पोषित एस०एस० उच्च विद्यालय, घाघरा। | फुटबॉल | 01 |
| 13. | फुटबॉल बालक प्रशिक्षण केन्द्र संत तुलसीदास उच्च विद्यालय, सिसई। | फुटबॉल | 01 |
| 14. | खो-खो बालक प्रशिक्षण केन्द्र संत तुलसीदास उच्च विद्यालय, सिसई। | खो-खो | 01 |
| 15. | फुटबॉल बालक प्रशिक्षण केन्द्र एस० एस० + 2 उच्च विद्यालय, बिषुनपुर। | फुटबॉल | 01 |
| 16. | फुटबॉल बालिका प्रशिक्षण केन्द्र एस० एस० + 2 उच्च विद्यालय, बिषुनपुर। | फुटबॉल | 01 |
| 17. | फुटबॉल बालक प्रशिक्षण केन्द्र कन्दर्प उच्च विद्यालय, पालकोट। | फुटबॉल | 01 |
| 18. | फुटबॉल बालिका प्र० के० उत्क्रमित + 2 उ० विद्यालय अल्बर्ट एक्का जारी। | फुटबॉल | 01 |
| 19. | एथलेटिक्स बालक प्रशिक्षण केन्द्र रा० उ० विद्यालय टॉगरडीह, डुमरी। | एथलेटिक्स | 01 |
| 20. | हॉकी बालिका प्रशिक्षण केन्द्र रा० उ० विद्यालय टॉगरडीह, डुमरी। | हॉकी | 01 |
| 21. | हॉकी बालक प्रशिक्षण केन्द्र कार्तिक + 2 उच्च विद्यालय, छारदा, सिसई। | हॉकी | 01 |
| 22. | हॉकी बालिका प्रशिक्षण केन्द्र कार्तिक + 2 उच्च विद्यालय, छारदा, सिसई। | हॉकी | 01 |
| 23. | हॉकी बालक प्रशिक्षण केन्द्र प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय बदरी, घाघरा। | हॉकी | 01 |

| क्र०सं० | योग्यता | डे-बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र हेतु | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 01 | शैक्षणिक योग्यता | ❖ स्नातक उत्तीर्ण<br>खेल योग्यता - भारतीय खेल प्राधिकरण अन्तर्गत संचालित National Institute of Sports से सर्टिफिकेट कोर्स/ विभिन्न खेल संघो द्वारा जारी प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र (Level- C to A) एम०पी०एड०/बी०पी०एड/बी०पी०ई०।<br>अथवा<br>❖ इन्टरमिडियट उर्त्तीण<br>राष्ट्रीय खिलाड़ी पदक विजेता/अन्तरराष्ट्रीय खिलाड़ी | |
| 02 | उम्र सीमा | राज्य सरकार द्वारा निर्धारित उम्र सीमा 20-50 वर्ष (01 जनवरी, 2025) तक मान्य होगा। | |
| 03 | प्राथमिकता | संबधित प्रशिक्षक को झारखण्ड राज्य का निवासी होना अनिवार्य है। | |

अनिवार्य शर्तें :-

- आवेदन पत्र के साथ सभी प्रमाण-पत्रों की स्व प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
- आवासीय प्रमाण-पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
- संबंधी जिले में प्रशिक्षक नहीं मिल पाने पर निकटवर्ती जिला के प्रशिक्षक को प्राथमिकता दी जायेगी।
- श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग झारखण्ड, सरकार द्वारा अतिकुशल सरकारी दैनिक कर्मियों हेतु निर्धारित अद्यतन पारिश्रमिक, राशि का भुगतान किया जायेगा।
- प्रत्येक एक (01) वर्षो के अन्तराल पर प्रदर्शन के आधार पर मूल्यांकन किया जायेगा, जिसके आधार पर उनकी सेवा समाप्त या नवीनीकरण किया जा सकेगा।
- प्रशिक्षक खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, रॉची के नियमित कर्मी नहीं माने जाएगे।
- न ही वे संविदा के आधार पर और न ही नियामित आधार पर नियुक्ति का दावा करने का पात्र होंगे।
- इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक-11/03/2025 से दिनांक-24/03/2025 तक अपना आवेदन नया समाहरणालय भवन चंदाली, गुमला स्थित जिला खेल कार्यालय, गुमला (रूम न०-C 302) में जमा कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

नोट :-
1. गुमला जिला के अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जायेगी।
2. बालिका डे० बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र के लिये महिला प्रशिक्षक को प्राथमिकता दी जायेगी।
3. महिला योग्य प्रशिक्षक नहीं मिलने की स्थिति में पुरूष प्रशिक्षक को रखने पर जिला संचालन समिति विचार करेगी।
4. उक्त विज्ञापन किसी तरह का संशोधन या रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
5. आवेदन से संबंधित जानकारी एवं विहित प्रपत्र www.gumla.nic.in में उपलब्ध है।

ह०/-
जिला खेल पदाधिकारी, गुमला

PR 348294 District (24-25)_D

# गिग वर्कर का शोर

देश में सरकारी क्षेत्र की नौकरियों में कमी आ रही है, लेकिन गिग अर्थव्यवस्था में छोटे और कम वेतन वाले रोजगार माने अनुबंध आधारित या अस्थायी रोजगार (गिग वर्क) वाली अर्थव्यवस्था बढ़ रही है। शहरी क्षेत्रों में गिग वर्कर को अभी तक कंस्ट्रक्शन, मैन्यूफैक्चरिंग, डिलिवरीज जैसे श्रम आधारित और कम योग्यता आधारित कार्यों से जोड़कर देखा जाता रहा है। ऐसे मौके ई-कॉमर्स, फिनटेक, हेल्थटेक, लॉजिस्टिक्स, आतिथ्य, बैंकिंग, वित्तीय सेवा और बीमा क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रहे हैं। महिलाओं की भागीदारी गिग अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में दिख रही है। चाहे मार्केटिंग हो या फाइनेंस, महिलाएं किसी से पीछे नहीं हैं। उल्लेखनीय है कि गिग अर्थव्यवस्था में रोजगार के मौके बढ़ने के संबंध में नीति आयोग के आंकड़े भी महत्वपूर्ण हैं। नीति आयोग के मुताबिक देश में इस समय 77 लाख गिग कर्मी हैं। नीति आयोग के आकलन के अनुसार भारत में गिग वर्कर्स की संख्या 2030 तक बढ़कर करीब 2.3 करोड़ हो जाएगी। देश में टियर-2 और टियर-3 शहरों में गिग अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। खासतौर से मुंबई, दिल्ली, पुणे, बेंगलूरु, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ, इंदौर और चेन्नई सहित देश के छोटे-बड़े शहरों में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष गिग नौकरियां निर्मित होती दिखाई दे रही हैं। लेकिन कृषि क्षेत्र में नौ करोड़ परिवार भी इसी श्रेणी में आते हैं जिन्हें नकारकर गिग ईकोनॉमी को समझना सही नहीं होगा। देश में कम आय वाला वर्ग बढ़ रहा है जबकि अधिक आय वालों की संख्या सीमित है। यह देश के ईकोनॉमी के लिये खतरनाक है। निजी क्षेत्र में कंपनियों की पूंजीवादी सोच और कर्मचारियों को न्यूनतम वेतनमान से उनकी खर्च की सीमा लगातार कम हो रही है। एक कमजोर उपभोक्ता वर्ग के सहारे देश विश्व की आर्थिक शक्ति नहीं बन सकता है।

## आज का राशिफल

मेष : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9

वृष : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गो का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9

मिथुन : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8

कर्क : राजकीय कार्यो से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यो में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9

सिंह : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9

कन्या : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

तुला : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

वृश्चिक : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8

धनु : आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9

मकर : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-4-6-8

कुंभ : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7

मीन : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 95708-48433
पिन: -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


# मातृभाषा से अन्य भाषा तक भारतीयता ही विशिष्ट पहचान



भाषाओं के माध्यम से एकता इस वर्ष के समारोह का मुख्य विषय है, जो भारत की सभ्यता की विशिष्ट पहचान है। अभी कुछ महीने पहले, 3 अक्टूबर, 2024 को, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने पाँच भाषाओं - मराठी, पाली, प्राकृत, असमिया और बांग्ला को शास्त्रीय भाषाओं का दर्जा देकर एक तरह का इतिहास रच दिया, इस प्रकार तमिल, संस्कृत, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और ओडिया जैसी पहले से मान्यता प्राप्त छह अन्य शास्त्रीय भाषाओं के दायरे का विस्तार किया। भारत की उत्कृष्ट भाषाई विरासत की गहन स्वीकृति के रूप में, यह घोषणा उन सभी लोगों के लिए अत्यंत गौरव की बात है जिनकी ये भाषाएं मातृभाषा है। लेकिन दक्षिण के राज्य तमिलनाडु से विरोध का स्वर आखिर क्यों?

भारत की विविध भाषाएँ भारतीयता की अभिव्यक्ति हैं और ये हमारी भारतीय ज्ञान प्रणाली का अभिन्न अंग हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अनुसार, सभी भारतीय भाषाएँ राष्ट्रीय भाषाएँ हैं और वे भारतीयता की आत्मा हैं और इसलिए सम्मान की पात्र हैं। भाषाई विविधता राष्ट्रीय एकता को मजबूत करती है और ह्यएक भारत श्रेष्ठ भारतह्ण के लक्ष्य को साकार करने में मदद करती है। इसलिए, प्रत्येक व्यक्ति को भाषाई गौरव को सम्मान की निशानी के रूप में धारण करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने वैश्विक मंच पर भी इसका उदाहरण दिया जब उन्होंने जोर देकर कहा, ह्लमैं संयुक्त राष्ट्र में भी गर्व के साथ भारत की भाषाएँ बोलता हूँ। अगर श्रोताओं को तालियाँ बजाने में थोड़ा समय लगे, तो लगे ह्व यह कथन भारत की भाषाई विविधता को संरक्षित करने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को स्पष्ट करता है और भाषाई गौरव के मूल्य को उजागर करता है।

भारत एक ऐसी भूमि है जहाँ न केवल अनेक भाषाएँ हैं, बल्कि एक दूसरे का सम्मान भी करती हैं। यह एक से अधिक भाषा के उत्कृष्ट इस्तेमाल का सटीक उदाहरण है। हमारी भाषाई विविधता एक समृद्ध, जटिल ताने-बाने का निर्माण करती है, जो हमारी राष्ट्रीय पहचान को एक साथ बुनती है और साथ ही देश की एकता को विविधता के बीच पोषित करती है। औपनिवेशिक शासन के दौरान इस सांस्कृतिक शक्ति को भारी नुकसान उठाना पड़ा। 2 फरवरी 1835 को, थॉमस बैबिंगटन मैकाले ने भारत के तत्कालीन गवर्नर जनरल को एक ज्ञापन प्रस्तुत किया, जिसे ₹मैकालेज मिनट ऑन इंडियन एजुकेशन₹ के रूप में जाना जाता है, जिसमें देशी भाषाओं पर अंग्रेजी को प्राथमिकता दी गई थी, जिसका उद्देश्य ब्रिटिश हितों के प्रति वफादार भारतीयों का एक वर्ग बनाना था, जो पीढ़ियों को उनकी सांस्कृतिक और भाषाई जड़ों से अलग कर रहा था। तब से, उपनिवेशवाद का दीर्घकालिक प्रभाव काफी लंबे समय तक रहा, जिसने हमारे सांस्कृतिक



-धर्मेन्द्र प्रधान

> राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 ने इस दृष्टिकोण को पूरी तरह अपनाया है। अपनी भाषाई विरासत को पुनः प्राप्त करने की कोशिश करते हुए, एनईपी ने मातृभाषा को प्रारंभिक शिक्षा के केन्द्र में रखा है, यह स्वीकार करते हुए कि भाषा केवल सीखने का एक साधन नहीं है, बल्कि पहचान को आकार देने, आत्मविश्वास का निर्माण करने और संज्ञानात्मक विकास को बढ़ावा देने का एक मुख्य घटक है।

और भाषाई गौरव को गंभीर चोट पहुंचाई है।

भारत में भाषाई जनसांख्यिकी समृद्ध और विविध है, जिसमें से अस्सी प्रतिशत आबादी खुद को गैर-अंग्रेजी, मूल भाषा बोलने वालों के रूप में पहचानती है। गहन शिक्षा के मूल में मातृभाषा है। हमारी भाषाएं केवल संचार के उपकरण नहीं हैं - वे इतिहास, परंपराओं और लोककथाओं के भंडार हैं, जो पीढ़ियों के सामूहिक ज्ञान को संरक्षित करती हैं और एक अद्वितीय विश्वदृष्टि प्रदान करती हैं। रचनात्मकता और भावनात्मक बुद्धिमत्ता से भरपूर बच्चे तब फलते-फूलते हैं जब उनकी शिक्षा उनकी मूल भाषा में शुरू होती है। अपनी मातृभाषा में एक प्राइमर घर से कक्षा तक एक निर्बाध पुल का निर्माण करता है, उन्हें 'मातृ' भाषा से 'अन्य' भाषा तक का मार्गदर्शन - बोलने से लेखन, शब्दावली से शब्दार्थ और भाषा से विषय की समझ में परिवर्तन करता है। जैसा कि रवींद्रनाथ टैगोर ने मार्मिक रूप से कहा था, ₹एक बच्चा पाठ्यपुस्तकों से नहीं, बल्कि अपनी माँ से बोलना सीखता है।ह्व मातृभाषा में शिक्षा बुनियादी समझ से लेकर जटिल विचार तक स्वाभाविक प्रगति को बढ़ावा देती है।

भारत की भाषाई विविधता बौद्धिक और सांस्कृतिक संपदा का खजाना है। कश्मीर की बर्फ से ढकी चोटियों से लेकर कन्याकुमारी के धूप से सराबोर तटों तक और कच्छ के बंजर विस्तार से लेकर कोहिमा की हरी-भरी पहाड़ियों तक, हमारी भाषाएँ हमारे लोगों को अंदर से जोड़ती हैं। बच्चों को उनकी मातृभाषा में पढ़ाना न केवल उनकी विरासत से जुड़ाव को बनाए रखता है बल्कि उन्हें भविष्य के लिए तैयार भी करता है। मातृभाषा में एक मजबूत नींव रखकर, हम बच्चों को अधिक आसानी और समझ के साथ अन्य भाषाओं और विषयों में महारत हासिल करने के लिए सशक्त बना सकते हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 ने इस दृष्टिकोण को पूरी तरह अपनाया है। अपनी भाषाई विरासत को पुनः प्राप्त करने की कोशिश करते हुए, एनईपी ने मातृभाषा को प्रारंभिक शिक्षा के केन्द्र में रखा है, यह स्वीकार करते हुए कि भाषा केवल सीखने का एक साधन नहीं है, बल्कि पहचान को आकार देने, आत्मविश्वास का निर्माण करने और संज्ञानात्मक विकास को बढ़ावा देने का एक मुख्य घटक है। एनईपी 2020 बेहतर शिक्षण परिणामों के लिए विभिन्न भारतीय भाषाओं में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षण और अध?ययन सामग्री तक समान पहुंच को आवश्यक बनाता है।

यह शिक्षा के साथ प्रौद्योगिकी, विशेष रूप से देश की विविध भाषाई विरासत को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के संदर्भ में, संयोजन पर विशेष जोर देता है। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद के भाषा संगम कार्यक्रम और मशीन अनुवाद केन्द्र से लेकर अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा कई भारतीय भाषाओं में तकनीकी पुस्तकों सहित पुस्तकों के अनुवाद ऐप आधारित अनुवाद से लेकर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और भारतीय भाषा समिति द्वारा अस्मिता - अनुवाद और अकादमिक लेखन के माध्यम से भारतीय भाषाओं में अध्ययन सामग्री का संवर्धन - पहल तक, शिक्षा को समावेशी बनाने के लिए भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए एक मजबूत इकोसिस्टम बनाने के लिए अच्छी तरह से प्रयास किए गए हैं।

इसके अलावा, 79 भारतीय भाषाओं में प्राइमर तैयार करने की सरकार की अभूतपूर्व पहल एक महत्वपूर्ण कदम है, जो यह सुनिश्चित करता है कि ग्रामीण, आदिवासी और दूरदराज के इलाकों में शुरूआती वर्षों के दौरान बच्चों को उनकी मातृभाषा में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। ये प्राइमर, अन्य शैक्षिक सामग्रियों के साथ, सिर्फ. संसाधन से कहीं ज्यादा हैं - ये रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच और आजीवन सीखने के प्रवेश द्वार हैं।

भाषा हमारे विचारों को आकार देती है, हमारी भावनाओं को व्यक्त करती है और हमें हमारी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ती है। एनईपी 2020 एक नए युग की शुरूआत है, जहाँ बच्चे अपनी मातृभाषा में सीख सकते हैं और धीरे-धीरे अन्य भाषाओं में महारत हासिल कर सकते हैं। अपनी शिक्षा प्रणाली को उपनिवेशवाद से मुक्त करके, हम विचारकों की एक ऐसी पीढ़ी का पोषण करना चाहते हैं जो न केवल अकादमिक रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन करे बल्कि भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भी आगे बढ़ाए। यह परिवर्तन केवल एक नीतिगत बदलाव नहीं है - यह एक सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतिनिधित्व करता है।

(लेखक केन्दीय मंत्री है।)

## लेटर टू एडिटर

### स्वदेशी तकनीक

**भारतीय** स्वदेशी तकनीक की वैश्विक मांग बढ़ रही है। वंदे भारत ट्रेन जैसे उदाहरण ने इसे साबित किया है; इस ट्रेन की मांग कई देशों, जैसे चिली, कनाडा और मलेशिया, में बढ़ी है। इसकी मुख्य वजह भारत में इसका कम मूल्य है—वहीं अन्य देशों में ऐसी ट्रेनें 160 से 180 करोड़ में बिकती हैं, जबकि भारत में ये 120 से 130 करोड़ में उपलब्ध हैं। भारतीय निर्माण की गति भी बेहतर है। यह सब ह्यमेक इन इंडियाह्न के सपने को साकार कर रहा है।

**-अमृतलाल मारू, रांची**

### जंग नहीं समाधान

**इस्राइल** ने गाजा और दक्षिणी लेबनान पर बड़े हवाई हमले किए, जिसमें हिजबुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाया गया। जिसने ही चल रहे संघर्ष को जन्म दिया। हिजबुल्लाह ने जवाब में उत्तरी इस्राइल में रॉकेट दागे, जिसमें हाइफा जैसे शहर शामिल थे। वैसे जंग किसी भी समस्या का हल नहीं है।

**- रोहित शाह, हजारीबाग**

## ट्वीट

**झारखंड** भाजपा के सांसदों से उम्मीद है की वे हमारे इस जायज माँग को दिलवाने के लिए अपनी आवाज अवश्य बुलंद करेंगे।

झारखंड के विकास के लिए यह राशि नितांत आवश्यक है।

**- हेमंत सोरेन सीएम**

**उत्तम** चरित्र ही मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी है, क्योंकि धन संपदा आदि वसुधा के समस्त वैभव नैतिकता, सुसंस्कार एवं अच्छे चरित्र के अभाव में बेकार है। **- स्वामी अवधेशानंद गिरी**

**त्याग,** शुचिता और संघर्ष की प्रतिमूर्ति, महान समाज सेविका, भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि !नारी सशक्तिकरण और समतामूलक समाज की स्थापना हेतू नमन।

**-योगी आदित्यनाथ, सीएम**

# समझदारी से संभालें मानसिक सेहत



**डॉ मेरी ग्रेस**

जिंदगी की तेज रफ्तार के चलते कभी-कभी तनाव स्वाभाविक है। लेकिन लंबे समय तक स्ट्रेस का मानसिक सेहत पर नकारात्मक असर पड़ता है जो एंग्जाइटी समेत कई रोगों की वजह बनता है। बड़ी संख्या में कामकाजी लोग तनाव ग्रस्त हैं। अवैध प्रवासियों के लिए भी डिपोर्टेशन का डर मानसिक बीमारी का जोखिम बढ़ा सकता है। डिपोर्टेशन यानी निर्वासन।

किसी देश से दूसरे देश में भेजा जाना। निर्वासन लोगों के मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है, विशेष रूप से तब जब व्यक्ति बहुत से सपने और पैसे खोने के अलावा अपनों से भी दूर होता है। ऐसे में उन्हें तनावपूर्ण और अनिश्चित भविष्य का सामना करना पड़ता है। इसका सबसे बुरा असर पड़ता है मानसिक स्वास्थ्य पर। ये घटनाएं विशेषतया युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती हैं। इन हालात में युवाओं को तनाव, चिंता, अवसाद आदि का सामना करना पड़ सकता है। उनमें असुरक्षा, अकेलापन, भय, और निराशा रहती है, ऐसे लोगों की देखभाल, काउंसलिंग और कानूनी सहायता इस स्थिति से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

डिपोर्टेशन या हिरासत में रहने वाले युवाओं में अक्सर चिंता, अवसाद और पीटीएसडी जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे परिवार, युवा या बच्चे अपने भविष्य के बारे में चिंतित रहते हैं जो अवसाद का कारण बनता है।

**युवाओं में बढ़ सकती है नशे की प्रवृति**

प्रोफेसर असीम के मुताबिक निर्वासन की पीड़ा झेल रहे युवा करिअर के बारे में सोचकर डिप्रेशन में चले जाते हैं एक तरफ उन पर परिवार और रिश्तेदारों का दबाव होता है तो दूसरी तरफ जिंदगी को फिर पटरी पर लाने का। वहीं निर्वासन से

**समाज**



पहले अगर वे हिरासत में रहे हैं, या अवैध तरीके से किसी अन्य देश में रह चुके हैं तो वे हमेशा डर के साये में जीते हैं। असुरक्षा की भावना रहती है। तो वे ड्रग्स या शराब के आदी हो सकते हैं।

**मदद में न करें देरी**

प्रभावित युवा जितनी जल्दी हो सके दोस्तों और परिवार से बात करें। समाज से जुड़ें। परिवार को भी उनके साथ समझदारी दिखाने की जरूरत है। अगर वे डिप्रेशन में हैं तो उनके लक्षण पहचान कर जितनी जल्दी हो सके उन्हें मदद मुहैया कराएं। कई बार प्रभावित परिवार मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं को छिपाने की कोशिश करते हैं, जिसका नकारात्मक असर होता है।

**समाधान और उपचार**

डिपोर्टेशन का सामना कर रहे व्यक्तियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य उपचार और सामाजिक सहयोग की आवश्यकता होती है। मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं, जैसे काउंसलिंग और थैरेपी मददगार हो सकती है। मेडिकेशन से डरने की भी आवश्यकता नहीं होती। प्रोफेसर असीम के मुताबिक डिपोर्टेशन के प्रभावों से निपटने में टॉक थैरेपी, साइकोथैरेपी और कभी कभी स्टिमुलेशन थैरेपी भी मदद कर सकती है। इसके अलावा, उनके लिए कानूनी सहायता भी महत्वपूर्ण है।

**बच्चे अधिक प्रभावित**

डिपोर्टेशन के दौरान परिवार से अलगाव और घर छोड़ने का अनुभव बच्चों के लिए अत्यंत कष्टदायक हो सकता है। स्कूल ,दोस्तों से अलग होना, कभी-कभी परिवार से भी अलग होने से उनकी मानसिक सेहत पर कई तरह के असर देखे जाते हैं। किशोरावस्था में तो बच्चे कभी-कभी स्किजोफ्रेनिया और बाइपोलर डिसऑर्डर के शिकार भी हो जाते हैं, खासकर वे बच्चे जो निर्वासन के वक्त माता-पिता से जबरन अलग कर दिये जाते हैं।

**परिवार पर असर**

निर्वासन से प्रभावित परिवार एक तरफ जहां आर्थिक संकट से गुजरता है, वहीं समाज में वे इसे एक धब्बा यानी सोशल स्टिगमा भी समझने लगते हैं। कुछ मामलों में रिश्तेदारों और जानकारों का सहयोग न मिल पाना परेशानी और बढ़ा देता है। रोजगार के अवसर कम हो जाने, काम न मिलने और सरकार या समाज से सहयोग न मिल पाने के कारण उनकी समस्याएं गंभीर हो जाती हैं। ऐसे में उन्हें मदद की सख्त जरूरत होती है।

**ये कदम उठाने हैं जरूरी**

अगर आप या आपका कोई भी अपना निर्वासन का दंश झेल रहा है तो उसका सहयोग करें। उसे मित्रतापूर्ण व्यवहार करें। तनाव में है तो बात करें, उसे काउंसलिंग के लिये लेकर जायें। अकेले न रहने दें।

# आधुनिक जीवन में ध्यान की प्रासंगिकता

**गिरीश्वर मिश्र**

**ध्यान** किसी तरह का धार्मिक उपक्रम नहीं है। यह बाहर से हट कर अंदर के अनुभवों को सम्बोधित करने वाला वैचारिक (रिफलेक्टिव) प्रयास है। एकाग्रता तथा अवगत या सचेत होना ही इसका मुख्य आधार है जो वर्तमान में बने रहने और मन की शांति को रेखांकित करता है। दरअसल आँख, कान, नाक, त्वचा आदि हमारे सभी संग्राहक बाहर की दुनिया से लगातार उद्दीपक लाते रहते हैं और उस सारी सामग्री की हमारे मन को व्याख्या करनी पड़ती है। हमारी आँखों से एकत्रित सूचनाओं की बाहर की दुनिया से मिलने वाली सम्पूर्ण सूचनाओं के करीब दो तिहाई भाग की हिस्सेदारी होती है। ये सारी सूचनाएँ हमारे चेतन मन पर असर डालती हैं। तनाव के क्षणों में मन अंदर और बाहर से पैदा होने वाले विचारों से जूझता है। ये विचार ध्यान पाने के लिए आपस में प्रतिद्वांदिता करते हैं और एक-दूसरे से टकराते भी हैं । सूचनाओं की बढ़ती मात्रा से सूचना का अतिभार पैदा होता है। तब अवधान की एकाग्रता घटने लगती है। एक साथ भारी संख्या में आते विचारों की अव्यवस्थित भीड़ का तनाव के अनुभव से बड़ा गहरा रिश्ता है। कहते हैं ध्यान का कार्य एक ब्लैकबोर्ड पर चाक से की गई सारी लिखावट को डस्टर से साफ करने जैसा होता है। ध्यान मानसिक कोलाहल हटा कर संतुलन लाने का काम करता है। सूचना और संचार की शब्दावली में कहें तो ध्यान करने से हमारी चेतना की बैंडविड्थ बढ़ जाती है।

ध्यान कई प्रकार का होता है। इसे सिर्फ विचार या कल्पना मान लेना ठीक न होगा। ध्यान के अंतर्गत आदमी सजग और सचेत होकर अपने भीतर की ओर गहन स्तर पर केंद्रित होता है। इसे आंतरिक ध्यानाकर्षण भी कह सकते हैं। ध्यान को मुख्यतः दो भागों में रखा जाता है। एकाग्र ध्यान तथा सचेत ध्यान इसके दो मुख्य प्रकार पहचाने गए हैं। एकाग्र ध्यान करने में किसी एक विचार पर अवधान (अटेंशन) को केंद्रित किया जाता है। इसके अंतर्गत किसी मंत्र, शब्द या ध्वनि पर अवधान केंद्रित करना सम्मिलित है। एकाग्र होने से मन भटकता नहीं है। ध्यान के फलस्वरूप होने वाले मुख्य अनुभवों में आंतरिक एकाग्रता, प्रशांति और सहज भाव मुख्य होते हैं। ध्यान में वर्तमान का सम्पूर्ण अनुभव होता है। भावातीत ध्यान भी इसी तरह का है जो पश्चिम में बड़ा लोकप्रिय हुआ। सचेत ध्यान

**धर्म-कर्म**

(माइंडफुलनेस मेडिटेशन) में सभी आ रहे विचारों को स्वीकार किया जाता है और उनको नियंत्रित करने की कोई कोशिश नहीं की जाती है। बिना किसी निर्णय या भावनात्मक लगाव के उनको अनुभव किया जाता है। जेन ध्यान, विपश्यना, प्रेक्षा ध्यान, सहज ध्यान आदि कई प्रकार के ध्यान की परम्पराओं का विकास हुआ है।

वस्तुतः ध्यान से हमारी चेतना की दशा में बदलाव आता है। विस्तार में कहें तो देश और काल के अनुभव, वर्तमान की उन्मुखता, ग्रहणशीलता में वृद्धि और स्वयं को अतिक्रांत करने की वृत्ति जैसे बदलाव प्रमुखता से पाए गए हैं। कई अध्ययनों से पता चलता है कि ध्यान लगाने से जैविक शारीरिक स्तर पर अनेक परिवर्तन आते हैं। इनमें आक्सीजन की खपत में कमी, हृदय गति का धीमा होना तथा रक्तचाप कम प्रमुख हैं। ध्यान करने से मस्तिष्क में अल्फा तरंगें अधिक होती हैं।

ध्यान के लिए जरूरी है कि शांत स्थान पर आराम से स्थिर बैठने का अभ्यास किया जाए। तब श्वांस को सहज बना कर साक्षी भाव अपनाते हुए मन में आ-जा रहे विचारों की गुणवत्ता का परीक्षण किया जाता है। स्वीकार करने की मनोवृत्ति के साथ केंद्रित और अविचलित बने रहना ध्यान की बड़ी उपलब्धि होती है। कहते हैं कि ध्यान एक मानसिक झाड़ू जैसा होता है जो मन के सभी कोनों में सफाई कर देता है। ध्यान मन की स्थिति है जिसके लिए एकाग्रता का अभ्यास जरूरी होता है। वस्तुतः ध्यान हमारी चेतना का अंतरण है। यह एक व्यवस्थित और पद्धतिबद्ध प्रक्रिया है। अभ्यास के साथ शरीर, स्वांस, इंद्रियाँ और मन इन सभी पर हम क्रमशः केंद्रित होते चलते हैं। आमतौर पर योगासन, स्ट्रेचिंग, आराम (रिलैक्सेशन), श्वांसन अभ्यास के बाद ज्ञान मुद्रा के साथ सुखासन या पद्मासन में बैठ ध्यान किया जाता है। ऐसे में अहं को चेतना के केंद्र की ओर ले जाना सम्भव हो पाता है। शांति, आनंद, स्वतंत्रता ही हमारी मूल प्रकृति है। जीवन और मृत्यु, आगमन-प्रस्थान सरीखे होते हैं। आंतरिक विकास तथा आत्मा और स्व के प्रति जागरूकता ध्यान की श्रेष्ठ उपलब्धि है। ध्यान के सतत अभ्यास से तनाव का प्रतिरोध संभव होता है और मानसिक शांति की अवस्था में वृद्धि होती है। ध्यान से आनंद में वृद्धि तथा अनुभव में संतुष्टि, स्पष्टता और सजगता आती है। तब शरीर विश्रांत, मन केंद्रित और स्वास्थ्य अच्छा होता है। ध्यान का उपचारात्मक प्रभाव पड़ता है और अभ्यास करने वाला व्यक्ति आत्मनिर्भर और आंतरिक बल से सम्पन्न होता है।

ध्यान का अभ्यास करने के दौरान कई तरह की बाधाएँ आती हैं। ध्यान करने वाले को साक्षी भाव अपनाते हुए इन बाधाओं की उपेक्षा करनी चाहिए। चूँकि मन बड़ा चंचल होता है, ध्यान को लेकर अक्सर प्रतिरोध भी अनुभव किया जाता है जो निरंतर अभ्यास से नियंत्रित होता है। धीरे-धीरे ध्यान की अवधि और गहनता बढ़ाई जाती है। इसी जटिलता के कारण गुरु की आवश्यकता पड़ती है।

ध्यान समूहों और अन्य साधक जनों से सहायता ली जानी चाहिए। मन में स्वीकार की भावना के साथ अभ्यास लाभप्रद होता है। आधुनिक जीवन शैली जिस तरह सूचनाओं के प्रवाह से आक्रांत हो रही है उसमें हमारा अवधान न केवल खंडित हो रहा बल्कि उसकी अवधि संक्षिप्त और गहनता घट रही है। ऐसे में ध्यान का अभ्यास विद्यार्थियों, व्यवसाय में लगे लोगों सबके लिए महत्वपूर्ण होता जा रहा है। इसकी सहायता से हम जीवन की गुणवत्ता बढ़ा सकते हैं और देश व समाज को योगदान कर सकेंगे।

## स्पीड न्यूज

### बड़कागांव में तस्दीक कैंप का आयोजन

**बड़कागांव।** बड़कागांव के पूर्वी पंचायत भवन में बंदोबस्त कार्यालय हजारीबाग द्वारा तस्दीक कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप के माध्यम से बड़कागांव के लोकुरा, केरी, बादम, अंबाजीत आदि मौजा की भूमि से संबंधित कागजातों का शुद्धिकरण किया जा रहा है। भू-रैयतों को भूमि संबंधित नोटिस भी दी जा रही है, जिससे वे अपने दस्तावेजों को सत्यापित कर सकें। मूनसरीम विनोद यादव ने बताया कि नक्शे के आधार पर भूमि का सत्यापन किया जा रहा है और इसके तहत नए प्लॉट नंबर जारी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इससे पहले 2002-03 में भूमि की खानापूरी की गई थी, लेकिन इसमें कई त्रुटियां रह गई थीं, जिनका सुधार अब तस्दीक कैंप के माध्यम से किया जा रहा है। इस कैंप के आयोजन से कई ग्रामीणों को लाभ मिलेगा, जो अपनी भूमि से जुड़े दस्तावेजों को सही करवाने में सक्षम होंगे। कार्यक्रम के दौरान कई अधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे। मौके पर बंदोबस्त कार्यालय के एएसओ चमरू महली, मूनसरीम विनोद यादव, सुनील यादव, दीपक यादव, प्रकाश मेहता, संजय प्रजापति, मनोरंजन प्रसाद समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे। तस्दीक कैंप के आयोजन से ग्रामीणों में संतोष देखा गया और उन्होंने इसे एक सकारात्मक पहल बताया।

### शशि कुमार दूसरी बार बने भाजपा मंडल अध्यक्ष, कार्यकर्ताओं ने जताया विश्वास



मौके पर उपस्थित लोग

**चरही।** भाजपा मंडल अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में शशि कुमार को दूसरी बार निर्विरोध चुना गया। चरही में आयोजित भाजपा संगठनात्मक बैठक में प्रखंड के सभी आठ पंचायतों के अध्यक्षों की उपस्थिति में यह निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता रोहित महतो ने की, जबकि प्रदेश से आए चुनाव पर्यवेक्षकों ने प्रक्रिया को संपन्न कराया। बैठक में उपस्थित भाजपा कार्यकताओं ने सर्वसम्मति से शशि कुमार को दोबारा मंडल अध्यक्ष के रूप में चुना। इस मौके पर संगठन की मजबूती और बूथ स्तर पर कार्यकताओं की भूमिका पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के अंत में होली मिलन समारोह आयोजित हुआ, जिसमें पार्टी कार्यकताओं को अंगवस्त्र और फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया गया। बैठक में जिला प्रभारी जय नारायण मेहता, जुगनू सिंह, द्वारिका सिंह सहित कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

### भाकपा माले के विष्णुगढ़ प्रखंड सम्मेलन में घनश्याम पाठक बने नए सचिव



घनश्याम पाठक

**विष्णुगढ़।** भाकपा माले के विष्णुगढ़ प्रखंड कमेटी का एकदिवसीय सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें सर्वसम्मति से घनश्याम पाठक को प्रखंड सचिव चुना गया। इस अवसर पर जिला कमेटी सदस्य सविता सिंह ने चुनावी प्रक्रिया पूरी करते हुए पुरानी कमेटी को भंग कर 25 सदस्यों की नई कमेटी का गठन किया। सम्मेलन में केंद्रीय कमेटी सदस्य आर.डी. मांझी ने भाजपा सरकार पर बेरोजगारी और महंगाई को लेकर हमला बोला और भाकपा माले को गरीबों और मजदूरों की सशक्त आवाज बताया। जिला सचिव पच्चू राणा और अशोक गुप्ता ने भी अपने विचार रखे। जिला परिषद सदस्य शेख तैयब ने कहा कि विष्णुगढ़ संघर्ष की भूमि रही है और भाकपा माले की कमेटी यहां हमेशा मजबूत रहेगी। सम्मेलन में जानकी शर्मा, भोला प्रसाद सिंह, ताज अंसारी, रामेश्वर दास समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### रामनवमी जुलूस की बहाली की मांग



रोशन लाल चौधरी

**बड़कागांव।** बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने महुदी गांव में वर्षों से प्रतिबंधित रामनवमी जुलूस को लेकर विधानसभा में आवाज उठाई। उन्होंने बताया कि 1984 में रामनवमी जुलूस के दौरान झंडे को जलाने की घटना हुई थी, जिसके चलते 1989 से 2018 तक प्रशासन ने इस जुलूस का लाइसेंस रद्द कर दिया। 2018 में दोनों समुदायों की सहमति से तिरंगा जुलूस निकाला गया था। 2020 और 2021 में कोविड-19 महामारी के कारण कोई जुलूस नहीं निकाला गया। उन्होंने कहा कि 2024 में शांतिपूर्ण तरीके से लौटते रामनवमी जुलूस को महुदी मुख्य मार्ग पर पुलिस प्रशासन द्वारा बैरिकेटिंग कर रोक दिया गया। प्रशासन ने एक समुदाय विशेष के दबाव में लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े, जिससे श्रद्धालु आहत हुए। उन्होंने धार्मिक स्वतंत्रता का हवाला देते हुए कहा कि महुदी गांव के हिंदू समुदाय को अपना त्योहार मनाने का अधिकार मिलना चाहिए। श्री चौधरी ने विधानसभा के माध्यम से मांग की कि प्रशासन रामनवमी जुलूस को महुदी मुख्य मार्ग से निकालने की अनुमति प्रदान करे। उन्होंने कहा कि धर्मनिरपेक्ष देश में सभी को अपनी आस्था के अनुसार पर्व-त्योहार मनाने की आजादी होनी चाहिए और प्रशासन को निष्पक्षता से कार्य करना चाहिए।

### आधे दर्जन से अधिक सदस्यों ने आरसीएमयू का थामा दामन

**कुजू।** सीसीएल करमा प्रोजेक्ट की न्यू वर्कशॉप में राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन ने सोमवार को सभा का आयोजन किया। सभा में मुख्य रूप से राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के सीसीएल रीजनल सचिव कुमार महेश सिंह शामिल हुए। जिनका स्वागत फूलमाला पहनाकर किया गया। सभा के दौरान दूसरे यूनियन से छोड़कर आने वाले देवेन्द्र शर्मा, मो नेजाम, मो शुभानउलाह सहित अन्य सदस्यों को मुख्य अतिथि सिंह ने राष्ट्रीय कोलियरी यूनियन की सदस्यता फूलमाला एवं पुष्प गुच्छ देकर करायी। सभा की अध्यक्षता सुदेश उरांव, संचालन जेके जॉन व धन्यवाद ज्ञापन संतोष कुमार द्वारा किया गया।

# बड़कागांव में बालू माफियाओं का आतंक!

## प्रशासन की नाक के नीचे करोड़ों की लूट, समाजसेवी ने दी भूख हड़ताल की चेतावनी

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** बड़कागांव की नदियों में बालू खनन पर रोक सिर्फ कागजों में दिखती है, जबकि हकीकत में यह धंधा खुलेआम फल-फूल रहा है। रात हो या दिन, बालू से लदे ट्रकों की लंबी कतारें गवाही देती हैं कि यह अवैध कारोबार किस स्तर तक पहुंच चुका है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि प्रशासन अब तक खामोश क्यों है? सूत्र बताते है कि इस धंधे के दो मास्टरमाइंड है। एक कोई बी. डांगी है और दूसरा किसी आर. सोनी का नाम सामने आ रहा हैं। हालांकि उनका पूरा नाम क्या है इसकी जानकारी नहीं मिल पायी। बताया जाता है कि इनका नेटवर्क न सिर्फ खनन से बालू निकालने तक सीमित है, बल्कि उसकी अवैध बिक्री से लेकर प्रशासनिक सेटिंग तक फैला हुआ है। बालू का स्टॉकयार्ड कुंडली बागी में बना है, जहां से बिना किसी रोक-टोक के यह माल हजारीबाग समेत अन्य शहरों में पहुंचाया जाता है। हजारीबाग में यह अवैध बालू ?25,000 प्रति ट्रक बेचा जा रहा है, जबकि 'पासिंग' के नाम पर 12,000 की अवैध वसूली की जा रही है। इधर इस मामले पर समाजसेवी अभिषेक कुमार ने इसकी शिकायत बड़कागांव थाना, जिला प्रशासन, अंचल अधिकारी और माइनिंग विभाग से की, लेकिन कार्रवाई के नाम पर अब तक सिर्फ खानापूर्ति हुई है। जिला खनन अधिकारी को आवेदन भी दी गयी है । अभिषेक कुमार ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही अवैध खनन पर रोक नहीं लगी, तो वे मुख्यमंत्री तक यह मामला ले जाएंगे और समाहरणालय के सामने भूख हड़ताल करेंगे। प्रशासन की चुप्पी यह संकेत देती है कि या तो माफिया तंत्र इतना मजबूत हो चुका है कि प्रशासन की हिम्मत जवाब दे चुकी है, या फिर कुछ अधिकारी भी आइएसएस खेल में शामिल हैं। फॉरेस्ट डिपार्टमेंट, माइनिंग विभाग, बड़कागांव अंचल अधिकारी और जिला प्रशासन इन सबकी आंखों के सामने यह काला कारोबार चल रहा है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सन्नाटा पसरा हुआ है। अब सवाल यह है कि आखिर प्रशासन कब तक माफियाओं के आगे झुका रहेगा? कब तक अवैध खनन से होने वाली करोड़ों की काली कमाई पर अधिकारी मौन रहेंगे? और सबसे बड़ा सवाल यह है कि जनता कब तक लुटती रहेगी? अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो जनता सड़कों पर उतरकर इसका जवाब मांगेगी।





हाइवा लदा बालू व समाजसेवी अभिषेक कुमार

> पूरे जिले में बालू का अवैध कारोबार जारी है। गरीब जनता को बालू नहीं मिल रहा है और सिंडिकेट को ब्लैक में बालू बेचकर माफिआ मालामाल है । इसके खिलाफ सभी को आवाज उठानी चाहिए । शिकायत करने के बावजूद प्रशासन साइलेंट मोड में है। अगर इसपर जल्द रोक न लगी तो भूख हड़ताल करूँगा।

## भीम आर्मी ने बरही थाना का किया घेराव

### आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** बरही में भीम आर्मी भारत एकता मिशन के सदस्यों ने बरही थाना का घेराव किया और विजैया गांव में अनुसूचित जाति के लोगों पर हुए हमले के आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। संगठन के पदाधिकारियों ने पुलिस को ज्ञापन सौंपते हुए 20 मार्च तक कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

**भीम आर्मी का विरोध प्रदर्शन :** भीम आर्मी बरही प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण राव की अध्यक्षता में विरोध प्रदर्शन हुआ, जिसका नेतृत्व जिला अध्यक्ष एडवोकेट कृष्णा कुमार ने किया। मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश अध्यक्ष संजय रविराज रहे। सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी कर प्रशासन से कार्रवाई की मांग की।

**प्रदेश अध्यक्ष ने दी आंदोलन की चेतावनी :** प्रदेश अध्यक्ष संजय रविराज ने कहा कि अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और अगर जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो जिला मुख्यालय का घेराव किया जाएगा।

इस प्रदर्शन में अर्जुन रविदास, संतोष रविदास, मनोज कुमार, मुकेश कुमार, कार्तिक पासवान, राहुल अंबेडकर, सूरज दास सहित हजारों लोग शामिल रहे।



प्रदशन करते सदस्यगण

#### क्या है पूरा मामला?

कुछ दिन पहले ग्राम विजैया में अनुसूचित जाति के परिवारों पर हमला किया गया था। हमलावरों ने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया, घरों में घुसकर मारपीट की और पत्थरबाजी की, जिससे करीब 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना को लेकर बरही थाना में कांड संख्या 61/25 के तहत मामला दर्ज किया गया, लेकिन अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई।

### होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जवाहर नगर ज्योति क्लब दुर्गा मंडप में रंगों का त्योहर होली को लेकर रविवार की संध्या होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में महिलाओं ने एक-दुसरे को रंग गुलाल लगाकर पर्व की शुभकामनाएं देते हुए होली की गीतों पर जमकर नृत्य किया। इस दौरान लोगों ने एक से बढ़कर एक जीज व्यंजनो का भी जमकर लुत्फ उठाया। साथ ही कहा कि होली आपसी भाईचारगी और प्रेम का संदेश देता है। सबों को होली का पर्व एकता के साथ भाईचारगी माहौल में मनाना चाहिए। मौके पर अर्चना देवी, उषा देवी, डॉली देवी, सताक्षी अग्रवाल, रूपा देवी, प्रमिला देवी, लक्खी देवी, फुलवंती देवी, सीता देवी, खुशबू देवी, देवंती देवी, चमेली देवी सहित दर्जनों महिलाएं मौजूद थें।

### अश्लील गाना नहीं बजाने के साथ आपसी भाईचारे के साथ मनाए होली: सीओ

**कुजू।** होली महापर्व शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर सोमवार को कुजू ओपी में मांडू अंचलाधिकारी विमल कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान पुलिस अधिकारियो ने होली पर्व शांतिपूर्ण व हर्षोल्लास के साथ मनाने पर लोगों के साथ चर्चा किया। जिस पर लोगों ने खुलकर अपनी अपनी बातों को रखा। जबकि अधिकारियों ने लोगों से अश्लील गाना नहीं बजाने के साथ साथ उपद्रवी व्यक्ति जिससे माहौल बिगड़ने की संभावना बन सकती है। शरारती किस्म के लोगो को चिन्हित कर पुलिस को सूचना देने, होलिका दहन निर्धारित समय पर करने आदि बातों पर चर्चा किया गया। जिसपर सभी लोगों ने आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने का भरोसा दिलाया।

## एकता और भव्यता की दिखी अनोखी झलक



दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करतीं अंबा प्रसाद

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** झारखंड वैश्य समाज द्वारा होली मिलन समारोह गणक मैरिज हॉल रामगढ़ में आयोजित किया गया। जिसमें 56 वैश्य उपजातियों द्वारा एक मंच पर होली मिलन समारोह मनाकर अनोखी एकजुटता और भव्यता का परिचय दिया गया। झारखंड वैश्य समाज के केंद्रीय अध्यक्ष नंदकिशोर गुप्ता उर्फ नंदू गुप्ता की अध्यक्षता एवं वैश्य समाज के वरिष्ठ सदस्य शिव शंकर साहू के संचालन महोत्सव का आयोजन हुआ। होली महोत्सव के उपलक्ष पर मुख्य अतिथि बड़कागांव पूर्व विधायक सह राष्ट्रीय (सचिव कांग्रेस) अंबा प्रसाद द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। अंबा प्रसाद ने कहा कि वैश्य समाज सदियों से आर्थिक मूल्यों और नीतियों का धरोहर रहा है। वैश्य समाज के साथ-साथ अन्य समाज और सांस्कृतिक संगठनों की होली महापर्व विभिन्नताओं में एकता की एकजुटता का संदेश है जो हमारे देश की मिट्टी में ही संभव है। वैश्य समाज के सुख-दुख में हमेशा की तरह हमारी उपस्थिति रही है और रहेगी। कार्यक्रम के अतिथि धनंजय कुमार पुटूस, समाजसेवी कमल बगड़िया, दीनदयाल कुमार, उपेंद्र प्रसाद गुप्ता, रणधीर गुप्ता, समाजसेवी पंकज वर्णवाल, राजकिशोर साहू उर्फ.लपेटा जी ,अरविंद साहू, शंकर अग्रवाल, जवाहर गुप्ता, विनोद कुमार, नितेश गुप्ता, बद्री विश्वकर्मा, अमित राज साहू, केंद्रीय सदस्य देवेंद्र प्रसाद, छोटेलाल मोदी, लख्खी राणा, राखी कुमारी (एचडी) को शॉल ओढ़ाकर एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। जबकि महोत्सव का आनंद उपस्थित गणमान्य वरिष्ठ अभिभावकों, देवतुल्य माताओं- बहनों, बंधुओं और समाज के अतिथियों ने उठाया। केंद्रीय सदस्य किशोरी लाल केसरी ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभा का समापन किया।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** होली पर्व के मद्देनजर सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी को रमजान एवं आगामी होली पर्व की शुभकामनाएं दी गई। मौके पर उपायुक्त ने सभी से आपसी सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि होली पर्व के अवसर पर होलिका दहन पूर्व से चिन्हित जगह पर ही आयोजित की जाएगी किसी भी नई जगह पर होलिका दहन आयोजित करने की अनुमति नहीं होगी। उपायुक्त ने होलिका दहन के दौरान स्थानीय स्तर पर वॉलिंटियर्स प्रतिनियुक्त करने उन्हें पहचान पत्र उपलब्ध कराने एवं वॉलिंटियर्स की जानकारी प्रशासन के साथ साझा करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त शांति समिति के सदस्यों को पहचान पत्र उपलब्ध कराने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि अगर पर्व के दौरान किसी भी क्षेत्र में कोई भी अफवाह सामने आती है अथवा सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने संबंधित कोई मामला सामने आता है तो इसकी जानकारी त्वरित रूप से जिला नियंत्रण कक्ष की दूरभाष संख्या 06553 222005 पर दी जाए वही उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन रामगढ़ शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न कराने को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर संयुक्त जिला आदेश के माध्यम से जिला प्रशासन द्वारा जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में प्रतिनियुक्त किए गए दंडाधिकारियों एवं पुलिस बल के जवानों को अपने क्षेत्र में हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने एवं शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न कराने को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने कहा कि अगर असामाजिक तत्वों द्वारा पर्व के दौरान माहौल खराब करने की कोशिश की जाएगी तो उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी वहीं उन्होंने शांति समिति के सदस्यों से अपने-अपने क्षेत्र में हर गतिविधि पर नजर रखने एवं कोई भी मामला सामने आने पर त्वरित इसकी जानकारी जिला प्रशासन को देने की अपील की। वहीं पुलिस अधीक्षक के द्वारा पर्व के दौरान वाहन जांच अभियान अथवा नशे की हालत में वाहन चलाने वाले पर किए जाने वाले कार्रवाई को लेकर भी सभी को जानकारी दी गई। गौरतलब होकि होली पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा अलग-अलग क्षेत्र में कुल 61 स्थलों पर दंडाधिकारियों के साथ पुलिस बल के जवानों, प्रत्येक प्रखंड के लिए तीन पालियों में गश्ती दंडाधिकारियों एवं जिला नियंत्रण कक्ष में तीन पालियों में दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, सिविल सर्जन, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा, जिला स्तरीय प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारियों, शांति समिति के सदस्य, थाना प्रभारी सहित अन्य उपस्थित थे।



बैठक में शामिल

## एक नजर में

### विश्व हिंदू परिषद की बैठक संपन्न



बैठक में शामिल लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** बरही में आगामी श्री राम जन्मोत्सव को लेकर विश्व हिंदू परिषद की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता और संचालन प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर ने किया। उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि श्री राम जन्मोत्सव अधिक से अधिक स्थानों पर मनाया जाए और इसके लिए पंचायतों व ग्राम समितियों को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने बताया कि यह आयोजन 30 मार्च से 12 अप्रैल तक विभिन्न मंदिरों में होगा। इस दौरान धार्मिक अनुष्ठान, श्री रामचरितमानस पाठ, प्रवचन और भजन मंडली के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए विश्व हिंदू परिषद कार्यकर्ता कथा मंडलियों और वक्ताओं का चयन करेंगे, ताकि भगवान श्री राम के आदर्शों को घर-घर तक पहुंचाया जा सके।

### हुड़दंगियों पर विशेष नजर रखी जाएगी: आभाष कुमार



बैठक में शामिल लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** बरही थाना परिसर में सोमवार को होली और रमजान के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी आभाष कुमार ने की, जबकि संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर ने किया। बैठक में जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, अल्पसंख्यक महाकल्याण समिति के अध्यक्ष मो. कयूम और सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अल्पसंख्यक महाकल्याण समिति के अध्यक्ष मो. कयूम ने कहा कि होली अच्छाई की बुराई पर विजय का प्रतीक है और यह एकता व रंगों का त्योहार भी है। वहीं, रमजान इस्लाम का पवित्र महीना है, जिसमें उपवास रखा जाता है। उन्होंने सभी से दोनों त्योहारों को शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला अंतर्गत पतरातू प्रखंड में पीवीयूएनएल पावर प्लांट चालू करने को लेकर रसदा ग्राम के निवासियों की उपस्थिति में सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त द्वारा पतरातू प्रखंड में पीवीवीएनएल पावर प्लांट चालू करने को लेकर आ रही समस्याओं से सभी को अवगत कराया गया। इस दौरान भूअर्जन, मुआवजा भुगतान, नौकरी सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर पीवीयूएनएल के अधिकारियों एवं रसदा ग्राम के निवासियों के साथ चर्चा की गई। मौके पर रसदा ग्राम के निवासियों द्वारा अपने पक्ष को सभी के समक्ष रखा गया।

### 18 सूत्री मांग पत्र के आलोक में प्रबंधन के साथ आयोजित हुई बैठक



बैठक में शामिल लोग

**कुजू।** सीसीएल करमा परियोजना कार्यालय में सोमवार को यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन द्वारा दिए गए 17 सूत्री मांग पत्र को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में एक और से परियोजना पदाधिकारी पवन कुमार, मैनेजर संजय कुमार सिंह, कार्मिक प्रबंधक अविनाश कुमार श्रीवास्तव, प्रोजेक्ट इंजीनियर अनिल कुमार दास जबकि दूसरे और से जयनंदन महतो, केतर महतो, मोहरलाल महतो, दिनेश महतो, भानु महतो,नागेश्वर मुंडा शामिल थे। इस दौरान उक्त सभी मांगों पर बारी बारी से चर्चा किया।

### श्री श्याम फाल्गुन रंग रंगीला एकादशी महोत्सव का आयोजन



कार्यक्रम में शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** श्री श्याम सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा आयोजित बाबा के खजाने के कूपन का कार्यक्रम 10 मार्च को फाल्गुन महोत्सव के अवसर पर समाज के गणमान्य व्यक्तियों एवं ट्रस्ट के पदाधिकारीयों के बीच संपन्न हुआ। इस अवसर पर ट्रस्ट के पदाधिकारी सहित कई गणमान्य पुरुष एवं महिलाएं उपस्थित थे। कार्यक्रम में अध्यक्ष सावर कुमार अग्रवाल, सचिव अनिल गोयल, सह सचिव विकास अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संजय चौधरी, भवन निर्माण मंत्री रमेश अग्रवाल के साथ-साथ शंकर अग्रवाल, पवन अग्रवाल, शंभू अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, दीपक मेवाड़, अरुण गोयल, संगीता अग्रवाल, निर्मला अग्रवाल, शालू गुप्ता ,निशा अग्रवाल, विष्णु पोद्दार, श्याम परशुरामपुरिया, ओमप्रकाश अग्रवाल, राजेश पथरवा, प्रभात अग्रवाल, मीडिया प्रभारी कमल बगड़िया मौजूद थे। प्रथम पुरस्कार स्वागत किलो चांदी का निशान एवं द्वितीय पुरस्कार 20 सवा पाव चांदी का निशान, बाकी अन्य कूपन में 10 ग्राम का एक चांदी का सिक्का प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार का वितरण 12 मार्च से 15 अप्रैल को शाम 7:00 से 9:00 के बीच में किया जाएगा। कूपन की मूल प्रति कूपन धारकों को जमा करनी होगी। कूपन धारकों को पुरस्कार प्राप्त करने की अंतिम तिथि 15 अप्रैल तक होगी।

## आठवीं बोर्ड की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न



- प्रथम पाली में 244 और द्वितीय पाली में 245 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** जिले के विभिन्न सरकारी स्कूलों में आठवीं बोर्ड की परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। सोमवार को आयोजित परीक्षा में प्रथम पाली में हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत की परीक्षा ली गयी। वहीं दूसरी पाली में विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और गणित विषय की परीक्षा ली गयी। वहीं डीईओ कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार प्रथम पाली में कोडरमा प्रखंड के विभिन्न सरकारी स्कूलों में 3082 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 59 अनुपस्थित, जयनगर में 2396 उपस्थित और 26 अनुपस्थित, डोमचांच में 2306 उपस्थित व 32 अनुपस्थित, चंदवारा में 1647 उपस्थित और 26 अनुपस्थित, वहीं सतगावां प्रखंड में 1538 उपस्थित व 55 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में आयोजित परीक्षा में कोडरमा प्रखंड के विभिन्न स्कूलों में 3082 परीक्षार्थी उपस्थित रहे जबकि 59 अनुपस्थित रहे, इसी तरह जयनगर प्रखण्ड में 2396 उपस्थित व 26 अनुपस्थित, डोमचांच में 2306 उपस्थित व 32 अनुपस्थित, मरकच्चो में 2057 उपस्थित व 47 अनुपस्थित, चंदवारा में 1647 उपस्थित जबकि 26 अनुपस्थित रहे, वहीं सतगावां प्रखंड में 1538 उपस्थित जबकि 55 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार प्रथम पाली में कुल परीक्षार्थियों 13,271 में से 13027 उपस्थित रहे, जबकि 244 अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में 13,271 में से 13026 उपस्थित और 245 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं उत्क्रमित मध्य विद्यालय चेचाई के प्रभारी प्रधानाध्यापक रामु दास ने बताया कि मेरे विद्यालय में भी शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न हुई। विद्यालय में कुल 127 परीक्षार्थियों में से 124 उपस्थित रहे, 3 अनुपस्थित रहे। मौके पर कैलाश राम, ममता कुमारी यादव, संजय कुमार साव, पवन कुमार यादव, फैजूलबारी मौजूद थे।

### बिजली विभाग की बैठक में कार्यपालक अभियंता ने दिए आवश्यक निर्देश

# 20-22 घंटे बिजली आपूर्ति के लिए ठोस रणनीति तैयार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** गर्मी को ध्यान में रखते हुए बिजली आपूर्ति को बेहतर बनाने के लिए बिजली विभाग द्वारा ठोस रणनीति बनाई गई। वहीं कार्यपालक अभियंता रंधीर कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बिजली आपूर्ति को 20-22 घंटे तक सुचारु बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने पर चर्चा की गई। बैठक में शहर की विभिन्न गलियों में जर्जर तारों और पुराने खंभों को बदलने का निर्णय लिया गया। वहीं कार्यपालक अभियंता रंधीर कुमार ने बताया कि जहां-जहां बिजली के नंगे तार हैं, उन्हें जल्द बदला जाएगा और आवश्यकता अनुसार नए पोल लगाए जाएंगे। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे इस कार्य में सहयोग करें ताकि निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति हो सके।

ट्रांसफॉर्मर में तेल भरने और मरम्मत का कार्य इस हफ्ते पूरा होगा बैठक में निर्णय लिया गया कि शहर में लगे सभी 200 केवी और 500 केवी के ट्रांसफॉर्मरों की जांच की जाएगी और प्राथमिकता के अनुसार उनमें तेल भरने का कार्य इसी सप्ताह पूरा किया जाएगा। इसके अलावा, ट्रांसफॉर्मरों में आ रही समस्याओं को भी तत्काल समाधान किया जाएगा, ताकि बिजली आपूर्ति निर्बाध बनी रहे। होली के दौरान बिजली आपूर्ति में किसी भी तरह की बाधा न आए, इसके लिए सभी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। बैठक में बताया गया कि यदि 100 केवी या अन्य क्षमता के ट्रांसफॉर्मर जलते हैं तो उन्हें 24 घंटे के भीतर बदला जाएगा।

**राजस्व वसूली पर समीक्षा, बकायेदारों को भेजे गए नोटिस :** बैठक में मार्च महीने की राजस्व वसूली की समीक्षा की गई। जिले से कुल 22 करोड़ रुपये की वसूली का लक्ष्य तय किया गया है, जिसमें सब्सिडी छूट के बाद लगभग 12 करोड़ रुपये की राशि वसूल की जानी है। फरवरी महीने में 8 करोड़ रुपये के लक्ष्य के विरुद्ध 6 करोड़ रुपये की वसूली हुई थी। इसके अलावा, जिले में 5000 रुपये से अधिक बकाया रखने वाले 3100 उपभोक्ताओं में से 1477 को नोटिस भेजा गया है। इन बकायेदारों पर कुल 4 करोड़ 4 लाख 65 हजार रुपये की राशि बकाया है। वहीं अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जल्द से जल्द भुगतान न करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बैठक में विद्युत कार्यकपालक अभियंता (प्रोजेक्ट) सरताज कुरैशी, सहायक अभियंता गजेन्द्र टोप्पो, प्रशांत कुमार, संदीप कुमार, जेई हरिकृष्णा केश्वरवानी, उज्जवल तिवारी सहित संवेदक मैजूद थे।

## खबर एक नजर में

### झामुमो इटखोरी प्रखंड कमेटी का गठन, अध्यक्ष बबलू केशरी व सचिव बने मकसूद आलम



**इटखोरी (चतरा)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) की इटखोरी प्रखंड कमेटी का गठन सोमवार को किया गया। पूर्व जिलाध्यक्ष पंकज प्रजापति की अध्यक्षता में मां तारा होटल, इटखोरी में आयोजित प्रखंड स्तरीय सम्मेलन में सर्वसम्मति से बबलू कुमार केशरी को प्रखंड अध्यक्ष और मकसूद आलम को सचिव चुना गया। इसके अलावा, बंटी आलम उपाध्यक्ष, मोहम्मद खालिद कोषाध्यक्ष और राजदेव यादव उपाध्यक्ष बनाए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिमरिया विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी मनोज चंद्रा, पूर्व जिला सचिव अमरदीप साव और केंद्रीय समिति सदस्य सरोज देवी सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष बबलू केशरी ने कहा कि सरकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। इस मौके पर श्याम सिंह, मुखिया युगेश्वर दांगी, रामदेव यादव समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### राजद के होली मिलन समारोह में उड़ा गुलाल, पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता साधु के भेष में दिखे



**चतरा।** राष्ट्रीय जनता दल के चतरा जिला परिवार द्वारा सेलिब्रेशन होटल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया और उपस्थित लोगों को होली की अग्रिम बधाई व शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता साधु के भेष में नजर आए, जो कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र बना रहा। समारोह में सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और पारंपरिक अंदाज में पर्व का आनंद लिया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय जनता दल महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष रश्मि प्रकाश भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। राजद जिला परिवार के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और महागठबंधन से जुड़े विभिन्न नेता भी समारोह में शामिल हुए।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर होली मिलन समारोह का आयोजन



**गिद्धौर।** प्रखंड के छह घरवा में संचालित जेएसएलपीएस से जुड़ी महिलाओं ने सीएलएफ क्लस्टर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर सोमवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम आईपीआरपी सुनीता देवी के नेतृत्व में किया गया। जहां मुख्य अतिथि गिद्धौर पंचायत मुखिया निर्मला देवी थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएलएफ के अध्यक्ष शीला कुमारी ने की एवं संचालन लेखपाल शीला कुमारी ने किया। महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त होने की बातें कही एवं पुरुषों से कदम से कदम मिलाकर चलने की बातें अध्यक्ष ने कही। वहीं मुखिया निर्मला देवी ने बतलाया कि अपने-अपने बच्चों को नशा से दूर रखें अभी कम उम्र में ही बच्चे नशे का शिकार होते जा रहे हैं। जिसे बचाने की जरूरत है। उसके बाद उपस्थित महिलाओं ने एक-दूसरे को रंग अबीर गुलाल लगाकर आने वाले होली के लिए एक-दूसरे को ढेर सारी शुभकामनाएं कहीं एवं होली मिलन समारोह भी मनाया। मौके पर उपस्थित प्रतिमा देवी, उषा देवी, लक्ष्मी देवी, रेखा देवी संगीता देवी सुमन वर्मा सरोज कुमारी निर्मला कुमारी गायत्री देवी नीतू कुमारी एवं दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी।

### चंदवारा थाना में होली शांति सौहार्द वातावरण में मनाने को लेकर शांति समिति बैठक आयोजित



**चंदवारा (कोडरमा)।** थाना परिसर में बीडीओ सुमित कुमार मिश्रा एवं प्रखंड प्रमुख मंजू देवी की अध्यक्षता में सोमवार को होली त्यौहार शांति सौहार्द वातावरण में मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक का संचालन थाना प्रभारी धनेश्वर कुमार ने किया। इस दौरान प्रखंड के विभिन्न गांव के ग्रामीणों ने खुशियों का त्यौहार होली पर्व को शांति सौहार्द वातावरण में मनाने का आश्वासन दिया। वहीं थाना प्रभारी ने लोगों से शांति सौहार्द वातावरण में होली त्यौहार को मनाने का आग्रह किया। वहीं बीडीओ सुमित कुमार मिश्रा ने कहा कि आपसी सौहार्द को बनाये रखने के लिए सभी धर्म और समुदाय के लोग इस त्यौहार को मिलजुल कर मनाएं। वहीं प्रमुख मंजू देवी ने कहा कि होली का त्यौहार शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया जाये। मौके पर दिलीप मंडल, मेघनाथ दुबे, नीरज कुमार, प्रवीण कुमार उर्फ बंटी मोदी, लक्ष्मण प्रसाद यादव, संजय दास, असगर अंसारी, मनोज पासवान, विजेंद्र यादव, लीलावती देवी, महेंद्र यादव, राजू यादव, अशोक सिंह, विजय मोदी, बालगोविंद स्वर्णकार, नन्दकिशोर सोनी, रामप्रसाद यादव आदि मौजूद थे।

### शांति समिति की बैठक में होली और रमजान को लेकर सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील



**कोडरमा।** आगामी त्योहार होली और रमजान को ध्यान में रखते हुए सोमवार की शाम तिलैया थाना परिसर में थाना प्रभारी विनय कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के लोग मौजूद थे। थाना प्रभारी ने लोगों से अपील की कि पर्व के दौरान सामाजिक सौहार्द्ध बनाए रखें, अफवाहों से बचे, और किसी भी समस्या जानकारी तुरंत स्थानीय थाना को दें। साथ ही हुड़दंगियों पर कड़ी नजर बनाए रखने की बात कही। अंत में नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष व हिंदू मुस्लिम एकता की मिशाल रहे स्व. अनवर उल हक के निधन पर दो मिनट का मौन रखा गया। मौके पर प्रभारी बीडीओ मनोज कुमार रवि, संतोष यादव, हाजी गुलाम जिलानी, वीरेंद्र सिंह, अशोक बरनवाल, अरशद खान, अनुराग सिंह, घनश्याम तुरी, शमीम आलम लड्डू, चुन्नू मंसूरी, सलीम अहमद, मो.इशाक, नरेश सिंह, प्रमोद सिंह, राणा रणजीत राय, सतबीर सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

### मतदाता सूची के प्रारूप का दावा व आपत्ति 11 से 20 मार्च तक

**कोडरमा।** झारखण्ड नगरपालिका निर्वाचन नियमावली 2012 के नियम 14 में निहित प्रावधानों के अनुसार नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2025 के निमित्त झुमरीतिलैया नगर परिषद् (वर्ग-ख), कोडरमा एवं डोमचांच नगर पंचायत के प्रारम्भिक निर्वाचन क्षेत्रवार (वार्डवार) तैयार मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया गया है, जिसे शहरी स्थानीय निकायों एवं वार्ड कार्यालय के सूचना पट्ट एवं विनिर्दिष्ट स्थानों तथा जिले के वेबसाइट पर देखा जा सकता है। प्रकाशित प्रारूप के संबंध में किसी प्रकार का कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो 11 मार्च से 20 मार्च 2025 तक संबंधित नगर निकाय कार्यालय में दर्ज कराई जा सकती है।

### नवलशाही थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित



**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना परिसर में सोमवार को हिंदुओं का प्रमुख रंगों का त्योहार होली व मुस्लिमों का पवित्र त्योहार रमजान को लेकर नवलशाही थाना परिसर में थाना प्रभारी शशि भूषण कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गयी। जिसका संचालन देवीपुर मुखिया बेदू साव ने किया। बैठक में दोनों समुदाय के लोग शामिल हुए। बैठक में होली का त्योहार शांतिपूर्ण व रमजान आपसी सौहार्द के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं जनप्रतिनिधियों ने शराब पर रोकथाम के लिए विशेष कार्रवाई करने का अनुरोध किया। वहीं उन्होंने कहा कि होली के मौके पर शराब विवाद व हंगामा का कारण बनता है। वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। होली एवं रमजान को देखते हुए अपने थाना क्षेत्र में निरंतर गस्ती जारी रहेगा। थाना क्षेत्र में जितने भी संवेदनशील स्थान हैं, सभी स्थानों पर पुलिस की गस्ती तेज रहेगी। अफवाह फैलाने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी, डीजे पर बैन रहेगा। बैठक में मदन मिश्रा, दसमत किस्कू, सुकर टोप्पो, राजीव सिंह, कलीमउद्दीन अंसारी, महावीर राणा, देवनारायण यादव, किशोर यादव, सहदेव राम, रामचंद्र राणा समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### जयनगर थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित



**जयनगर (कोडरमा)।** थाना परिसर में होली एवं रमजान को लेकर सोमवार को प्रखंड प्रमुख अंजू देवी की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से थाना प्रभारी बबलू सिंह मौजूद थे। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी ने कहा कि प्रखंड के विभिन्न इलाकों में पुलिस की तैनाती की जाएगी, होली रंगों का त्यौहार है इसलिए सभी को आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाना चाहिए। वहीं उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर ध्यान ना दें। वहीं प्रमुख अंजू देवी ने सभी लोगों से अपील की है कि शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाएं। मौके पर आशीष हसदा, अशोक सिंह, अजय यादव, चूरन खान, अर्चना कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।

### रक्तदान शिविर में 38 यूनिट हुआ रक्त संग्रह



**कोडरमा।** जिले के करमा स्थित निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज परिसर में सोमवार को रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष अजीत बर्णवाल ने फीता काटकर किया। शिविर में कुल 38 यूनिट रक्त संग्रह किया गया, जिसे सदर अस्पताल के ब्लड बैंक में रखा गया। कार्यक्रम में रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष अजीत बर्णवाल ने कहा कि रक्तदान जीवनदान है, हर व्यक्ति को अपने जीवन में रक्तदान जरूर करना चाहिए। मौके पर डॉ.ब्यूटी कुमारी के अलावा जेएसबीसीसीएल के कार्यपालक अभियंता अमित कुमार, पीयूष कुमार, प्रिय रंजन नायक, जयेश पटेल, गौतम कुमार, विजय पांडे, तपन, अजमल, गोविंद, सचिन कुमार, अभिषेक कुमार, किन्नू, सुनील कुमार, काजल समेत अन्य लोग मौजूद थे। इस दौरान वहां कार्यरत कर्मियों के स्वास्थ्य की भी जांच की गई और निर्माण कार्य में लगे मजदूरों को टेटनेस की सूई दी गयी।

## होली से पहले ही ट्रेनें फुल, टिकट के लिए लंबी कतार

- झारखण्ड आने वाले यात्रियों की बढ़ी मुश्किलें
- तत्काल एवं होली स्पेशल ट्रेन ही एकमात्र सहारा

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**कोडरमा।** दिल्ली, मुंबई, गुजरात साउथ की ओर से झारखंड-बिहार आने-जाने वाली ट्रेनें होली से पहले ही फुल हो गई हैं। लंबी प्रतीक्षा सूची के कारण टिकट पाने के लिए यात्री परेशान हैं। वैसे यात्री के लिए ट्रेन में अब तत्काल और होली स्पेशल ट्रेन ही मात्र एक सहारा बन रही है, अगर बर्थ उपलब्ध नहीं होगा तब निजी वाहनों व बसों से घर पहुंचने की मशक्कत करने की तैयारी में लोग लग गये हैं।

कोडरमा, धनबाद, गया जक्शन होकर दिल्ली-हावड़ा, कानपुर मुंबई, अहमदाबाद से आने वाले ट्रेनों में छात्र छात्राओं व नौकरी पेशा व्यवसायी करने वाले के लिए राहत भरी खबर है कि रेलवे कई ट्रेनों में अतिरिक्त बोगी लगाने एवं स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है।

होली के त्योहार पर दिल्ली, मुंबई, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात में झारखण्ड बिहार के लोग पर्व मनाने परिवार समेत घर आते हैं। इसके लिए ये लोग पहले से ही टिकट बुक करा लेते हैं। मार्च के पहले ही सप्ताह से अब अधिकांश ट्रेनों में टिकट नहीं मिल रहे हैं। लगभग सभी लंबे रूट की ट्रेनें 15 दिन पहले से ही भर गई हैं। वहीं दुसरी ओर इनमें प्रतीक्षा सूची बढ़ती ही जा रही है।

## 12 साल बाद आईसीसी चैंम्पियन ट्रॉफी जीत पर क्रिकेट प्रेमियों ने मनाया जश्न

- झंडा चौक पर ढ़ोल बाजे पर थिरके व की आतिशबाजी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** आईसीसी चैंपियन ट्रॉफी के फाइनल में न्यूजीलैंड पर भारत की रोमांचकारी जीत का जश्न झुमरीतिलैया में भी मनाया गया। बतातें चलें कि भारत ने 12 साल बाद रोहित शर्मा की कप्तानी में चैंम्पियन ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया। भारत ने सौरभ गांगुली की कप्तानी में 2002, महेंद्र सिंह की कप्तानी में 2013 और रोहित शर्मा की कप्तानी में 2025 में आईसीसी चौंपियन ट्रॉफी पर कब्जा जमाया है। दुबई के इंटरनेशनल स्टेडियम में मिली जीत के बाद कोडरमा के कई इलाकों में जश्न का माहौल रहा। वहीं शीतल छाया होटल से क्रिकेट प्रेमियों का एक समूह ढोल बाजे के साथ जमकर आतिशबाजी की। वहीं युवाओं की टोली ने तिरंगा हांथो में लेकर भारतीय क्रिकेट टीम का गुणगान किया एवं बधाई दी। जश्न मनाने वालों में रितिक गुप्ता, विकास जैन, प्रेम नायक, सुधीर सिंह, राजेश कुमार, अमर गुप्ता, कुणाल गुप्ता, उदय चन्द्रवंशी, रंजीत कुमार आदि शामिल थे।

### अज्ञात अपराध कर्मियों ने गोदाम में लगायी आग, लाखों का सामान जलकर खाक

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत डोमचांच-पीपचो मार्ग स्थित काराखुट में बीती रात एक गोदाम में अज्ञात अपराध कर्मियों ने आग लगा दी, जिससे लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। वहीं गोदाम के मालिक किशन विश्वकर्मा ने बताया कि रात 10:30 बजे आस-पास के लोगों ने आग लगने की सूचना दी। उन्होंने बताया कि आग लगने से दो पानी टंकी (प्लास्टिक) और एचडीपी पाइप जलकर खाक हो गया। आग लगने से दो लाख रुपये की संपत्ति नष्ट हुई है। वहीं उन्होने बताया कि आग पर अग्निशमन के दस्ते ने काबू पाया। घटना की सूचना मिलते ही डोमचांच पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली।

## खुलेआम मेडिकल वेस्ट फेंकने एवं जलाने से स्थानीय लोगों में रोष

**कोडरमा।** शहर के राजगढ़िया रोड डॉक्टर गली में कई जगहों पर खुलेआम मेडिकल वेस्ट फेंकने और बाद में इसको जला देने से स्थानीय लोगों में काफी रोष है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि मेडिकल वेस्ट को यहीं पर जला देने से सांस लेना भी मुश्किल हो जाता है। इस मामले को लेकर स्थानीय निवर्तमान पार्षद पिंकी जैन ने सवाल उठाया है, साथ ही इस मामले को लेकर उन्होंने सिविल सर्जन व नगर प्रशासक से शिकायत की है। पिंकी जैन के अनुसार गत दिन भी राजगढ़िया रोड में खुलेआम रोड पर फेंके गये मेडिकल वेस्ट में आग लगा दी गयी, जिससे निकल रहे जहरीले धुएं से कई लोगों को दम घुटने जैसा महसूस हुआ। यह स्थिति शहर के लिए अच्छी नहीं है। उन्होंने पदाधिकारियों से खुले में मेडिकल वेस्ट फेंकने वालों पर कार्रवाई करने व समस्या के समाधान की मांग की है। वहीं राजगढ़िया रोड व डॉक्टर गली में कई दवा दुकानों व पैथोलॉजिकल लैब द्वारा रोड पर खुलेआम खून से सना हुआ डिस्पोजल, सूई, सिरिंज, बैंडेज व ग्लब्स फेंक दिये जाते हैं, इसी गंदगी के ढेर को शाम में जला दिया जाता है, जिससे आसपास रहने वाले लोग परेशान हैं।

# होली को लेकर बाजार में चहल पहल

## चार्ज से चलने वाली पिचकारी की बिक्री है परवान पर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** जिला का बाजार होलियाना मूड में आ रहा है। धीरे-धीरे घरों में दस्तक बना रहा है। स्कूल-कॉलेजों के अलावा सामाजिक स्वयंसेवी संगठनों का भी होली मिलन शुरू हो गया है। गीत संगीत के बीच एक-दूसरे को अबीर गुलाल एवं फुलों की होली से गांव से लेकर शहर तक पहल देखी जा रही है एवं होली के गीत पर लोग थिरकते नजर आ रहे हैं। वहीं शहर के थोक और खुदरा बाजार में रंग-बिरंगी व आकर्षक पिचकारियां बिकने लगी हैं।

इस बार ऐसी पिचकारी व बम आए हैं जो फोड़ने पर आसमान से होली बरसाएंगे। वहीं बच्चों की बंदूक से रंग-गुलाल की गोली निकलेगी। केजीएफ के हथौड़े वाली पिचकारी भी खूब भा रही है। वहीं बाजार में चार्ज से चलने वाली पिचकारी गुलाल गन अनार गुलाल जैसे पिचकारी की खूब धूम है। जो कि 30 रुपये से लेकर 900 रुपये तक उपलब्ध हैं।

**अबकी बार सबसे अधिक देशी पिचकारी :** पहले जहां बच्चों के खिलौने व पिचकारी की आवक चीन से होती थी। वहीं अब अपने ही देश की बनी ये सारी सामग्री बाजार में उपलब्ध है। यह सामग्री सबसे अधिक दिल्ली, मुंबई, कोलकाता से मंगाई गई है। पिचकारी विक्रेता पिंटू जैन ने बताया कि बाजार में हर तरह की पिचकारियों का स्टाक पहले ही बना लिया गया था। रंग भोपू पाइप की बात की जाए तो 150 रुपये व म्यूजिकल युक्त रंग भोपू पाइप 350 रुपये तक के भाव से बिक्री हो रही है। इसके अलावा अन्य पिचकारी पांच रुपये से लेकर 1000 रुपये तक में बिक रही है।

**40 फीट ऊपर जाकर उड़ेगा गुलाल, जादुई ग्लास :** 16, 8, 5 व 3 शूटर कलर गुलाल ब्लास्ट बम भी इस साल बाजार में है। इसको फोड़ने पर लगभग 40 फीट ऊपर जाकर रंग या गुलाल बरसाएगा।

विक्रेता बिनोद जैन ने बताया कि चमकीला गुलाल का पकैट 30 से 50 रुपये फुट के कलर के गुलाल 300 रुपये में उपलब्ध है। मैजिक ग्लास में सिर्फ पानी डालना है, जो रंग में बदल जाएगा। 30 बार पानी डालकर रंग बनाया जा सकता है।

## जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**चतरा।** जिले में होली और रमजान के अवसर पर शांति व सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, जन प्रतिनिधियों और शांति समिति के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी से आग्रह किया कि होली और रमजान को आपसी भाईचारे व सौहार्द के साथ मनाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को विद्युत आपूर्ति, साफ-सफाई, स्वास्थ्य सेवाओं और पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, अवैध शराब कारोबारियों पर कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग को छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ऋत्विक श्रीवास्तव ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने से बचने की अपील की और बताया कि भड़काऊ सामग्री पोस्ट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने सभी थाना प्रभारियों को असामाजिक तत्वों को चिन्हित करने और पेट्रोलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। होली के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले में पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी, पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। बैठक के अंत में उपायुक्त रमेश घोलप ने सभी को होली और रमजान की शुभकामनाएं दीं और जिले में शांति एवं सद्भाव बनाए रखने की अपील की। बैठक में डीआरडीए निदेशक अलका कुमारी, एसडीओ चतरा जहूर आलम, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चतरा, सिमरिया, टंडवा, जिला परिवहन पदाधिकारी इंद्र कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद विनीता कुमारी, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चतरा, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### जारी प्रखंड के विभिन्न स्कूलों में 8वीं बोर्ड की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न



जारी। प्रखंड के रा उत्क्रमित उच्च विद्यालय जारी, संत पियुस जनता उच्च वि भिखमपुर, आरसी बालक मध्य वि बारडीह एवं आरसी मध्य विद्यालय परसा परीक्षा केंद्र में आयोजित 8वीं बोर्ड परीक्षा कदाचार मुक्त सम्पन्न हुआ। बीपीएम सरफराज अन्सारी ने बताया कि आठवीं बोर्ड मे कुल 326 परीक्षार्थियों मे 08परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं बीपीएम सरफराज अंसारी ने सभी परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम मे संबन्धित विद्यालय के केंद्राधीक्षकों को परीक्षा संबंधित दिशा निर्देश भी दिये।

### स्कूल ड्रेस व किताबों की आसमान छूती कीमतों से अभिभावक परेशान: शिशिर

गुमला। देशभर में बढ़ती महंगाई का असर अब बच्चों की शिक्षा पर भी पड़ने लगा है। समाजसेवी शिशिर कुमार गुप्ता ने कहा कि स्कूल ड्रेस, किताबें, स्टेशनरी और अन्य शैक्षणिक सामग्रियों की बढ़ती कीमतों ने अभिभावकों की चिंता बढ़ा दी है। पहले से ही आर्थिक तंगी से जूझ रहे मध्यम और निम्न आय वर्ग के परिवारों के लिए बच्चों की शिक्षा का खर्च वहन करना मुश्किल होता जा रहा है। हर साल स्कूलों द्वारा नई यूनिफॉर्म, किताबें, बैग और स्टेशनरी खरीदने की अनिवार्यता थोप दी जाती है। पहले जहां एक बच्चे की स्कूल ड्रेस और किताबों का खर्च सीमित बजट में आ जाता था। वहीं अब यह कई गुना बढ़ गया है। किताबों की कीमतों में अचानक हुई वृद्धि और निजी स्कूलों द्वारा अपनी पसंद की महंगी किताबें अनिवार्य करने से अभिभावक भारी दबाव में हैं। गुमला के स्थानीय अभिभावकों का कहना है कि कुछ स्कूल बाजार में उपलब्ध सामान्य किताबों को मान्यता नहीं देते और केवल प्राइवेट पब्लिशर्स की महंगी किताबें खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है। शहर के कई सामाजिक संगठनों और अभिभावकों ने सरकार से अपील की है कि शिक्षा सामग्री की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।

### सरकार पेसा कानून लागू करने में ढुलमुल रवैया अपना रही है : देवेंद्र



गुमला। मूली पड़हा जिला गुमला के पदाधिकारी की एक बैठक गणेशपुर डीपा अरमई में हुई। बैठक में कई विषयों पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता मूली पड़हा के दिवान चुंईया कुजूर ने की। बैठक में पूर्व बेल राजबेल उरांव ने बताया कि इस वर्ष जिला सरहुल पर्व 1 अप्रैल को धूमधाम से मनाने की तैयारी चल रही है। मूली पड़हा भी उसी तिथि को 10 बजे से पुगु तनुवा बगीचा ससंदरी में सरहुल पूजा इस वर्ष भी आयोजन कर रही है तथा दोपहर एक बजे बुधु भगत चौक से शोभा यात्रा खोड़हा दल के साथ गुमला शहर के लिए प्रस्थान करेगी। देवेंद्र लाल उरांव ने कहा कि झारखण्ड सरकार यहां के जल जंगल जमीन धर्म संस्कृति, परंपरा ग्राम सभा आदि को सुरक्षित करने वाला संवैधानिक अधिकार शक्ति पांचवी अनुसूची क्षेत्र में सरकार पेसा कानून को लागू करने करने में ढुलमुल रवैया अपना रही है। सरकार जल्द पेसा कानून लागू नहीं करती है तो मूली पड़हा गुमला जिला पेसा कानून लागू करने के लिए सड़क पर उतरकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। चुंईया कुजूर ने कहा कि पड़हा संगठन पारंपरिक सामाजिक धार्मिक और न्यायिक कार्य को सदियों से करते आ रहे है। बैठक में राजी बेल खुदी भगत दुखी, बिनोद मिंज, वीरा उरांव, सोमेश्वर टाना भगत व अन्य लोग मौजूद थे।

### पर्व पर स्वदेशी उत्पाद ही खरीदे : रमेश

गुमला। चैंबर ऑफ कॉमर्स के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने होली पर स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी पर जोर दिया है। उन्होंने कहा है कि अब होली करीब है। लेकिन बाजार में पूर्व की भांति रौनक नहीं दिख रही है। चूंकि स्थानीय बाजार को ऑनलाइन मार्केट ने प्रभावित कर दिया है। इससे स्थानीय बाजार और दुकानदारों की स्थिति बिगड़ रही है। इसलिए लोग ऑनलाइन के बजाय लोकल बाजार से खरीदारी करें। उन्होंने लोगों से अपील की है कि गुमला की परंपरा को बरकरार रखते हुए आपसी एकता व मिल्लत के साथ होली का त्योहार मनाएं।

### हापामुनि गांव में 15 मार्च को आयोजित डोल समारोह स्थगित

घाघरा। प्रखंड के हापामुनि गांव में 15 मार्च को मंदिर के समक्ष चबुतरा में होने वाले डोल समारोह कार्यक्रम स्थगित कर दी गई है। हापामुनि गांव में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए महामाया मंदिर के पुजारी प्रदीप मनी पाठक ने बताया कि हापामुनी महामाया मंदिर पुजारी परिवार में सड़क दुर्घटना में विगत 5 मार्च को हेमंत कुमार पाठक की मृत्यु हो गई थी। जिसके कारण मंदिर के पुजारी 13 दिनों तक किसी भी तरह की पूजन पाठ नहीं कर सकेंगे और न ही मंदिर में प्रवेश करेंगे। जिसके कारण डोल समारोह में मंदिर से मां की मूर्ति को बाहर नहीं लाया जा सकेगा। इस कारण उक्त डोल समारोह को स्थगित किया गया है। बता दे की डोल समारोह में कई जिलों से भक्त लोग उक्त कार्यक्रम को देखने आते है। मौके पर कई लोग उपस्थित थे।

### होली व ईद को लेकर गुमला थाना में शांति समिति की हुई बैठक



गुमला। होली व ईद पर्व को लेकर सोमवार को गुमला थाना में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में दोनों ही पर्वों को शांति व सौहार्द्र से मनाने का निर्णय लिया गया। थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह ने शहरवासियों से शांतिपूर्ण माहौल में आपसी एकता का परिचय देते हुए पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान शहर के चौक चौराहों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम रहेंगे। बैठक के बाद एक दूसरे को अबीर लगाकर होली पर्व की बधाई दी। बैठक में बीडीओ, सीओ हरीश कुमार, चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह, रमेश कुमार, बबलू वर्मा, दामोदर कसेरा, ब्रिज फोगला, अमन आनंद, दिनेश अग्रवाल, पदम साबू, सरजू साहु, राजेश गुप्ता, मो सब्बू, मो मिन्हाजुद्दीन, अकील रहमान व कई लोग उपस्थित थे।

## गुमला के चैनपुर थाना परिसर में होली एवं ईद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

# लोग मिलजुलकर व शांतिपूर्वक मनायें त्योहार : एसडीओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में शामिल अधिकारी व सदस्य।

**चैनपुर।** होली एवं रमजान के पवित्र पर्व को लेकर चैनपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता चैनपुर एसडीओ पूर्णिमा कुमारी ने की। उन्होंने सभी से अपील की कि वे त्योहारों को शांतिपूर्ण और आपसी प्रेम के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि आप सभी हमेशा से मिल-जुलकर त्योहार मनाते आए हैं, इसलिए इस बार भी इसी भावना को बनाए रखें। एसडीओ ने स्पष्ट किया कि चैनपुर थाना क्षेत्र में गुटका, सिगरेट और शराब पर पूर्णतः प्रतिबंध है और थाना प्रभारी को इसे सख्ती से लागू करने का निर्देश दिया गया। एसडीपीओ ललित मीना ने सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए सभी से अपील की कि वे वाहन चलाने के नियमों का पालन करें। चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी ने पंचायत मुखिया को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें अपने क्षेत्र में शराब के खिलाफ जागरूकता फैलानी चाहिए। उन्होंने बताया कि सरकार शराब बंद करने के लिए रोजगार शुरू करने के लिए 10,000 की सहायता देती है। जिससे लोग अपनी आजीविका का साधन विकसित कर सकें। सर्किल इंस्पेक्टर ने सभी से अपील की कि वे होली के अवसर पर समाज की कुरीतियों को भस्म करने का संकल्प लें। जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने कहा कि पर्व-त्योहार प्रेम और एकता का प्रतीक हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि किसी को भी जबरदस्ती रंग न लगाया जाए। बैठक का समापन सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं देते हुए किया। इस अवसर पर सीओ दिनेश कुमार गुप्ता, यशवंत केसरी, अरविंद मौर्य, जावेद खान, लियोनार्ड खलखो, अमर साहू, शिवम केसरी, राजन पांडे, मनोज कुमार, रश्मि टोप्पो सहित शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# भंडरा में जिला राजी पड़हा की हुई बैठक

## कई विषयों पर हुई चर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** भंडरा प्रखंड अंतर्गत नंदिनी डैम के समीप जिला राजी पड़हा की बैठक जिला राजी पड़हा के बेल (राजा) लक्ष्मी नारायण भगत की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिले भर के 32 पड़हा में से 17 पड़हा के पड़हा बेल, देवान, कोटवार, भंडारी जैसे अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। इस दौरान सामाजिक स्वशासन पड़हा व्यवस्था पुनर्गठन, सामाजिक मजबूती, सशक्त ग्राम सभा, पेसा कानून 1996 सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा पर चर्चा किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से पड़ा पुनर्गठन किया गया। जिसमें जिला बेल लक्ष्मी नारायण भगत को बनाया गया। वही कुछ निष्क्रिय पदाधिकारी को पड़हा से हटाया गया, वहीं कुछ सक्रिय पदाधिकारी को पड़हा से जोड़ा गया। यह भी तय किया गया कि 30 अप्रैल तक जिले के 32 पड़हा में सक्रिय एवं निष्क्रिय पदाधिकारी का फेरबदल करते हुए पड़हा व्यवस्था को दुरुस्त कर लिया जाएगा। निर्णय लिया गया कि 2026 में 3 वर्ष पूरे होने पर पड़हा की ओर से बिशु शिकार जाया जाएगा। मौके पर पड़हा के अगुवाओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। कहा कि समाज के लोग अलग-अलग ना चले एक साथ होकर चले तो निश्चित रूप से समाज सशक्त हो सकता है। संचालन डोमना उरांव ने किया। बैठक में गोसाई भगत, मंगल उरांव, सुरेंद्र उरांव, बुधराम उरांव, परमेश्वर उरांव, चंद्रमोहन उरांव, रमेश उरांव, रागदेव उरांव, संजय उरांव, बुधवा उरांव, शनिचरण उरांव, नारायण उरांव, पड़हा के बेल, देवान, कोटवार, भंडारी व अन्य मौजूद थे।

# घाघरा प्रखंड में आधार कार्ड को अपडेट करने के नाम पर लाखों रूपये की हो रही वसूली

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**घाघरा।** झारखंड सरकार ने लोगों की सुविधा और भ्रष्टाचार से मुक्ति के लिए हर प्रखंड में प्रखंड कार्यालय का भवन बनाया। इस भवन में सारे कार्यालय को स्थापित भी कर दिया गया और नाम दिया गया एक छत के नीचे सारे कार्यालय, ताकि लोगों के साथ अवैध वसूली न हो घोटाला न हो भ्रष्टाचार ना हो। लेकिन घाघरा प्रखंड कार्यालय भवन में भ्रष्टाचार का एक बड़ा मामला सामने आया है। आधार कार्ड में फिंगरप्रिंट और आंख का रेटिना फोटो के साथ मोबाइल नंबर अपडेट करने के नाम पर गुमला से कुछ लोग आकर सर्व शिक्षा अभियान के कार्यालय के एक कक्ष में प्रतिदिन सैकड़ो लोगों से लाखों रुपए के वसूली कर रहे हैं। ग्रामीणों की शिकायत पर जब कार्यालय जाकर आधार कार्ड में अपडेट करने वाले दिलशाद नामक युवक से पूछा गया तो उसने बताया कि हम लोग 220 आधार में फिंगरप्रिंट मोबाइल नंबर फोटो व रेटिना को अपडेट करने के नाम पर ले रहे हैं। पैसा वसूलने के लिए इमरान नाम का एक व्यक्ति है जो हम लोगों को यहां पर भेजा है और पैसा लेकर काम करने का निर्देश दिया है। सवाल यह है कि सरकारी कार्यालय में बैठकर बीडीओ व प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के कार्यालय के बगल में बैठकर वसूली किया जा रहा है तो अधिकारी कहां सोए हैं।

### वसूली की बात सही कार्रवाई करेंगे: बीडीओ

इस संबंध में जब बीडीओ दिनेश कुमार से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि पैसा वसूली की बात सत्य है। यह बहुत गंभीर मामला है। इस पूरे मामले में जो भी शामिल होंगे निश्चित रूप से सख्त से सख्त कार्रवाई करने के लिए हम लोग तैयार हैं और कोई भी दोषी बक्से नहीं जाएंगे।

### कौन है इरफान सर!

वसूली करने वाले दिलशाद के द्वारा बताया गया कि इरफान सर हम लोगों को यहां पर भेजे हैं। काम करने और उन्हीं के द्वारा कहा गया है 220 रूपया लेन को। यही वसूली का काम जिले के कई जगह पर हो रहा है। एक ब्लॉक से लाखों वसूली हो रहा है तो फिर जिले में कई लाख की वसूली का खेल खुलेआम चल रहा है।

## लोहरदगा : होली को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की हुई बैठक

# सौहार्दपूर्ण तरीके से मनायें होली : डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में मौजूद डीसी डॉ वाघमारे, एसपी हारिस बिन जमां व अन्य।

**लोहरदगा।** होली पर्व को लेकर डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में सोमवार को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक जिला परिषद स्थित सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में प्रखंडों से आये शांति समिति के सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र में होली के अवसर पर आयोजित होनेवाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। मौके पर डीसी डॉ वाघमारे ने कहा कि आप सभी होली का त्योहार सौहार्द्रपूर्ण तरीके से मनायें। अगर बच्चे व युवा किसी पर रंग फेंक देते हैं तो उन्हें एक अभिभावक की तरह समझायें। किसी प्रकार की असामान्य स्थिति उत्पन्न नहीं होने दें। होली का त्यौहार सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाया जा सके इसके लिए दण्डाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। बारीकी से असमाजिक तत्वों पर नजर रखी जा रही है। आप भी अपने-अपने क्षेत्र में होली खेलें और एक दूसरे से सौहार्द्रपूर्ण संबंध को मजबूत करें। आज की बैठक में जो आश्वासन शांति समिति के सदस्यों द्वारा सौहार्दपूर्ण होली खेले जाने को लेकर दी है उससे जिला प्रशासन का हौसला बढ़ा है। आप सभी अपने क्षेत्रों में ईद और रामनवमी के त्योहारों को लेकर आवश्यक बैठके कर लें। बैठक में सिविल सर्जन डॉ शंभुनाथ चौधरी, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी बीडीओ, सभी सीओ, सभी थाना प्रभारी, शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### होली की मूल भावना का खयाल रखें : एसपी

पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा कि होली में त्योहार की मूल भावना का ख्याल रखा जाय। किसी को भी आहत ना करें। भारत देश में होली काफी उत्साह तरीके से मनाया जाता रहा है। आप जब भी होली खेलें तो आपसी भाईचारा और गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल पेश करें।जिला में त्यौहार को मनाने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की उपलब्धता है। शांति समिति के लोग होली में अभिभावक की भूमिका में रहें और युवाओं को संयमित रखने के लिए प्रयास करें। जिला में प्रशासनिक तैयारियां पूरी हैं। आवश्यक पुलिस बल है, ड्रोन व सीसीटीवी से निगरानी की जाएगी। सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी की जाएगी।

### 8वीं बोर्ड को लेकर घाघरा प्रखंड में बनाये गये सात परीक्षा केंद्र



घाघरा। घाघरा प्रखंड प्रखंड में सात स्थानों पर आठवीं बोर्ड परीक्षा हेतु केंद्र परीक्षा केंद्र बनाया गया। जहां विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने परीक्षा लिखी। इस बाबत शिक्षा विभाग की बीपीओ पुष्पा टोप्पो ने जानकारी देते हुए बताया कि घाघरा प्रखंड के सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों में अध्यनरत आठवीं बोर्ड की परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें 1939 छात्रों का पंजीयन कराया गया था। वहीं परीक्षा में 1890 छात्र छात्रा उपस्थित हुए । जबकि 49 छात्र अनुपस्थित रहे। वहीं प्लस टू हाई स्कूल घाघरा, मीडिल स्कूल घाघरा, प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय घाघरा, संत जुडस मीडिल स्कूल नवडीहा, टाना भगत आवासीय विद्यालय नवडीहा, आरसी मिशन स्कूल विमरला और संत जूडस उच्च विद्यालय नवडीहा में परीक्षा केंद्र बनाया गया था। प्रथम पाली में हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत और द्वितीय पाली में गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान की परीक्षा हुई।

# चैनपुर प्रखंड के पंचायतों में महिला दिवस का आयोजन

## समाज के विकास में महिलाओं की भागीदारी आवश्यकता नहीं, अनिवार्य है : मुखिया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के स्थानीय पंचायतों में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रखंड क्षेत्र की मुखियाओं ने महिलाओं की भागीदारी और उनके योगदान को उजागर किया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के सशक्तिकरण और समाज में उनकी भूमिका को बढ़ावा देना था। मुखिया शोभा देवी, मधुरा मिंज, प्रियंका असुर, अमिता केरकेट्टा ने कहा कि महिलाओं की भागेदारी सिर्फ एक आवश्यकता नहीं, बल्कि समाज की प्रगति के लिए अनिवार्य है। जब महिलाएं आगे बढ़ती हैं तो समाज भी आगे बढ़ता है। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकती हैं। चाहे वह शिक्षा हो, व्यवसाय या राजनीति। पंचायत स्तर पर स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के मुद्दों पर चर्चा की गई। महिलाओं ने अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने एकजुटता और सहयोग पर जोर देते हुए कहा कि वे अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने के लिए तैयार हैं। इस दिन को विशेष बनाने के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मुखियाओं ने यह सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया कि पंचायत स्तर पर महिलाओं के विकास के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

### लोहरदगा में अलग अलग सड़क दुर्घटना में तीन की मौत, आधा दर्जन लोग घायल

लोहरदगा। जिले में अलग अलग सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। वही आधा दर्जन लोग घायल है। घटना में शामिल कार चालक को पुलिस ने हिरासत में लिया है। सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरंगहातु में लोहरदगा भंडरा मुख्य पथ पर बराती जुलूस को अनियंत्रित कार ने रौंद डाला, जिसमें एक की व्यक्ति की मौत घटनास्थल पर हो गई जबकि दूसरे की मौत अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में हो गया। वहीं आधा दर्जन लोगों की स्तिथि गंभीर बनी हुई है। सभी का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। जबकि दूसरा घटना भंडरा थाना क्षेत्र के धनामुंजी के करीब हुई जहां हाईवा ट्रक के चपेट में आने से 32 वर्षीय महिला की मौत हो गई। मृतकों की पहचान बिरसमणि उरांव, राजेश उरांव व लक्ष्मी उरांव के रूप में हुई है।

### लापता ढाई साल के बच्चे का जंगल में मिला शव

सेन्हा। सेन्हा थाना क्षेत्र में लगातार हो रही घटना से लोग काफी दहशत में है। सुदुर्वर्ती ग्रामीण क्षेत्र उरु ग्राम में दो दिन से गायब ढाई साल के मासूम बच्चे का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। वही परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए प्रशासन से आरोपी को गिरफ्तारी और मुआवजा की मांग की है। जानकारी अनुसार शुक्रवार से बच्चा लापता था, परिजनों द्वारा काफी खोजबीन करने के बाद शनिवार को इसकी सूचना सेन्हा पुलिस को देते हुए गुहार लगाई गई थी। सेन्हा थाना क्षेत्र के सुदुर्वर्ती ग्रामीण इलाका उरु में शुक्रवार को समय 11 बजे से ढाई साल का बच्चा लापता था। उरु निवासी विनोद महतो का पुत्र पीयूष महतो खेलते खेलते गांव से लापता हो गया था। जिसकी सूचना सेन्हा थाना में शनिवार को लिखित दिया था और ढूंढने की अपील की थी। परंतु लापता बच्चे का शव घर से महज डेढ़ किलोमीटर दूरी पर जंगल में बच्चा का शव होने की सूचना लकड़हारा के माध्यम से परिजनों को मिला। बच्चा का शव मिलते ही परिवार के बीच शोक का लहर दौड़ पड़ा वही माता पिता एवं अन्य परिवार का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। बताया जाता है कि परिजनों ने लापता बच्चा का सूचना सेन्हा थाना में करते हुए पूर्व में प्रशासन से अप्रिय घटना होने का संदेह व्यक्त किया था। वहीं इस घटना से गांव में मातम छाया हुआ है। और चर्चा का विषय बना हुआ है। ढाई साल के बच्चे के साथ हुई घटना का निंदा करते हुए ग्रामीणों ने कहा अबोध बच्चे के साथ इस घटना को अंजाम दे मानवता का शर्मशार कर दिया गया है। वहीं घटना को लेकर परिवार वालों कुछ भी कहने के हालत में नही है। और बार बार एक ही शब्द बोले जा रहें है पीड़ित परिवार का कहना है कि पूर्व में सभी बिंदुओं से प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद बच्चे को खोजने में असमर्थ रहें।

### चैनपुर : सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो घायल

चैनपुर। चैनपुर थाना क्षेत्र के बेंदोरा स्थित अनुमंडल कार्यालय के समीप एक सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों की पहचान पुलुंग बंझर निवासी सुभम कुजूर (20 वर्ष), लौरेंस कुजूर (20 वर्ष) और अश्विनी बरवा (25 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही चैनपुर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को गुमला सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के लिए भेजा। जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने सुभम कुजूर को मृत घोषित कर दिया। यह घटना उस समय घटित हुई जब बजाज एनएस वाहन डिवाइडर से टकरा गया। वहीं राहगीरों ने 108 एंबुलेंस में फोन कर सूचना दी। जिसे चैनपुर सामुदायिक स्वस्थ केंद्र लाया गया। जहां घायलों का प्रथमिक उपचार कर सदर अस्पताल गुमला भेज दिया गया। पुलिस ने गाड़ी को अपने कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों में इस दुर्घटना को लेकर गहरा दुख देखा गया और सभी ने सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया है। इस घटना ने एक बार फिर से सड़क पर सुरक्षा नियमों के पालन की महत्ता को उजागर किया है। जिससे भविष्य में ऐसी दुखद घटनाओं से बचा जा सके।

# बीएस कॉलेज में राष्ट्रीय सम्मेलन का होगा आयोजन

**25 व 26 अप्रैल को देश भर के प्रतिभागी होंगे शामिल**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** बलदेव साहू महाविद्यालय के मल्टीपरपस कॉन्फ्रेंस हॉल में सोमवार को आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन पराकोष्ठ (आइक्यूएसी) के तहत अप्रैल में राष्ट्रीय संगोष्ठी कार्यक्रम के आयोजन को लेकर बीएस कॉलेज के प्राचार्य डॉ शशि कुमार गुप्ता एवं आइक्यूएसी के समन्वयक रोशन के द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया। मौके पर संगोष्ठी विवरणिका का विमोचन किया गया। समन्वयक रोशन ने कहा कि 25 एवं 26 अप्रैल को विकसित भारत 2047 पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस दो दिवसीय सम्मेलन में देश भर के प्रतिभागी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है 2047 तक विकसित देश बनाना है, इसी उद्देश्य को लेकर इस महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया जा रहा है, इसमें विभिन्न राज्य से कई एक्सपर्ट आएंगे और इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। कार्यक्रम की तैयारी की जा रही है, ताकि एक बेहतर राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित हो सके। मौके पर प्राचार्य डॉ शशि कुमार गुप्ता ने कहा कि शिक्षक प्रणाली को अग्रणी की और ले जाना मुख्य उद्देश्य है। यह सौभाग्य की बात है कि हमारे लोहरदगा जिले के बीएस कॉलेज में राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित हो रहे हैं। धीरे-धीरे कॉलेज के शिक्षक प्रणाली को और बेहतर करने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर सभी शिक्षक मौजूद थे।

### चैनपुर : युवक ने की आत्महत्या

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के लोरंबा गांव में 38 वर्षीय मनोज मिंज ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मनोज ने अपने घर में गमछे के सहारे फांसी लगाई। घटना का पता सुबह 5 बजे मनोज की बेटी ने गांव वालों को दिया। मनोज के चार छोटे बच्चे हैं। उनकी पत्नी इस वक्त बाहर काम करने गई हुई है। जिसके कारण बच्चों को अकेला छोड़ना पड़ा। इस दुखदाई स्थिति में बच्चों के पास कोई सहारा नहीं है। घटना की सूचना मिलते ही चैनपुर थाना के एसआई दिनेश कुमार ने तत्काल घटना स्थल पर पहुंचकर पंचनामा किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। गांव के मुखिया पोलिदोर एक्का घटना की जानकारी लेने पहुंचे और उन्होंने परिवार को थोड़ी आर्थिक सहायता भी प्रदान की। इसी बीच जिप सदस्य मेरी लकड़ा भी घटना स्थल पर पहुंची। उन्होंने मृतक के बच्चों से बात की और उनके प्रति शोक व्यक्त किया। मेरी लकड़ा ने कहा कि बच्चों की पढ़ाई को लेकर वह बीडीओ से बात करेंगी।

# गुमला : सबरी जयंती पर अखिल भारतीय भुईंया समाज ने निकाली भव्य शोभयात्रा

## जय श्री राम, राम लखन जानकी जय बोलो हनुमान के नारे से गुंजा शहर

>> शोभयात्रा में झांकी के माध्यम से माता सबरी को भगवान राम को अपने जुटे बैर खिलाते दिखाया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**गुमला।** अखिल भारतीय भुइंया समाज के द्वारा सोमवार को धूमधाम से सबरी जयंती मनायी गयी। सबरी जयंती को लेकर सरना टोली से भुईंया समाज के द्वारा भव्य शोभायात्रा शहर में निकाली गई। शोभायात्रा सरना टोली से आरंभ होकर डीएसपी रोड, पालकोट रोड, टावर चौक, मेन रोड, महावीर चौक, जशपुर रोड होते हुए सरना टोली पहुंचकर समाप्त हुई।

जहां मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शोभायात्रा के दौरान जय श्री राम, जय हनुमान, राम लखन जानकी जय बोलो हनुमान की गगन भेदी नारे समाज के लोगों के द्वारा लगाया गया। शोभायात्रा में अशोक त्रिपाठी देव भाषा संस्कृत में नारा लगाते नजर आये। वहीं शोभायात्रा में धार्मिक गानों पर भुईंया समाज के युवा झूमते दिखे। शोभायात्रा में झांकी भी निकाली गई।

जिसमें भगवान राम व लक्ष्मण को माता सबरी बैर खिलाते नजर आयी। यह दृश्य देखकर शहर वासी अभिभूत हो गये। शोभायात्रा में मुखिया फसिया नरेश उरांव, बजरंग दल के प्रांत संयोजक राजनाथ महतो, बजरंग दल संयोजक मुकेश सिंह, विहिप जिलाध्यक्ष अजय सिंह राणा, केशव साय, भुईंया समाज के जिलाध्यक्ष विष्णु राम, सचिव मुकेश राम, पप्पु राम, मनोज राम, कुलदीप राम, दुर्गा राम, रेखा राम, राजू राम, होजो राम, पपन राम शामिल थे। मंचीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष केडी सिंह थे। मौके पर श्री सिंह ने कहा कि माता सबरी के जुटे बैर खाकर भगवान राम ने समाज को उंच-नीच के भेदभाव से मुक्त करने का संदेश दिया था। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय भुईंया समाज लगातार सबरी जयंती मनाकर समाज को संगठित कर रही है। वहीं अपने जीवन स्तर पर भी सुधार कर रही है। भुईयां समाज के लोग अपने बच्चों को शिक्षित करें। मुखिया नरेश उरांव ने कहा कि भुईंया समाज के लोग एकजुट होकर समाज को संगठित करें। भुईंया समाज के लोग काफी मेहनती होते हैं। वे अपने मेहनत के बल पर अपने जीवन को आगे बढ़ा रहे हैं। कार्यक्रम में समाज के जिलाध्यक्ष विष्णु राम ने स्वागत भाषण देते हुए समाज के लोगों से एकजुटता बनाये रखने की अपील की। कार्यक्रम में काफी संख्या में समाज के लोग शामिल थे।

## जय श्रीराम समिति का होली मिलन सह कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन

# प्रेम और भाईचारे का त्योहार है होली : सुषमा सिंह

**खबर मंत्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति के द्वारा पावरगंज स्थित दुर्गा बाड़ी मंदिर प्रांगण में होली मिलन व कार्यकर्ता सम्मेलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो महिला पुरुष शामिल हुए। सभी कार्यकर्ताओं को पट्टा पहना कर स्वागत किया गया तथा जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल एवं संरक्षकों की मौजूदगी में जिला कमेटी की घोषणा की गई। साथ ही जिला अध्यक्ष ने नगर अध्यक्ष के लिए दीपक साहू के नाम की घोषणा की। जिसके पश्चात महिला,पुरुष सदस्यों के साथ साथ संरक्षकों होली के मधुर गीतों पर जमकर झूमे व एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की अग्रिम बधाई दी। संरक्षक सुषमा सिंह ने कहा कि होली की शुरूआत राधा-कृष्ण के प्रेम के प्रतीक के तौर पर बरसाने में हुई थी। कहा जाता है कि बचपन में राधा और कृष्ण अपने दोस्तों के साथ मिलकर रंगों से खेलते थे,तब से ये परंपरा निरंतर बनी हुई है। सिंह ने कहा कि प्रेम और भाईचारे का त्योहार है होली। समिति के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा कि होली की शुरूआत भक्त प्रह्लाद की कहानी से भी जुड़ी है। समारोह के दौरान स्नेह भोज का आयोजन किया भी गया था। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री प्रदीप साहू ने किया। मौके पर जिला संरक्षक सुषमा सिंह, परमेश्वर साहू, उदय सिंह, राजेश महतो, उमेश कांस्यकार, संजय अग्रवाल,नवल अग्रवाल, शैलेश महतो, मुरली अग्रवाल, अनूप गुप्ता,अजय सोनी पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन, दिनेश पांडे, विनोद सोनी, महिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान, गुंजन भारती, आर्यन कुमार, अभय कुमार, सत्यम कुमार और सैकड़ों कार्यकर्ता समेत कई लोग मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## आठवीं बोर्ड की परीक्षा शांति पूर्ण संपन्न

चंदवा। चंदवा प्रखंड में आठवीं बोर्ड की परीक्षा सोमवार को शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। चंदवा प्रखंड में आठवीं बोर्ड की परीक्षा को लेकर कन्या मवि चंदवा, बालक मवि चंदवा, खीस्त राजा विद्यालय, बालिका उच्च विद्यालय, प्लस 2 हाई स्कूल, प्रोजेक्ट हाई स्कूल सासंग, मध्य विद्यालय सासंग कुल 7 परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जहां दो पाली में परीक्षा ली गई। परीक्षा में कुल 1933 परीक्षार्थियों में से 1806 परीक्षार्थी उपस्थित व 127 अनुपस्थित रहे। इधर परीक्षा को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जयश्री तुरी, देरोथिया खलखो, विजय कुमार, पंकज यादव, राधिका कुमारी, केदारनाथ महतो समेत अन्य अधिकारी व शिक्षक लगे हुए थे।

## महिलाओं ने मनाया रंगभरी एकादशी त्योहार, शिव चर्चा का किया आयोजन



लातेहार। नवल किशोर प्रसाद ने अपने जुबली रोड स्थित आवास में सोमवार को रंगभरी एकादशी त्योहार मनाया। इस अवसर पर शिव शिष्य परिवार की ओर से शिव चर्चा का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर महिलाएं रंगभरी एकादशी का आनंद भगवान भोलेनाथ को याद करते हुए भजन व कीर्तन करते हुए होली त्यौहार के पूर्व अपनी समर्पण की भावना भगवान शिव को अर्पित किया। शिव शिष्य परिवार अंजू गुप्ता, लक्ष्मी देवी, रेमी देवी, हीरा देवी, कुर्मी देवी, रीता देवी, स्वाति कुमारी गुप्ता, सरिता पांडे, माधुरी देवी ने भाग लेकर रंग भरी एकादशी को मनाया। इस अवसर पर जुबली रोड एवं आसपास के मोहल्ले के महिलाएं शामिल होकर अपने श्रद्धा व्यक्त की। नवल किशोर प्रसाद ने सभी को रंगभरी एकादशी के अवसर पर कार्यक्रम में आने पर धन्यवाद दिया।

## पूर्व सांसद स्व. रामदेव राम के द्वितीय सुपुत्र का निधन



बारियातू। बारियातू निवासी पूर्व सांसद स्व. रामदेव राम के द्वितीय पुत्र अनिल कुमार का नौ मार्च को निधन हो गया। जानकारी देते हुए उनके पुत्र रुस्तम कुमार ने बताया कि डाल्टेनगंज पलामू के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान सुबह 11 बजे निधन हो गया। मृतक लगभग डेढ़ माह से ब्रेन हेमरेज के कारण रांची में इलाजरत थे। वे सामाजिक कार्यकर्ता के साथ भारतीय जनता पार्टी के पलामू जिला उपाध्यक्ष रह चुके थे। अपने पीछे दो पुत्र एवं पुत्री छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार शाहपुर कोयल नदी डाल्टनगंज के तट पर संध्याकाल में किया गया। उनके बड़े पुत्र रुस्तम कुमार ने मुखाग्नि दी। उनके अंतिम संस्कार यात्रा में भाजपा के पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, पूर्व अध्यक्ष परशुराम ओझा, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता दिवाकर पांडेय, लातेहार जिला के वर्तमान भाजपा विधायक प्रकाश राम भी उपस्थित थे। वहीं पैतृक गांव बारियातू से भी महेंद्र नाथ, संजय कुमार, अजय कुमार, नितीन कुमार, अरुण कुमार, विनय कुमार, रमेश राम, शंभू पासवान, उमेश पासवान एवं परिवार के कई सदस्य शामिल हुए।

### टोरी आरओबी व अन्य मांगों को लेकर दूसरे दिन भी जारी रहा किसानों का अनिश्चितकालीन जमीन समाधि सत्याग्रह

# सत्याग्रह के दौरान दो किसानों की तबीयत बिगड़ी, मेडिकल टीम ने किया उपचार

- सरकार किसानों के धैर्य का परिचय ले रही है, लेकिन किसान हिम्मत नहीं हारेंगे और अपनी मांगों को लेकर सत्याग्रह जारी रखेंगे : किसान

खबर मन्त्र संवाददाता



चंदवा। टोरी में आरओबी निर्माण समेत अन्य मांगों को लेकर किसानों द्वारा अनिश्चितकालीन जमीन समाधि सत्याग्रह दूसरे दिन भी जारी रहा। कामता पंचायत सचिवालय के समीप सोमवार को भी किसानों ने जमीन समाधि सत्याग्रह के माध्यम से प्रशासन व सरकार का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने का प्रयास किया। हालांकि आंदोलन के दो दिन बीत जाने के बाद भी न ही प्रशासन और न ही सरकार की ओर से कोई नुमाइंदा उनकी बातों को सुनने के लिए पहुंचा, लेकिन दर्जन भर किसान व महिलाएं सत्याग्रह पर बैठे रहे। इस दौरान दो किसानों माईकल हंश का बीपी हाई होने व जीदन टोपनो का बीपी लो होने के कारण तबियत बिगड़ गई, जिसके बाद सत्याग्रह स्थल पर ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की मेडिकल टीम उर्मिला कुमारी, श्याम सिंह ने मेडिकल उपचार किया। किसान और पंसस अयुब खान ने कहा कि सरकार किसानों के धैर्य की परीक्षा ले रही है, लेकिन किसान हिम्मत नहीं हारेंगे, हमारी निगाहें विधानसभा बजट सत्र पर केंद्रीय परिवहन मंत्री और मुख्यमंत्री की तरफ है, किसानों की मुख्यमंत्री और विधायक से मांग है कि झारखंड में चल रहे विधानसभा का बजट सत्र में टोरी चंदवा का फ्लाई ओवरब्रिज मुद्दे पर चर्चा की जाये, किसान कहते हैं कि 03 अप्रैल 2021 को केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री व मुख्यमंत्री ने ऑनलाइन शिलान्यास किया था, लेकिन आजतक कुछ भी नहीं हुआ है।

टोरी रेलवे क्रॉसिंग के जाम से लाखों लोग प्रत्येक दिन कराह रहे हैं, टोरी स्टेशन के पश्चिम में फुट ब्रिज का कार्य चार माह से बन्द पड़ा हुआ है, पंचायत सचिवालय से रोजगार सेवक गायब रहते हैं। ग्राम प्रधान पचु गंझु ने कहा कि लातेहार ई-भूमि निबंधन कार्यालय से मिलीभगत कर सीएनटी एक्ट की जमीन का रजिस्ट्री केवाला किया जा रहा है। वार्ड सदस्य जमरुल खान, किसान माईकल हंश, जीदन टोपनो, अशोक गंझु, गुजरा गंझु ने अपनी बातों को रखा।

सत्याग्रह में मुखिया नरेश भगत, सुरेश कुमार साव, रमजान साई चिस्ती, सनिका मुंडा, दिलवा गंझु, तबरेज खान, प्रेम भोगता, अशोक गंझु, संजय राम, शाहबान खान, नईम खान, सैफुल खान, लालधारी तुरी, दुलारी देवी सहित कई लोग शामिल थे।

# लातेहार पुलिस ने पीएलएफआई उग्रवादी के सक्रिय सदस्य को किया गिरफ्तार

- काफी दिनों से था फरार, थाना प्रभारी मनिका के नेतृत्व में की गयी छापेमारी

खबर मन्त्र संवाददाता




लातेहार। मनिका थाना क्षेत्र के सीमावर्ती गांव बरवैया से पीएलएफआई उग्रवादी संगठन के एक सक्रिय सदस्य को मनिका पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया है। वहीं सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय लातेहार में प्रेसवार्ता कर बताया गया कि पीएलएफआई उग्रवादी संगठन के सक्रिय सदस्य विनोद परहिया उर्फ अर्जुन परहिया, पिता स्व. रमेश परहिया, ग्राम जसपुर, थाना पांकी, जिला पलामू जो कई कांडों का फरार अभियुक्त है और मनिका थाना क्षेत्र में भ्रमणशील होने की सूचना पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को प्राप्त हुई थी। वहीं दिनांक 9 मार्च को पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि पीएलएफआई दस्ता के सक्रिय सदस्य विनोद परहिया उर्फ अर्जुन परहिया को मनिका थाना क्षेत्र के सीमावर्ती गांव बरवैया के पास घूमते हुए देखा गया है। साथ ही प्राप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु थाना प्रभारी मनिका शशि कुमार के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया तथा प्राप्त सूचना के अनुसार ग्राम बरवैया में गुप्त तरीके से रेकी कर छापामारी की गयी। जहां पर पीएलएफआई दस्ता के सक्रिय सदस्य विनोद परहिया उर्फ अर्जुन परहिया को विधिवत गिरफ्तार किया गया। बता दें कि विनोद परहिया उर्फ अर्जुन परहिया पीएलएफआई का प्रमुख सदस्य रहा है जिस पर लातेहार एवं पलामू जिले के विभिन्न थानों में कई कांड दर्ज हैं और उक्त उग्रवादी लातेहार जिला अंतर्गत व्यक्तियों एवं कंपनियों से लेवी मांगना, धमकी देना व गोली चलाने में माहिर है, जो कई वर्षों से फरार चल रहा था। वहीं इस छापेमारी दल में पु.अ.नि.सह थाना प्रभारी शशि कुमार, पु.अ.नि. सतेंद्र कुमार, स.अ.नि. रणधीर कुमार सिंह एवं सशस्त्र बल मनिका शामिल थे।

## पुलिस ने टीएसपीसी के जोनल कमांडर भीखन गंझू का करीबी रंथू गंझू को गिरफ्तार कर भेजा जेल

- झामुमो प्रखंड अध्यक्ष हत्याकांड में था शामिल

लातेहार। पुलिस ने टीएसपीसी के जोनल कमांडर भीखन गंझू का करीबी और खास शूटर रंथू गंझू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। रंथू गंझू झामुमो के तत्कालीन बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष दिलशेर खान हत्याकांड में शामिल था। बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने इसकी जानकारी दी। श्री कुमार ने बताया कि इस हत्याकांड में नामजद अभियुक्त रंथू गंझू (35) पिता कैला गंझू पता पिपरवार जिला चतरा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि उक्त आरोपी झामुमो नेता दिलशेर खान के हत्या में शामिल था और नामजद प्राथमिकी अभियुक्त था। छापेमारी अभियान चलाकर पिपरवार स्थित अभियुक्त के आवास से गुप्त सूचना पर गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि दिलशेर हत्याकांड में पहले भी कई लोगों को बालूमाथ थाना पुलिस जेल भेज चुकी है। रंथू पहले भी पिपरवार थाना क्षेत्र में हत्या के आरोप में जेल जा चुका है। छापेमारी अभियान में मूरपा पुलिस पिकेट प्रभारी एसआई होसेन डांग के अलावा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## उग्रवादियों ने दी धमक, चिपकाया पोस्टर, दहशत



बालूमाथ। बालूमाथ-चतरा सीमावर्ती क्षेत्र पर स्थित मगध कोलियरी अंतर्गत कुंडी माइंस के समीप माओवादी ने पोस्टर चिपकाकर एक बार फिर अपनी धमक दी है। जिससे इलाके में दहशत का माहौल व्यपात है। भाकपा माओवादी के चिपकाए गए इस पोस्टर में लिखा हुआ है कि कोयला उत्खनन करने वाली कंपनी होश में आओ, मनमानी उत्खनन करने वाले कंपनी ठेकेदार सावधान,जमीन मालिक को उचित मुआवजा नहीं दिया जा रहा है तथा जनता को कोई मूलभूत सुविधा नहीं जाया जा रहा है। विस्थापित जनता का पुनर्वास व्यवस्था किया जाए तथा बेरोजगार को रोजगार दिया जाए। जमीन का उचित मुआवजा दिया जाए बेरोजगार लोगों को रोजगार दिया जाए। जमीन के बदले जमीन दिया जाए। मशीन से काम करना बंद करो और उसके जगह पर ग्रामीणों से काम लेना शुरू करो इसके अलावा अस्पताल,पानी की उचित व्यवस्था करने समेत कई बात लिखा हुआ है। माओवादी के लिखे पोस्टर में तमाम नेता बिचौलियों से लोगों को सावधान रखने की अपील की है। साथ ही सभी कंपनियों को धमकी देते हुए कहा कि अगर इस आह्वान पर कोई सुनवाई नहीं होती तो खामियांजा भुगतने को तैयार रहे। वहीं निवेदक में भारत कम्युनिस्ट पार्टी माओवादी जोनल कमेटी लिखा हुआ है।

## प्रांतीय यादव महासभा के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में होली मिलन समारोह का आयोजन 12 को

लातेहार। जिला मुख्यालय के पंडित दीनदयाल नगर भवन में 12 मार्च दिन बुधवार को प्रांतीय यादव महासभा के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में होली मिलन समारोह होगा। महासभा के नगर अध्यक्ष सुजीत यादव ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। बिहार के भोजपुरी गायक अंकुल राज, पूजा शर्मा शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश यादव शामिल होंगे। उन्होंने महासभा के लोगों से इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है।

## चैंपियन ट्रॉफी में भारत की जीत पर चंदवा में मना जश्न



चंदवा। रविवार की देर रात भारत और न्यूजीलैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल मुकाबले में भारत ने रोमांचक जीत हासिल की है। भारतीय टीम तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी की विजेता बनी है। भारत के विजेता बनने के बाद चंदवा में शहर से लेकर गांव तक जश्न का माहौल देखा गया। इस रोमांचक मुकाबले के बीच इंडियंस टीम ने मैच में वापसी करते हुए चैंपियंस ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। रविवार की रात्रि चौक चौराहे पर सिर्फ फाइनल मुकाबले की चर्चा होती रही। जैसे ही रविन्द्र जडेजा ने विजयी शॉट जड़ा वैसे ही भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष विनय वर्मा के नेतृत्व में इंदिरा चौक के समीप युवाओं ने जमकर आतिशबाजी की व भारत माता जय के नारे लगाए गए। एक दूसरे को जीत की बधाई दी व लड्डू खिलाकर खुशी मनाई। सोमवार की सुबह स्थानीय खेल स्टेडियम में प्रैक्टिस करने पहुंचे खिलाड़ी भी चैंपियंस ट्रॉफी एवं भारतीय टीम के लिए चीयर करते नजर आए। विनय वर्मा उर्फ रिकी ने कहा कि यह पूरे भारतीयों के लिए अविस्मरणीय पल है। अब तक भारत ने कुल तीन बार ट्रॉफी में अपना कब्जा जमाया है। मौके पर मनीष चांदो, दीपक निषाद, कुणाल खत्री, रंजन सिंह, पवन गुप्ता, अरविंद कुमार, सुभाष कुमार समेत दर्जनों क्रिकेट प्रेमी मौजूद थे।

## स्वर्णकार संघ ने मनाया होली मिलन समारोह, अबीर-गुलाल के साथ झूमे लोग

- फगुआ गायक व्यास उमेश कुमार उजाला ने पारंपरिक गीतों से किया मंत्रमुग्ध

खबर मन्त्र संवाददाता



बरवाडीह। होली का खुमार शहर में पूरी तरह से छाया हुआ है। रविवार को प्रखण्ड स्वर्णकार संघ के तत्वावधान में स्टार सीटी मॉल में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वर्ण समाज के लोग शामिल हुए और अबीर-गुलाल के साथ एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। इस आवास पर फगुआ गायक उमेश कुमार उजाला ने जब एक से बढ़कर एक होली के पारंपरिक लोकगीत पेश किए तो वहां मौजूद लोग झूमने पर मजबूर हो गए। कार्यक्रम में पलामू स्वर्णकार संघ के जिला अध्यक्ष धनंजय सोनी और बरवाडीह स्वर्णकार संघ के प्रखंड अध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा, होली हमें प्रेम, भाईचारा और सामाजिक एकता का संदेश देती है। हम सबको मिलकर समाज के हित में कार्य करना चाहिए। इस मौके पर मौजूद व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष दीपक राज ने भी उपस्थित लोगों को अबीर गुलाल लगाकर होली की अग्रिम शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के अंत में लजीज व्यंजनों और पकवानों का आनंद लिया गया। मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी अनिल सोनी, पवन सोनी, विक्रम सोनी, पंकज सोनी, विनय सोनी, मनीष सोनी, प्रभु सोनी, देवलाल सोनी, विनोद सोनी, रविंद्र सोनी, अजय सोनी, मनोज सोनी, सुदामा सोनी, रिंकू सोनी, आनन्द सोनी, सुनील सोनी, रितेश सोनी, देव सोनी, सनी सोनी, गुड्डू सोनी समेत स्वर्णकार समाज के कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## चंदवा: राजकीय सरहुल परब को लेकर प्रखंड सरना समिति की बैठक आयोजित



चंदवा। आगामी राजकीय सरहुल महोत्सव को धूमधाम से मनाने को लेकर रविवार को प्रखंड सरना समिति की बैठक चंदवा के सरहुल टांड़ कृषि फार्म परिसर में संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रखंड पड़हा राजा धनेश्वर उरांव ने की। बैठक में आगामी 1 अप्रैल को मनायी जाने वाली राजकीय सरहुल परब को भव्यता प्रदान करने को लेकर गम्भीरता से चर्चा करते हुए कई निर्णय लिए गए साथ ही पूजा समिति गठन एवं कार्यभार सौंपने को लेकर समिति की अगली बैठक 16 मार्च दिन के 11 बजे आहूत की गई है। समाज के प्रबुद्धजन, बुद्धिजीवी, धर्मप्रेमी बंधुओं से बैठक में शामिल होने की अपील की गई है। बैठक के मौके पर सितमोहन मुंडा, अनूप बड़ाइक, लाल बिहारी उरांव, सुरेंद्र भगत, सुरेश नाथ लोहरा, मंजय उरांव, विथू मुंडा, बीरबल भगत, विनोद भगत, शुवेश्वर उरांव शामिल थे।

## 28 मार्च को निलांबर पीताम्बर शहादत दिवस मनाने को लेकर बैठक आयोजित



बारियातू। बारियातू स्थित बारीखाप मे निलांबर पीताम्बर स्थल मे 28 मार्च को निलांबर पीताम्बर शहादत दिवस मनाने के लिए योगेंद्र गंझु की अध्यक्षता मे बैठक किया गया। बैठक मे सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि निर्धारित तिथि में हर्षोल्लास के साथ शहादत दिवस मनाया जायेगा। साथ ही आयोजन समिति का भी गठन किया गया। प्रखंड के सभी गांव टोले से खोड़हा टीम को आना अनिवार्य बताया। विशेष समन्वय और विशेष तैयारी के लिए अगली बैठक 23 मार्च को रखा गयी है। बैठक में अधिक से अधिक लोगों से आने की अपील की गयी है। वहीं 20 कार्यकारणी सदस्य भी बनाए गए। बैठक में लोगों ने एक दूसरे को गुलाल अबीर लगाकर होली मिलन समारोह भी मनाया। मौके पर सुरेश गंझु, बिनोद, महाबीर, मुकेश, रामलाल, फलेन्द्र, जागेश्वर, चरकु, अर्जुन, अजय, जगदीश, विश्वनाथ, निरंजन, सतावन गंझु सहित कई लोग मौजूद थे।

## सदस्यता अभियान : झामुमो ने मंगरा व खुरा पंचायत कमेटी का किया गठन

- हर वर्ग को मिल रहा है राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ : अफजल अंसारी

खबर मन्त्र संवाददाता



बरवाडीह। झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के जिला संयोजक प्रमुख लाल मोती नाथ शाहदेव के निर्देश पर सोमवार को प्रखण्ड संयोजक अफजल अंसारी ने बरवाडीह के मंगरा व खुरा पंचायत में बैठक कर दोनों जगहों में जेएमएम नेत्री आरती देवी की उपस्थिति में पंचायत कमेटी का गठन किया। जहां मंगरा पंचायत में सर्वसम्मति से डिगेश्वर सिंह को पंचायत अध्यक्ष बनाया गया। वहीं वीना देवी सचिव, आनेश्वर सिंह उपाध्यक्ष और सरिता देवी को कोषाध्यक्ष समेत अन्य को लोगों को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेवारी दी गई। वहीं खुरा पंचायत में सोमेश्वर राम को अध्यक्ष, मंजू देवी को सचिव, सत्येंद्र राम व रामून राम को उपाध्यक्ष, पूनम देवी को कोषाध्यक्ष और चिंता देवी को सदस्य बनाया गया। इस अवसर पर अफजल अंसारी ने सभी नव चयनित पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए संगठन को मजबूत बनाने तथा हेमंत सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को घर घर तक पहुंचाने के निर्देश दिए। अफजल अंसारी ने बताया कि झारखंड सरकार की योजनाओं का लाभ आज हर वर्ग को मिल रहा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा महिला शक्ति को अधिक से अधिक संख्या में संगठन से जोड़ने का कार्य कर रही है। हेमंत सरकार महिला सशक्तिकरण को लेकर कई महत्वपूर्ण योजनाएं चला रही है। इस मौके पर कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सेरक पंचायत अंतर्गत कई गांव में पहुंच पथ का घोर अभाव

- कच्ची सड़क व पगडंडियों के सहारे ग्रामीण करते हैं आवागमन
- बरसात के दिनों में आवागमन में होती है भारी परेशानी

खबर मन्त्र संवाददाता



कच्ची सड़क

चंदवा। केंद्र से लेकर राज्य सरकार तक विकास की किरण गांव तक पहुंचाने को लेकर बड़े-बड़े वायदे और दावे तो करती है, लेकिन वर्तमान में अभी भी कई ऐसे गांव हैं जो गांव में विकास की किरण पहुंचने के इंतजार में हैं। प्रखण्ड अंतर्गत सेरक पंचायत के कई ऐसे गांव आज भी हैं जहां आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी पहुंच पथ का घोर अभाव है। ग्रामीण जैसे तैसे कच्ची सड़क व पगडंडियों के सहारे पंचायत व प्रखंड मुख्यालय आवागमन करते हैं। एरुद, किता, मूर्तिया, अम्बा टांड़, निंद्रा को पंचायत सचिवालय से जोड़ने वाले ग्रामीण पथ की स्थिति जर्जर व अति दयनीय हो गई है। 4 किलोमीटर की दूरी तय करने में ग्रामीणों को काफी मसक्कत उठानी पड़ रही है, सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे और पत्थर निकल आए हैं, जहां से गाड़ियां तो दूर लोगों को पैदल चलने में भी काफी दिक्कत होती है।

गर्मी के दिनों में तो जैसे तैसे काम चल रहा है, लेकिन बरसात के दिनों में ग्रामीणों का आपातकालीन स्थिति में अस्पताल पहुंचना भी किसी जंग जीतने से कम नहीं होता है। ग्रामीणों ने कहा कि जब चुनाव आता है तो नेता व जन प्रतिनिधि विकास के बड़े-बड़े वादे करके वोट तो ले लेते हैं लेकिन पलट कर गांव की ओर नहीं देखते। ग्रामीणों ने वर्तमान विधायक प्रकाश राम व जिला प्रशासन से ग्रामीणों की समस्या को ध्यान में रखते हुए तत्काल सड़क निर्माण करने की मांग की है।

इधर मामले को लेकर पूछे जाने पर मुखिया अनीता भगत ने बताया कि सड़क की समस्या के प्रति वे गम्भीर है, पूर्व में उन्होंने डीएमएफटी फंड से पंचायत में 11 सड़क निर्माण को लेकर विभाग को पत्राचार किया था, इसके बाद स्थल निरीक्षण भी किया गया। जल्द ही सड़क निर्माण का भरोसा भी दिया गया था, लेकिन वर्तमान में स्थिति क्या है, इसकी जानकारी उन्हें नही है।

## सिंह कंस्ट्रक्शन सरिया व सीमेंट दुकान का शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता



बरवाडीह। सोमवार को मेन रोड स्थित शांति निकेतन पब्लिक स्कूल के समीप सिंह कंस्ट्रक्शन स्टील व सीमेंट के प्रतिष्ठान का भव्य शुभारंभ परिवार के सदस्यों ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर किया।

इस मौके पर प्रतिष्ठान के संचालक विकास सिंह और आशुतोष सिंह ने बताया कि उनकी दुकान पर बिल्डिंग वर्क के लिए सीमेंट, सरिया व अन्य सामग्रियों की बिक्री शुरू हो गई है। हमारी यह दुकान क्षेत्र के सभी ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाली निर्माण सामग्री उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खोली गई है। हमारे यहां विश्वसनीय ब्रांड के सीमेंट और सरिया उपलब्ध होंगे, जिससे ग्राहकों को अपने घर और अन्य निर्माण कार्यों में बेहतरीन गुणवत्ता सुनिश्चित होगी।

उद्घाटन समारोह में एसएनपीएस के निर्देशक डॉ. पवन कुमार, जिप सदस्य संतोषी शेखर, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, युवा नेता विजय बहादुर सिंह, भाजयुमो जिला अध्यक्ष छोटू राजा, मुखिया कालो देवी, अमरेंद्र सिंह, अरुणजय सिंह, व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष दीपक राज, समाजसेवी मनोज जयसवाल, भाजपा नेता, कन्हाई प्रसाद, सुनील सिंह, अनिल कु द्विवेदी, आसिफ इकबाल, अभिमान श्रीवास्तव, पारस जयसवाल, वरिष्ट नेता अनिल सिंह, रविंद्र राम, अमरजीत सिंह, रंजीत कु. राजू, मो. सईद, शिबू प्रसाद और अवधेश मेहरा समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# बोकारो : विस्थापितों ने गांवों को पंचायत का दर्जा देने की मांग को लेकर जताई नाराजगी

**भाजपा नेता कुमार अमित ने कहा कि हेमंत सरकार विस चुनाव में विस्थापित गांवों को पंचायत का दर्जा देने का वादा किया था पर अब सरकार में आने के बाद टाल मटोल कर रही है**



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के विस्थापितों ने बोकारो के सेक्टर 9 बसंती मोड़ पर गांवों को पंचायत का दर्जा देने की मांग को लेकर राज्य की हेमंत सरकार का पुतला फूंका।

इस अवसर पर भाजपा नेता कुमार अमित ने कहा कि हेमंत सरकार विधानसभा चुनाव में विस्थापित गांवों को पंचायत का दर्जा देने का वादा किया था पर अब सरकार में आने के बाद टाल मटोल कर रही है। गांवों के पंचायत का दर्जा देने का अधिकार राज्य सरकार का है पर इस मुद्दे पर सरकार का सेल प्रबंधन से सहमति लेने की बात करना हास्यास्पद है।

बोकारो विधायक का सरकार के इस स्टैंड से संतुष्ट होना भी दुर्भाग्यपूर्ण है। राज्य सरकार विस्थापितों को अब और नहीं छल सकती। हेमंत सरकार को विस्थापित गांवों को पंचायत का दर्जा देना ही होगा। विस्थापित नेता उत्तम महतो ने कहा कि विस्थापित हमेशा छले गए हैं पर अब हम इन गांवों को पंचायत का दर्जा ले कर ही रहेंगे। इसके लिए विस्थापित भीषण संघर्ष करने को तैयार हैं।

इस अवसर पर विनय कुमार विनोद कुमार, रामदयाल सिंह, मनीष कुमार, राहुल सिंह, सुनील महतो, सजल रजवार, प्रदीप महतो, किशन महतो, तुलसी रजवार, जागेश्वर रजवार आदि के अलावा बड़ी संख्या में विस्थापित उपस्थित थे।

# पं. गोविंद कृष्ण ने कृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग सुनाकर बताई कृष्ण-प्रेम की महत्ता



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** श्यामा माई मंदिर में चल रहे होली महोत्सव सह श्रीमद्भागवत कथा रसवृष्टि कार्यक्रम में पं गोविंद कृष्ण शास्त्री ने कृष्ण-रुक्मिणी विवाह महारास और मथुरा-गमन के प्रसंग सुनाए। गीत-संगीत और मनोरम झांकियों के बीच पं गोविंद ने कृष्ण व रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारका में लाकर विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया था। गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट की। भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूरी करने का वचन दिया। अपने वचन को पूरा करने के लिए भगवान ने महारास का आयोजन किए। इसके लिए शरद पूर्णिमा की रात को यमुना तट पर गोपियों को मिलने के लिए कहा। सभी गोपियां सज-धजकर नियत समय पर यमुना तट पर पहुंच गईं। कृष्ण की बांसुरी की धुन सुनकर सभी गोपियां अपनी सुध-बुध खोकर कृष्ण के पास पहुंच गईं। उन सभी गोपियों के मन में कृष्ण के नजदीक जाने उनसे प्रेम करने का भाव तो जागा लेकिन यह पूरी तरह वासना रहित था। इसके बाद भगवान ने रास आरंभ किया। माना जाता है कि वृंदावन स्थित निधिवन ही वह स्थान है, जहां श्रीकृष्ण ने महारास रचाया था। यहां भगवान ने एक अद्भुत लीला दिखाई थी जितनी गोपियां उतने ही श्रीकृष्ण के प्रतिरूप प्रकट हो गए। सभी गोपियों को उनका कृष्ण मिल गया और दिव्य नृत्य व प्रेमानंद शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि रुक्मिणी स्वयं साक्षात लक्ष्मी हैं और वह नारायण से दूर रह ही नहीं सकतीं। मौके पर महायज्ञ के यजमान मंजू मिश्र व गोविंद मिश्र श्यामानंद मिश्र इंदु मिश्र, मैथिली कलामंच कालीपूजा ट्रस्ट के अध्यक्ष कृष्ण चंद्र झा, सुनील मोहन ठाकुर के अलावा श्रद्धालु उपस्थित थे।

## एक नजर में

### बेरमो : होली व दूसरे जुमे की नमाज को शांतिपूर्ण संपन्न करवाने के लिए पुलिस तैयार



**बेरमो।** होली का त्योहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर रविवार को बेरमो थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने अपने कार्यालय में पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक किया। थाना प्रभारी सिंह ने कहा कि होली का त्योहार मुसलमानों के रमजान के जुम्मा के दिन पड़ रहा है। ऐसे में सभी संवेदनशील जगहों पर सुरक्षा व्यवस्था का विशेष ध्यान दिया जायेगा। शहर के सभी चौक चौराहों पर पुलिस की तैनाती रहेगी। गश्ती को तेज किया जायेगा। कहा कि शहर के मस्जिदों के बाहर पुलिस पदाधिकारी व जवान उपस्थित रहेंगे। कहा कि बेरमो में हर पर्व त्योहार मिलजुलकर मनाने की परंपरा रही है। उस परम्परा को कायम रखना है। होली आपसी भाईचारे का पर्व है। त्योहार को लेकर शहर की शराब की दुकानें बंद रहेंगी। कोई भी दुकान खुला पाया गया तो उसके संचालक के खिलाफ कार्रवाई किया जायेगा। कहा कि महिलाओं के विरुद्ध अपराधों पर पूर्ण रूप से अंकुश लगे। इसके लिए थाना के पुलिस पदाधिकारी तत्परता के साथ काम करें। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर अश्लील भोजपुरी गानों का प्रसारण धड़ल्ले से बिना रोक टोक के किया जाता है। जिसका समाज पर गहरा दुष्प्रभाव पड़ता है। कहा कि ऐसे गाना पर रोक लगायी जायेगी। मौके पर एआई अरुण कुमार दुबे, मो शाहिद, अनूप नारायण सिंह, अरुण कुमार, दिलीप मोदी, सचिन रौशन, ननका उरांव, एएसआई रॉकी बाबा, कालीचरण सुंडी, संजय कुमार, मनोहर मंडल, लक्ष्मण चौधरी आदि मौजूद थे।

### गोमिया थाना परिसर में शांति समिति की बैठक



**बेरमो/ललपनिया।** होली के महापर्व रमजान के अवसर पर गोमिया थाना परिसर में शांति समिति की बैठक गोमिया प्रमुख प्रमिला चौड़े की अध्यक्षता मे किया गया। बैठक में दोनों समुदाय के लोग मिलकर सौहार्दपूर्ण तरीके से होली व रमजान मनाने का निर्णय लिया। वही गोमिया प्रखंड विकास पदाधिकारी महादेव महतो ने कहा कि माता पिता अपने 18 वर्ष की कम आयु बच्चेको मोटरसाइकिल न दे क्योंकि वह बच्चा एक बस्ती से दूसरे बस्ती जाते है और गाड़ी की सलेंसर की तेज आवाज से लड़ाई का हो सकता है। वही थाना प्रभारी नित्यानंद भोक्ता ने कहा कि होली की इस महापर्व व रमजान में सभी को मिल झूल कर मनाना है। त्यौहार जितना मिलजुलकर मनाया जाय उतनी ही त्यौहार का महत्व बढ़ता है। होली ओर ईद भाईचारा व एकता का प्रतीक है इसे सौहार्दपूर्ण तरीके से मनना चाहिए। इस वर्ष होली व रमजान का जुमा एक ही दिन पड़ रहा है ऐसे में त्यौहार को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का अपील किया : पुलिस शरारती तथ्यों पर कडी नजर रखेंगी ओर कही शरारती तथ्य दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को बताने का काम करेंगे। मोके समाजसेवी राजेश विश्वकर्मा पंसस बिष्णु लाल सिंह, मुखिया तारामणि देवी मुकेश सोरेन, बिपिन नायक, चितरंजन सिंह, मेराज राय।

### श्री श्याम का निशान यात्रा निकाला गया



**बेरमो/फुसरो।** मरवाडी समाज के द्वारा श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव पर श्री श्यमा का निशान यात्रा निकाला गया। निशान यात्रा श्री अग्रसेन भवन से बाजे गाजे के साथ निकाला गया। जो फुसरो बाजार का भ्रमण करते हुए करगली बाजार स्थित श्री शिव नारायण श्याम मंदिर पहुंचा।इस निशान यात्रा में सैकडो महिला पुरूष सहित बच्चे शामिल हुए। सभी श्याम के जयकारे के साथ हाथ में श्याम का झंडा एवं मोर पंख लिए हुए थे। यात्रा के बाद सभी को प्रसाद वितरण किया गया। यहां पंडित संतोष दिक्षिद एवं सहयोगी विकास पांडेय द्वारा विधि विधान से पुजा अर्चना किया गया मौके पर अध्यक्ष ललित अग्रवाल, सचिव राजन साव कोषाध्यक्ष प्रदीप कनोडिया, संरक्षक योगेश तिवारी, सहित आनंद कुमार अग्रवाल, दिलीप मित्तल, ओम अग्रवाल, जितेंद्र गोयल, श्रवण अग्रवाल, नवीन गोयल, मीनू अग्रवाल, सीमा देवी, बंटी मित्तल, पंकज मित्तल, सुमित बंसल, कमल अग्रवाल, शशि अग्रवाल, कोमल अग्रवाल, अनु अग्रवाल, शंकर गोयल आदि मौजूद थे।

### चतरोचट्टी थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न



**गोमिया।** चतरोचट्टी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक गोमिया सीओ आफताब आलम की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुआ। बैठक में 7 पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए। बैठक में उपस्थित सभी लोग मिलजुल कर सौहार्दपूर्ण रूप से होली मनाने का निर्णय लिया। मौके पर मुखिया महादेव महतो, पंसस जयनाथ महतो, पंसस सरजू रविदास, पूर्व मुखिया डालचंद महतो, कलु अंसारी, कामेश्वर सिंह, मो मुमताज, महेन्द्र महतो, भुनेश्वर महतो सहित दर्जनों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### हर कालखंड में कालजयी इतिहास रचने वाली नारी, सचमुच नारायणी है : मनोज सिंह

**बोकारो।** दैविक-वैदिक-ऐतिहासिक व आधुनिक, हर कालखंड में कालजयी इतिहास रचने वाली नारी, सचमुच नारायणी है-राष्ट्रनिर्माता है। आज के इस आयोजन में एक बात जो स्पष्ट रूप से परिलक्षित है कि बोकारो के साधारण अभिवंचित मातृशक्ति के सर्वांगीण विकास की धुरी है यह संकल्प सृजन। उक्त बातें मनोज कुमार सिंह सदस्य खादी और ग्रामोद्योग पूर्वी क्षेत्र भारत सरकार ने सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेक्टर 9 डी के सभागार में आयोजित मातृशक्ति संगम में बतौर मुख्य अतिथि कही। साथ ही खादी ग्रामोद्योग से महिलाओं को रोजगारोन्मुखी बनने हेतु प्रेरित किया।

## स्पीड न्यूज

### बेरमो : ट्रेन की चपेट मे आने से महिला की मौत

बेरमो। गोमिया थाना क्षेत्र के चौधरी टोला की 52 वर्षीय मंजू देवी, पति मंगर यादव की रविवार दोपहर दर्दनाक मौत हो गई। गोमिया स्टेशन से पश्चिम तेलियाडीह और रेलवे गेट के बीच एक पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना के समय गोमिया रेलवे गेट बंद था और गेट के दोनों ओर बड़ी संख्या में बाइक व चारपहिया वाहन खड़ी थी। ट्रेन के गुजरने के बाद महिला का शव ट्रैक पर देखा गया। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत गोमिया रेल पुलिस को सूचना दी। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतका के दो बेटे और दो बेटी है, जो इस घटना के बाद गहरे सदमे में हैं। हालांकि खबर लिखें जाने तक हादसे के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### चंद्रवंशी समाज का होली मिलन समारोह संपन्न



बोकारो। बोकारो चंद्रवंशी विकास परिषद द्वारा अधिवक्ता अतुल कुमार रवानी की अध्यक्षता में बोकारो के सेक्टर-1 स्थित अग्रसेन भवन में होली मिलन समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। समारोह में समाज के सर्वांगीण विकास पर चिंतन किया गया जहां सरकारी प्राधिकरण के जरिए समाज के कम्युनिटी हॉल के निर्माण के लिए जमीन की व्यवस्था करने पर विचार किया गया। साथ ही सीएनटी एक्ट .के नियमों की बाध्यता से इस समाज को राहत देने की मांग पर चर्चा की गई। मौके पर उपाध्यक्ष बबलू चंद्रवंशी कोषाध्यक्ष चुन्नू चंद्रवंशी महासचिव लीला देवी सह सचिव विनोद कुमार सिंह संगठन मंत्री मोहन चंद्रवंशी सुरेश प्रसाद मौजूद थे। समारोह के मुख्य अतिथि उत्पाद अधीक्षक आशुतोष कुमार डॉ केपी सिन्हा डॉ ओपी सिन्हा आरपी सिंह अधिवक्ता राजश्री अयोध्या रमन रंजीत कुमार सहित समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित हुए।

### एसकेएमयू में 26 तक परीक्षा फॉर्म भरे जायेंगे

दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय ने सोमवार को कुल तीन परीक्षाओं के लिए फॉर्म भरने की तिथि घोषित कर दी है। जिसमें बीएड सेमेस्टर-1, बीबीए और बीसीए सेमेस्टर-1 की परीक्षाएं भी शामिल हैं। कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह के निर्देश पर परीक्षा नियंत्रक डॉ जय कुमार साह ने सोमवार को उक्त परीक्षा के लिए फॉर्म भरने से संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। उक्त सभी परीक्षाओं के लिए परीक्षा फॉर्म बिना विलंब शुल्क के 18 से 26 मार्च तक निर्धारित किया गया है। जबकि क्रमशः 200 रुपये और 500 रुपये विलंब शुल्क के साथ 27 से 30 मार्च और 31 मार्च से 2 अप्रैल तक निर्धारित किया गया है। फॉर्म की हार्ड कॉपी संबंधित विभाग या कॉलेज में जमा करने की तिथि 3 से 5 अप्रैल निर्धारित की गई है। छात्र विवि के आधिकारिक वेबसाइट से परीक्षा फॉर्म भरने से संबंधित अधिसूचना डाउनलोड कर देख सकते हैं।

### अग्नि पीड़ित परिवार से मिलेअमित, प्रशासन से मांगा मुआवजा

बोकारो। चास प्रखंड के चाकुलिय पंचायत अंतर्गत चीतामी गांव में एक घर में आग लग जाने से वहां के निवासी बिन्दु महतो का खपरैल का पुरा घर सामान राशन कागजात नगद सब जल कर राख हो गया। भाजपा नेता कुमार अमित और चास एसडीओ के पहल से मौके पर अग्निशमन की टीम घटना स्थल पर पहुंच कर आग पर काबू पायी। तब तक सारा समान जल चुका था। कुमार अमित इस गांव का दौरा करके पीड़ित परिवार से मिले एवं परिवार को हुए नुकसान का जायजा लिया। अमित ने अधिकारियों से फोन पर बात कर आपदा राहत कोष से उचित मुआवजे की मांग की।

# दुमका : सड़क हादसे में मामा भांजा समेत 3 लोगों की मौत

**दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में घटी घटना**



फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रखा शव।

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिला में दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। पहली सड़क दुर्घटना में मामा-भांजा की मौत हो गई है। वहीं दूसरी ओर मौसेरे भाई की शादी से लौट रहे बाइक सवार को ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना जिला के रामगढ़ थाना क्षेत्र के फुलजोरी गांव के पास ऑटो रिक्शा और बाइक की टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई। जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ। मृतकों की पहचान सचिन मोसाद और ढालू संतरा के रूप में हुई है। जबकि घायल अरविंद संतरा को इलाज के लिए फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीनों युवक रामगढ़ थाना क्षेत्र के ही कणहारा गांव के रहने वाले हैं। सुरजाहु पर्व का प्रसाद खाने अपने रिश्तेदार के घर हंसडीहा जा रहे था। दोनों मृतक ढालू संतरा और सचिन मोसाद आपस में मामा भांजा हैं। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। वहीं एक अलग सड़क दुर्घटना में रविवार रात करीब एक बजे दीपक भंडारी नामक 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई है। मृतक दीपक जामा थाना क्षेत्र के लकड़ापहाड़ी गांव का निवासी था। वह अपने मौसेरे के शादी में दुमका आया था। घर लौटने के क्रम में उसकी बाइक को पीछे से एक ट्रक ने ठोकर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिर गया। वह हेलमेट पहने हुए था। लेकिन उसी ट्रक ने उसकी कमर के नीचे कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। दीपक की दो बच्ची है। फिलहाल पुलिस तीनों शवों को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# बोकारो : स्वास्थ्य विभाग ने 4,032 महिलाओं का किया हेमोग्लोबिन जांच



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत मातृ-शिशु का सुरक्षा/बेहतर स्वास्थ्य जिले के लिए प्राथमिकता सूची में शामिल है। इसी क्रम में उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में सघन हीमोग्लोबिन जॉच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन सदर अस्पताल बोकारो अनुमण्डलीय अस्पताल सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर में किया गया। जहां सभी गर्भवती महिलाओं एवं धातृ महिलाओं का हीमोग्लोबिन जांच किया गया। मौके पर चिकित्सक टीम द्वारा शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा कम होने से होने वाले नुकसान के संबंध में भी बताया गया। वहीं शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा को बूस्ट करने के लिए साग पालक शिमला मिर्च के अलावा अनार केला चुकंदर खजूर आदि का भी सेवन नियमित करने को कहा गया। आयोजित शिविर में कुल 4032 महिलाओं का हीमोग्लोबिन जांच किया गया। शिविर में जरीडीह प्रखंड में 303 महिलाओं चास में 580, नावाडीह में 380 चंदनकियारी प्रखंड में 321, बेरमो प्रखंड में 505, कसमार प्रखंड में 363, पेटरवार में 504, गोमिया में 322 एवं चास शहरी में 754 महिलाओं का हेमोग्लोबिन जांच किया गया।

# अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा का होली मिलन समारोह



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के तत्वाधान में बोकारो सेक्टर 9 में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुधीर अग्रवाल ने किया, जबकि संचालन नंदकिशोर ने की। मुख्य अतिथि के रूप में महासभा के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, राजेंद्र गर्ग, अजय अग्रवाल सहित समाज के अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रचलित कर महाराज अग्रसेन जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर रंग गुलाल लगाकर होली मिलन समारोह का शुभारंभ किया। मौके पर अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने कहा कि होली समाज में परस्पर प्रेम की भावना को मजबूत करता है होली पर्व जो सभी के जीवन में वास्तविक रंग और आनंद लाता है। होली एक खुशी और सौभाग्य का उत्सव है। सभी ने रंग गुलाल लगाकर मिठाई खिलाकर होली की बधाई दी। मौके पर अजय अग्रवाल प्रवीण अग्रवाल किशोर अग्रवाल राजेंद्र अग्रवाल केशव प्रसाद अग्रवाल नरेश प्रसाद अग्रवाल प्रेमचंद अग्रवाल प्रमोद अग्रवाल अरविंद अग्रवाल अमर अग्रवाल सुभाष कुमार उमेश अग्रवाल गणेश अग्रवाल बेबी अग्रवाल ज्योति अग्रवाल, अनुराधा अग्रवाल, सुगंधा अग्रवाल, शांति अग्रवाल, आशा अग्रवाल सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# बेरमो : वितीय जागरूकता को लेकर ग्रामीण बैंक ने नुक्कड़ नाटक का किया आयोजन






खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बोकारो जिला के बेरमो अनुमंडल अंतर्गत बेरमो के जारंगडीह बाजारटांड़ मे झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के बैनर तले नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर आम जनों को जागरूक करने का अभियान चलाया गया।

नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति का खास उद्देश्य, वितीय जागरूकता एवं बैंक के विभिन्न योजनाओं की जानकारी का उपयोग कर ग्राहक उसका भरपूर लाभ उठा सके।बताते चले की नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम के मुख्य किरदार मुंबई यानी मायानगरी निवासी हीरो राजन कुमार और उनके सहयोगी पिप्पल वर्मा, कुणाल कुमार, कलप सोनी, रामनाथ कुमार, रंजन कुमार, जीतेन्दर सिंह के आलावे मुख्य रूप से बैंक द्वारा उपस्थित ब्रांच मैनेजर विवेक कुमार सिन्हा, एफ एल सी निखिल कुमार, वितिया साक्षरता सलाहकार, क्लर्क तुलसी केसरी के अलावा, नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम को देखने व बैंक के बारे में समझने के लिए, जारंगडीह के अलावे असनापानी, खेतको, बरवाबेडा, जरिडीह बाजार, कुरपनिया, बोकारो थर्मल, कथारा के विभिन्न गांव से लोग आए हुए थे। इसीलिए कहते हैं न जाने कब किसके कहने पर किसके प्रति कौन सा ऐसे कामों पर विश्वास हो जाए, यह कहना बड़ा मुश्किल है।

नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम हीरो राजन कुमार के द्वारा दिखाने के बाद उपस्थित लोगों ने कहा जल्द से जल्द हमलोग झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक मे खाता खुलवाएगे और सभी योजनाओं का लाभ उठाएंगे। उपस्थित लोगों ने यह भी कहा आपको गूगल के माध्यम से ही हमलोग देखे थे। आज सौभाग्य प्राप्त हुआ मेरे घर के आंगन में आपके कार्यक्रम हुई और आपको लाइव देखकर बातचीत करने का मौका मिला।

# दुमका : एसकेएमयू के पीजी प्रवेश के लिए चांसलर पोर्टल फिर हुआ ओपन

**ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि है 19 मार्च**

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ बिमल प्रसाद सिंह के निदेर्शानुसार छात्रहित को ध्यान में रखते हुए 11 मार्च से पीजी नामांकन के लिए चांसलर पोर्टल को फिर से खोलने का निर्णय लिया गया है।

इस बावत कुलपति प्रो. बिमल प्रसाद सिंह ने बताया कि छात्रहित में पीजी नामांकन के लिए चांसलर पोर्टल एक बार फिर खोल दिया गया है। जो छात्र किसी कारणवश पहले चांसलर पोर्टल पर ऑनलाइन फॉर्म नहीं भर पाए थे, वे अब ऑनलाइन आवेदन कर नामांकन ले सकते हैं। इस संबंध में डीएसडब्ल्यू डॉ जयेंद्र यादव ने सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार छात्र पीजी नामांकन के लिए 11 से 16 मार्च तक चांसलर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आगामी 20 मार्च को दूसरी मेधा सूची प्रकाशित होगी। 21 से 29 मार्च तक कागजात सत्यापन होगा। वहीं 31 मार्च तक छात्र नामांकन ले सकेंगे। गौरतलब हो कि विश्वविद्यालय ने केवल उन्हीं विषयों के लिए पोर्टल खोला है। जिनमें प्राप्त आवेदन सीटों की संख्या से कम हैं।

**इन चार कॉलेजों कई विषयों की सीटे हैं रिक्त**

1. यूनिवर्सिटी डिपार्टमेंट, दुमका- वनस्पति विज्ञान, रसायनशास्त्र, भौतिक, उर्दू, बंगाली, संस्कृत, दर्शनशास्त्र, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, संथाली संस्कृति अध्ययन, एमबीए, एमसीए और कॉमर्स
2. साहेबगंज कॉलेज, साहेबगंज- वनस्पति विज्ञान, रसायनशास्त्र, भौतिक विज्ञान, भूविज्ञान, संथाली, उर्दू, दर्शनशास्त्र, मनोविज्ञान
3. गोड्डा कॉलेज, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, गणित, जंतु विज्ञान, हिंदी, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र,
4. देवघर कॉलेज, देवघर- वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक, गणित, जंतु विज्ञान, संस्कृत, दर्शनशास्त्र

महत्वपूर्ण तिथि:

- चांसलर पोर्टल से ऑनलाइन आवेदन का अंतिम तिथि -11 से 16 मार्च तक
- कॉलेज स्तर कागजात सत्यापन - 21 से 29 मार्च तक
- नामांकन के लिए शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि- 31 मार्च तक

# बोकारो : काव्य लेखन प्रतियोगिता में सुमन को मिला प्रथम स्थान



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड +2 शिक्षक संघ जिला इकाई बोकारो जिला कार्यकारिणी समिति की बैठक जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मौके पर पीजीटी शिक्षिकाओं हेतु आयोजित जिला स्तरीय काव्य लेखन प्रतियोगिता में पी एम श्री एस एस +2 उच्च विद्यालय कसमार की पीजीटी शिक्षिका सुमन कुमारी ने प्रथम स्थान राजकीय +2 उच्च विद्यालय लकड़ाखंदा की पीजीटी शिक्षिका प्रियंका कुमारी ने द्वितीय स्थान राजकीय +2 उच्च विद्यालय दुग्दा की पीजीटी शिक्षिका श्वेता कुमारी उपाध्याय ने तीसरा स्थान एवं श्रमिक +2 उच्च विद्यालय तुपकाडीह की पीजीटी शिक्षिका डॉ राखी बरनवाल ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को संघ के सचिव डॉ अवनीश कुमार झा कोषाध्यक्ष राजदेव साहू संयुक्त सचिव डॉ शक्ति पद महतो एवं राजेश कुमार विश्वकर्मा संगठन मंत्री ब्रजेश कुमार एवं उप संगठन मंत्री मुकेश कुमार यादव ने बधाई दी है। कार्यकारिणी समिति ने इस अवसर पर श्रुति ताह का उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा मंजूर कर लिया। सर्वसम्मति से लालचंद रजक को उपाध्यक्ष पद हेतु चयनित किया गया।

## पेज 1 का शेष

### पटाखा दुकान में...

**कैसे हुआ हादसा :** जानकारी के अनुसार गोदरमाना बाजार स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के सामने कुश गुप्ता नामक एक दुकानदार दुकान से बाहर चौकी पर रखकर पटाखा बेच रहा था। पटाखा खरीद रहे कुछ बच्चे पटाखे की असली और नकली चेक करने के लिए दुकान के बाहर पटाखा फोड़ने लगे। इसी दौरान अचानक चिंगारी से दुकान में रखी पटाखे में आग लग गयी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। दुकान में भारी मात्रा में पटाखा होने के कारण आग तेजी से फैल गई। वहां मौजूद सभी लोग शटर वाले दुकान के अंदर घुस गये और बाहर नहीं निकल पाये। पटाखे की गैस से दम घुटने से सभी की मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही रंका पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। सूचना मिलते ही एसपी दीपक कुमार पांडेय एवं सदर एसडीओ संजय कुमार पांडेय घटनास्थल पर पहुंच कर जांच में जुट गये। एसपी ने कहा कि हादसा दिन के करीब 1:45 बजे हुआ। जिसके कारण उपस्थित सभी लोग दुकान के अंदर चले गये। उनके नहीं निकलने पर दीवार तोड़कर लोगों आसपास के लोगों ने सभी को बेहोशी की हालात में बाहर निकाला। निकटवर्ती छत्तीसगढ़ के रामानुजगंज अस्पताल में ले गये जहां पर चिकित्सकों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आग लगने की असली कारणों का पता लगाया जा रहा है।

स्पीड न्यूज

### अजित पवार ने महाराष्ट्र का बजट पेश किया

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्रालय का दायित्व संभाल रहे श्री अजित पवार ने सोमवार को देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली महायुति सरकार का 2025-26 वित्त वर्ष का बजट पेश किया। यह राज्य विधानसभा में श्री पवार की ओर से पेश किया गया यह राज्य का 11वां बजट है। वित्त राज्य मंत्री आशीष जायसवाल ने परिषद में 2025-26 वित्त वर्ष का बजट पेश किया।

### एयर इंडिया के विमान को मिली बम की धमकी

**मुंबई।** मुंबई से न्यूयॉर्क जाने वाले एयर इंडिया के विमान (एआई119) को सोमवार को बम की धमकी के बाद बीच उड़ान से ही वापस लौटना पड़ा। एयर इंडिया के बयान के अनुसार, उड़ान भरने के आठ घंटे बाद विमान के शौचालय में विस्फोट की धमकी भरा नोट मिला। बोइंग 777 विमान, जिसमें 303 यात्री और 19 चालक दल के सदस्य सवार थे, अजरबैजान के ऊपर से उड़ रहा था। उसी दौरान, विमान ने अपना रास्ता बदला और मुंबई लौट आया। लैंडिंग के बाद, विमान की जांच की गई लेकिन बाद में, पता चला कि धमकी भरा अलर्ट झूठ था। मुंबई पुलिस के जोन-8 के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने घटना की पुष्टि की और कहा कि यह शौचालय में पाया गया एक सामान्य धमकी भरा नोट है।

### वानुआतु के प्रधानमंत्री ने ललित मोदी का पासपोर्ट रद्द करने का निर्देश दिया: रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** वानुआतु के प्रधानमंत्री जोथम नापत ने नागरिकता आयोग को पूर्व आईपीएल प्रमुख और भगोड़े ललित मोदी को जारी वानुआतु पासपोर्ट रद्द करने का निर्देश दिया है। रिपोर्टों और प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक कथित प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार प्रधानमंत्री नापत ने कहा कि हालांकि जांच में कोई आपराधिक दोष सिद्ध नहीं हुआ है, लेकिन हाल ही में उन्हें बताया गया कि इंटरपोल ने अपर्याप्त साक्ष्य के कारण ललित मोदी पर अलर्ट जारी करने के भारतीय अनुरोधों को अस्वीकार कर दिया है। प्रेस विज्ञप्ति में प्रधानमंत्री के हवाले से कहा गया है, मैंने नागरिकता आयोग को श्री मोदी के वानुआतु पासपोर्ट को रद्द करने की कार्यवाही तुरंत शुरू करने का निर्देश दिया है।

### काजोल की नई फिल्म 'मां' का ऐलान, सोशल मीडिया पर शेयर किया पोस्टर

बॉलीवुड की प्रसिद्ध अभिनेत्री काजोल ने 1992 में फिल्म 'बेखुदी' से अपने करियर की शुरूआत की। काजोल ने फिल्म जगत में अपने लिए एक अलग स्थान बना लिया है। उन्होंने अपने फिल्मी करियर में एक से बढ़कर एक सुपरहिट फिल्में दी हैं। फिल्म 'दो पत्ती' बाद काजोल जल्द ही एक नए किरदार में नजर आएंगी। इस फिल्म का नाम 'मां' है। इस फिल्म को लेकर पिछले कुछ दिनों से चर्चा चल रही है। हाल ही में फिल्म 'मां' का पहला पोस्टर सोशल मीडिया पर शेयर किया गया।

### कनाडा ने अमेरिका को दी चेतावनी कहा- जैसे हॉकी में जीतते हैं वैसे ही व्यापार युद्ध भी जीतेंगे

**ओटावा।** कनाडा के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि अमेरिका के अनुचित टैरिफ कनाडा की अर्थव्यवस्था को कमजोर करने की कोशिश है, लेकिन कनाडा इस व्यापार युद्ध को उसी तरह जीतेगा जैसे वह हॉकी में जीतता है।

नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री ने यह बातें अपनी जीत के बाद दिए भाषण में कही। 59 वर्षीय कार्नी ने अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप की उस टिप्पणी की भी निंदा की, जिसमें उन्होंने कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की बात कही थी।

उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, अमेरिका, कनाडा नहीं है, और कनाडा कभी भी अमेरिका का हिस्सा नहीं बनेगा। हमने इस लड़ाई की शुरूआत नहीं की, लेकिन जब कोई हमें चुनौती देता है, तो हम हमेशा तैयार रहते हैं।

## रेलवे संशोधन विधेयक को संसद की मंजूरी

# पांच वर्ष में सभी ट्रेनों में कवच लगाने का संकल्प

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे में यात्री सुरक्षा के बारे में सरकार की पूर्ण प्रतिबद्धता को दोहराते हुए सोमवार को राज्यसभा में कहा कि नयी विकसित टक्कर रोधी प्रणाली कवच अगले पांच वर्षों में पूरे नेटवर्क पर लगा दी जायेगी। श्री वैष्णव ने सदन में रेल संशोधन (विधेयक) 2024 पर करीब तीन घंटे से अधिक चली चर्चा का जवाब देते हुए महाकुंभ के दौरान नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ के दौरान सीसी टीवी कैमरे बंद किये जाने के विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि कोई कैमरा बंद नहीं किया गया था। रेल मंत्री के जवाब के बाद सदन ने विपक्ष के संशोधन प्रस्तावों को खारिज करते हुए विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया जिससे इस पर संसद की मुहर लग गयी। लोकसभा इस विधेयक को पहले ही पारित कर चुकी है। श्री वैष्णव ने कहा कि नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन की घटना दुखद थी और इससे हमने सबक लेकर प्लेटफार्मों पर भीड़ नियंत्रण की एक नयी व्यवस्था का परीक्षण शुरू किया है। भीड से निपटने के लिए प्लेटफार्मों पर विशेष होल्डिंग एरिया बनाये जायेंगे। दिल्ली के आनंद विहार सहित चार स्टेशनों पर इसका परीक्षण चल रहा है। बडे स्टेशनों पर वार रूम बनाने के साथ संचार



व्यवस्था को मजबूत बनाया जायेगा। भीड़ भाड़ वाले स्टेशनों पर उपलब्ध सीटों के बराबर ही टिकट दिये जायेंगे। उन्होंने कहा कि महाकुंभ के दौरान 13 हजार के बजाय 17 हजार अतिरिक्त ट्रेनें चलायी गयी। रेल मंत्री ने कहा कि रेलवे में सुरक्षा पर प्रतिवर्ष एक लाख 14 हजार करोड़ रुपए का निवेश किया जा रहा है और इसका असर भी दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि प्रति वर्ष दुर्घटना की औसत 71 से कम होकर 31 पर आ गयी है। उन्होंने कहा कि सरकार दुर्घटना की जड़ का पता लगाकर समस्या का समाधान कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व रेल मंत्री ममता बनर्जी के समय में लगाये गये टक्कर रोधी डिवाइस की तकनीकी जांच नहीं की गयी थी और इसलिए वे 2012 में विफल होने पर वापस ले लिये गये। मोदी सरकार ने इस तरह के उपकरणों के प्रमाणीकरण के प्रमाण पत्र लेकर उन्हें लगाया है। उन्होंने कहा कि 16 जुलाई 2024 को कवच के चौथे संस्करण का प्रमाणीकरण किया गया है और इसके बाद से ये उपकरण लगाये जा रहे हैं। दस हजार उपकरणों का टेंडर जारी किया गया है और अगले पांच वर्षों में यह प्रणाली लगाये जाने का संकल्प है। रेल मंत्री ने कहा कि यह विधेयक सरलीकरण का विधेयक है और इसमें जोन तथा मंडल स्तर के रेलवे प्रबंधकों की वित्तीय शक्ति बढायी गयी है और इसीलिए रेलवे में आज तेजी से काम हो रहा है। विपक्ष के राज्यों के साथ भेदभाव के आरोपों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि विभिन्न रेल परियोजनाओं में राज्य सरकारों का सहयोग लेकर सहकारी संघवाद की भावना से काम किया जा रहा है। गैर भाजपा शासित राज्यों में भी बजट का पर्याप्त आवंटन किया गया है। इस संदर्भ में उन्होंने पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि राज्यों के साथ भेदभाव की बात निराधार है। रेलवे बोर्डों में सदस्यों की नियुक्ति को लेकर उठाये गये सवालों पर उन्होंने कहा कि यह सही बात है कि रेलवे में तकनीकी लोगों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए और इसे ध्यान में रखते हुए गतिशक्ति विश्वविद्यालय का गठन किया गया है। वहां से प्रशिक्षित लोगों के कारण रेलवे में नया विश्वास पैदा हुआ है। श्री वैष्णव ने कहा कि सरकार पिछले दस वर्षों से रेलवे में लगातार सुधार कर रही है। इस दौरान 34 हजार किलोमीटर लाइनें बनायी गयी हैं। उन्होंने कहा कि डीजल और विद्युत ट्रेनों पर ट्रेन संचालन की लागत में बहुत अंतर होता है और विद्युत ट्रेनें ज्यादा किफायती होती हैं। ट्रेनों में शौचालयों को लेकर उठाये गये सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि ट्रेनों में तीन लाख से अधिक शौचालय बनाये गये हैं और इनमें निरंतर सुधार किया जा रहा है। रेलवे में भर्ती के सवाल पर उन्होंने कहा कि अब तक पांच लाख से अधिक लोगों की रेलवे में भर्ती की गयी है।

### वहन पत्र विधेयक 2024 लोकसभा में ध्वनिमत से पारित

**नयी दिल्ली।** लोकसभा ने औपनिवेश काल के विधेयक में संशोधन करने वाले वहन पत्र विधेयक 2024 को यथा संशोधित रूप में आज ध्वनिमत से पारित कर दिया। पत्तन पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने ह्यवहन पत्र विधेयक 2024 पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि विधेयक में सभी पक्षों से विचार विमर्श किया गया है और इसे बनाते समय इसके प्रावधानों को वर्तमान स्थितियों के अनुसार सरलीकृत किया गया है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार लगातार लोगों की जरूरत के अनुकूल काम कर रही है और इसी का परिणाम है कि साल 2014 के बाद सागरमाला योजना जैसी कई अनुकरणीय पहल हुई है। राष्ट्रीय स्तर पर जलमार्ग क्षेत्र में महज तीन ही आपरेशनल जलमार्ग थे। देश में सिर्फ तीन जल मार्ग ही चालू किए जा सके और इस पर सिर्फ पांच हजार करोड रुपए खर्च हुए हैं। आज पोत परिवहन का आधुनिकीकरण हो रहा है और बंदरगाहरों की क्षमता में विकास किया जा रहा है और यह काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदृष्टि के कारण ही संभव हो सका है। सरकार जो काम कर रही है उससे लोगों को विश्वास हो रहा है कि देश आत्मनिर्भर हो रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विधेयक में बदली परिस्थितियों में सामने आने वाली सभी चुनौतियों के निराकरण का काम किया गया है और चुनौतियां इससे जुड़ी हैं उनके निपटान के प्रावधानों को सरल बनाते हुए विधेयक में जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक बनाने में प्रतिष्ठित संस्थानों की सलाह ली गई है। इसमें औपनिवेश काल के प्रावधानों को आधुनिक समय के अनुरूप बनाने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि इस कानून में बदलाव कर ऐसा सिस्टम बनाया गया है।

### मतदाता सूची पर उठाये जा रहे सवालों को लेकर सदन में चर्चा करायी जानी चाहिए: राहुल



**नयी दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मतदाता सूची को लेकर विपक्ष के उठाये जा रहे सवालों को लेकर सोमवार को कहा कि सदन में इस पर चर्चा करायी जानी चाहिये। श्री गांधी ने शून्य काल के दौरान मतदाता सूची में गड़बड़ियों को लेकर विपक्षी सदस्यों की ओर से उठायी गयी आपत्तियों के बीच कहा कि पूरे देश में मतदाता सूची को लेकर सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूरा विपक्ष मतदाता सूचियों को लेकर सवाल उठा रहा है और आपत्तियां दर्ज करा रहा है। इस मुद्दे पर सदन में चर्चा करायी जानी चाहिये। इससे पहले तृणमूल कांग्रेस के सौगत राय ने कहा कि मतदाता सूची को लेकर जैसा हरियाणा और असम में किया गया, वैसा ही अन्य राज्यों में करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि व्यापक छानबीन के बाद मतदाता सूचियों को संशोधित किया जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ठीक ढंग से काम करेंगे, तो सब ठीक रहेगा। तृणमूल कांग्रेस के ही कल्याण बनर्जी ने कहा कि जो खामी वाली मतदाता सूचियां हैं, वे गैरकानूनी हैं और हमारे लिये चिंता का विषय हैं।

# महाराष्ट्र में गन्ना लदा ट्रक पलटा, छह मजदूरों की दबकर मौत, आठ जख्मी

**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र में एक भीषण सड़क दुर्घटना में छह मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 11 अन्य घायल हो गए। बताया जाता है कि गन्ना ले जा रहा एक ट्रक पलट गया। ये सभी मजदूर उसी ट्रक पर बैठे थे। हादसे में मौके पर ही चार मजदूरों की मौत हो गयी थी। दो ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस इंस्पेक्टर सानप ने बताया कि अन्य 8 मजदूरों का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है।



घटना सोमवार अल सुबह की है। रविवार आधी रात के बाद हादसा हुआ। पिशोर में खेतों से गन्ना काटने के बाद मजदूरों ने ट्रक में लोड किया। ट्रक में गन्ना लोड करने के बाद उस पर 14 मजदूर सवार हो गये। रात करीब ढाई बजे जब ट्रक कन्नड़ की ओर जा रहा था, तभी ट्रक चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। तेज रफ्तार ट्रक पलटने से गन्ने पर बैठे 14 मजदूर गन्ना के नीचे दब गये। घटना की जानकारी होने पर आसपास के लोग मदद के लिए पहुंचे। उन्होंने गन्ने के ढेर में दबे मजदूरों को बाहर निकालना शुरू किया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। इसके बाद बचाव कार्य तेजी से शुरू हुआ। करीब डेढ़ से दो घंटे तक बचाव कार्य चलता रहा।

इस दौरान चार लोगों की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। पुलिस इंस्पेक्टर सनप ने बताया अन्य मजदूरों को इलाज के लिए भर्ती कराया गया, जहां दो अन्य मजदूरों की मौत हो गयी।

हादसे में मौके पर मरने वालों के नाम मिथुन महारू चव्हाण (उम्र 26), किसन धर्मा राठौड़ (उम्र 30), मनोज नामदेव चव्हाण (उम्र 23) और कृष्णा मूलचंद राठौड़ (उम्र 30 वर्ष) हैं. इलाज के दौरान अस्पताल में विनोद नामदेव चव्हाण और ज्ञानेश्वर देवीदास चव्हाण की मौत हो गई. घायलों के नाम इंदलचंद प्रेमचंद चव्हाण, लाखन छगन राठौड़, सचिन भागीनाथ राठौड़, राहुल नामदेव चव्हाण, रविंद नामदेव राठौड़, सागर भागीनाथ राठौड़, इस्माइल अब्दुल और उमर मूसा भेड़ा बताये गये हैं।

### रंगभरी एकादशी पर काशी विश्वनाथ धाम में उत्सव का नजारा, 'हर-हर महादेव' की गूंज



**रंगभरी एकादशी पर्व पर सोमवार को श्री काशी विश्वनाथ धाम में उत्सव सरीखा नजारा है। काशीवासियों सहित दरबार में आए देश विदेश के श्रद्धालु बाबा विश्वनाथ का गौना उत्सव पूरी श्रद्धा, उमंग और उल्लास के साथ मना रहे हैं। शिवभक्त परंपराओं का पालन करते हुए श्री काशी विश्वनाथ और माता गौरा के रजत विग्रह पर हल्दी, अबीर-गुलाल और पुष्प अर्पित कर रहे हैं। इस पर्व की अद्भुत ऊर्जा और महिमा महादेव के भक्तों को न केवल उत्साहित कर रही है, बल्कि समस्त धाम में आध्यात्मिक छटा भी बिखेर रही है। धाम परिसर में जब फूलों से सुसज्जित पालकी पर विराजमान श्री काशी विश्वनाथ महादेव और माता गौरा की रजत प्रतिमा ने भ्रमण आरंभ किया, तो हर कोने से ₹हर हर महादेव₹ का उद्घोष गूंजने लगा।**

### डोनाल्ड ट्रम्प ने मंदी की संभावना से नहीं किया इनकार, आर्थिक बदलाव को 'संक्रमण' बताया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संभावित मंदी की संभावना से इनकार करते हुए वैश्विक बाजारों में बढ़ती अस्थिरता के बावजूद देश की वित्तीय स्थिति को संक्रमण का दौर बताया है। रिपब्लिकन राष्ट्रपति की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब अमेरिका चीन, मैक्सिको और कनाडा सहित प्रमुख भागीदारों के साथ एक गंभीर वाणिज्यिक मुकदमों में हिस्सा ले रहा है।


श्री ट्रम्प से फॉक्स न्यूज के साथ पहले से रिकॉर्ड किए गए साक्षात्कार के दौरान अर्थव्यवस्था में मंदी के जोखिम के बारे में पूछा गया, जिस पर उन्होंने जवाब दिया, मुझे ऐसी चीजों की भविष्यवाणी करना पसंद नहीं है। संक्रमण का दौर है क्योंकि हम जो कर रहे हैं वह बहुत बड़ा है। हम अमेरिका में धन वापस ला रहे हैं। यह एक बड़ी बात है। चीन के चिकन, बीफ, पोर्क, गेहूं और सोयाबीन सहित अमेरिकी कृषि उत्पादों पर 10 से 15 प्रतिशत के बीच जवाबी टैरिफ लगाये जाने के बाद अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध तेज हो गया है। बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले सप्ताह अमेरिका ने मैक्सिको और कनाडा से आयात पर 25 प्रतिशत का नया टैरिफ लगाया, लेकिन दो दिन बाद ही इनमें से कई वस्तुओं को छूट दे दी। श्री ट्रम्प ने चीन से आने वाले सामानों पर लगने वाले टैरिफ को दोगुना करके 20 प्रतिशत कर दिया। जवाब में बीजिंग ने अमेरिका से आयातित कृषि उत्पादों पर जवाबी कर लगाने की घोषणा की।

### आकर्षक पलाश के फूलों से बढ़ी जंगल की शोभा



### न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश नियुक्त

**नयी दिल्ली।** न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची को उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय के न्याय विभाग की ओर से सोमवार को अधिसूचना जारी कर कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति बागची की पदोन्नति संबंधी घोषणा की। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने भी सोशल मीडिया 'एक्स' उनकी इस पदोन्नति की घोषणा से संबंधित जानकारी साझा की है। न्यायमूर्ति बागची के शपथ ग्रहण के साथ ही शीर्ष अदालत के लिए स्वीकृत 34 न्यायाधीशों की संख्या के मुकाबले न्यायाधीशों की संख्या 33 हो जाएगी। न्यायमूर्ति बागची दो अक्टूबर 2031 को सेवानिवृत्त होंगे, उससे पहले वह मई (2031) में भारत के मुख्य न्यायाधीश बन सकते हैं। शीर्ष अदालत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना के नेतृत्व वाले न्यायमूर्ति भूषण आर गवई, न्यायमूर्ति, न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ के कॉलेजियम ने छह मार्च को न्यायमूर्ति बागची को पदोन्नति कर उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशपद पर नियुक्ति की सिफारिश की थी।




# एयर इंडिया एक्सप्रेस के बेड़े में 100वां विमान शामिल

एजेंसी

**बेंगलुरु।** विमानन क्षेत्र की कपनी एयर इंडिया की पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई एयर इंडिया एक्सप्रेस ने महत्वाकांक्षी विस्तार के तहत एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल करते हुए अपने बेड़े में 100वां विमान बोइंग 737-8, शामिल किया है, जिसमें कर्नाटक की पारंपरिक भित्ति चित्रकला से प्रेरित 'चित्तारा' टेल आर्ट है।



एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रबंध निदेशक आलोक सिंह ने केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर इस विमान को हरी झंडी दिखाई, जो एयरलाइन का सबसे बड़ा केंद्र है और जहां से यह 445 से अधिक साप्ताहिक उड़ानें संचालित करता है। इस विमान ने समारोह के बाद बेंगलुरु-हिंडन मार्ग पर परिचालन शुरू किया। इस महीने की शुरूआत में हिंडन (गाजियाबाद, दिल्ली एनसीआर) को एयरलाइन के नेटवर्क में शामिल करना इसकी तेजी से हो रही वृद्धि को दशार्ता है। इससे एयर इंडिया एक्सप्रेस राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में दो हवाईअड्डों की सेवा देने वाली पहली और एकमात्र विमानन कंपनी बन गई है। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि एयर इंडिया एक्सप्रेस का अपने बेड़े में 100वें विमान को शामिल करना इसकी वृद्धि और बदलाव यात्रा में एक निर्णायक क्षण है। उन्होंने बताया कि निजीकरण के बाद से सिर्फ तीन वर्षों में एयरलाइन ने एलसीसी एयरलाइनों को एकीकृत और विलय किया है जबकि एक आधुनिक और ईंधन-कुशल बेड़े के साथ तेजी से विस्तार भी किया है। उन्होंने कहा कि एयर इंडिया एक्सप्रेस की भारत में विशेषकर टियर दो और टियर तीन शहरों में मजबूत उपस्थिति है। श्री सिंह ने कहा कि जनवरी 2022 में टाटा समूह का हिस्सा बनने के बाद से एयर इंडिया एक्सप्रेस ने अपने बेड़े को 54 विमानों से बढ़ाकर 100 तक कर दिया है। नेटवर्क विस्तार के तहत एयरलाइन ने हाल ही में बैंकॉक, डिब्रूगढ़, दीमापुर, हिंडन, जम्मू, पटना, फुकेट और पोर्ट ब्लेयर जैसे नए गंतव्यों को भी जोड़ा है। बेड़े और नेटवर्क विस्तार के साथ एयर इंडिया एक्सप्रेस ने 'गॉरमैयर' हॉट मील, एक्सप्रेस बिज सीट्स, एक उन्नत लॉयल्टी प्रोग्राम और एक्सप्रेसहॉलिडेज जैसी सेवाओं को भी बढ़ाया है, जो यात्रियों को फ्लाइट, आवास और अनुभवों का संयोजन करके सहज यात्रा पैकेज प्रदान करता है। एयरलाइन के 'फ्लाई ऐज यू आर' ब्रांड प्रस्ताव के तहत यात्री चार अलग-अलग किराया विकल्पों के साथ अपनी यात्रा को अनुकूलित कर सकते हैं, जिसमें एक्सप्रेसलाइट शामिल है, जो केवल केबिन बैगेज ले जाने वाले यात्रियों के लिए भारत का एकमात्र विशेष किराया है।